Shakespeare's

Tempest

तूफान

आलोक श्रीवास्तव

आदित्य श्रीवास्तव

आशा श्रीवास्तव

Shakespeare's

The Tempest

तूफान

हिंदी लेखन एवं संपादन

आलोक श्रीवास्तव

हिंदी लेखन एवं आर्ट

आदित्य श्रीवास्तव

हिंदी टिप्पणी लेखन

आशा श्रीवास्तव

Dramatis Personae

नाटक के व्यक्तित्व

ALONSO, King of Naples

एलॉन्ज़ो, नेपल्स का राजा

SEBASTIAN, his Brother

सेबैस्टियन, उसका भाई

PROSPERO, the right Duke of Milan

प्रौस्पेरो, मिलान का वास्तविक ड्यूक

ANTONIO, his Brother, the usurping Duke of Milan

एंटोनियो, उसका भाई, मिलान की सत्ता छीनकर बनने वाला ड्यूक

FERDINAND, Son to the King of Naples

फर्डीनैंड, नेपल्स के राजा का पुत्र

GONZALO, an honest old counselor

गौन्ज़ालो, एक ईमानदार बूढ़ा सलाहकार

ADRIAN, Lord

एड्रियन, सामंत

FRANCISCO, Lord

फ्रैंसिस्को, सामंत

CALIBAN, a savage and deformed Slave

कैलिबैन, एक असभ्य और विकृत गुलाम

TRINCULO, a Jester

ट्रिन्क्युलो, एक मसखरा

STEPHANO, a drunken Butler

स्टेफेनो, एक पियक्कड़ खानसामा

MASTER, of a ship

मास्टर, जहाज का

BOATSWAIN

बोसन[1]

MARINERS

नाविक

MIRANDA, Daughter to Prospero

---

[1] जहाज के पाल, मस्तूल और लंगर आदि की देखभाल करने वाला अधिकारी।

मिरैंडा, प्रोस्पेरो की बेटी

ARIEL, an airy Spirit

एरिअल, एक हवा-जैसी आत्मा

IRIS, presented by Spirits

आईरिस, आत्माओं द्वारा अभिनीत

CERES, presented by Spirits

सीरीस, आत्माओं द्वारा अभिनीत

JUNO, presented by Spirits

जूनो, आत्माओं द्वारा अभिनीत

NYMPHS, presented by Spirits

अप्सराएं, आत्माओं द्वारा अभिनीत

REAPERS, presented by Spirits

लावक, आत्माओं द्वारा अभिनीत

Other Spirits attending on Prospero

प्रोस्पेरो की परिचर्या करने वाली अन्य आत्माएं

SCENE: A ship at sea; afterwards an uninhabited island

दृश्य : समुद्र में एक जहाज; बाद में एक निर्जन द्वीप

ACT I

नाटकांक १

SCENE I : On a ship at sea

दृश्य १ : समुद्र में एक जहाज पर

[A tempestuous noise of thunder and lightning heard.]

[बिजली और गड़गड़ाहट का तूफानी शोर सुनाई देता है।]

[Enter a Master and a Boatswain]

[एक मास्टर और एक बोसन का प्रवेश]

Master

Boatswain!

मास्टर

बोसन!

Boatswain

Here, master: what cheer?

बोसन

यहाँ हूँ, मालिक। आप कैसा महसूस कर रहे हैं?

Master

Good, speak to the mariners: fall to't, yarely,
or we run ourselves aground: bestir, bestir.

[Exit]

मास्टर

अच्छा, नाविकों से बात करो। इसपर जल्दी से लग जाओ, वर्ना हम तट से टकरा जाएंगे: फुर्ती करो, फुर्ती करो।

[निकास]

[Enter Mariners]

[नाविकों का प्रवेश]

Boatswain

Heigh, my hearts! cheerly, cheerly, my hearts!
yare, yare! Take in the topsail. Tend to the
master's whistle. Blow, till thou burst thy wind,
if room enough!

बोसन

लगे रखो, मेरे साथियों! जोश से, जोश से, मेरे साथियों! तुरंत, तुरंत! ऊंचे वाले पाल को खींचो। मास्टर की सीटी को सुनो।[2] यदि

---

[2] जहाज के मास्टर अपने नाविकों को सीटी बजाकर निर्देश देते थे।

पर्याप्त जगह रहे, तो फूंकते रहो, जब तक कि तुम्हारी हवा ख़त्म नहीं हो जाती![3]

[Enter ALONSO, SEBASTIAN, ANTONIO, FERDINAND, GONZALO, and others]

[एलॉन्ज़ो, सेबैस्टियन, एंटोनियो, फर्डीनैंड, गौन्ज़ालो एवं अन्य लोगों का प्रवेश]

ALONSO

Good boatswain, have care. Where's the master? Play the men.

एलॉन्ज़ो

भले बोसन, सावधान रहो। मास्टर कहाँ हैं? मर्दों की तरह जोर लगाकर काम करो।

Boatswain

I pray now, keep below.

बोसन

अभी मैं प्रार्थना करता हूँ, नीचे रहिये।

ANTONIO

---

[3] बोसन अब तूफ़ान को ललकार रहा है और कह रहा है कि यदि केवल जहाज और तट के बीच में दूरी बरकरार रहे, तो तूफ़ान जितना चाहे झोंके मारता रहे।

Where is the master, boatswain?

एंटोनियो

मास्टर कहाँ हैं, बोसन?

Boatswain

Do you not hear him? You mar our labour: keep your cabins: you do assist the storm.

बोसन

क्या आप उनको सुन नहीं रहे हैं? आप हमारी मेहनत व्यर्थ कर रहे हैं। अपने केबिन में रहिये। आप तूफ़ान की मदद कर रहे हैं।

GONZALO

Nay, good, be patient.

गौन्ज़ालो

नहीं, भलेमानुस, शांति रखो।

Boatswain

When the sea is. Hence! What cares these roarers
for the name of king? To cabin: silence! trouble us not.

बोसन

मैं शांति तब रखूँगा, जब समुद्र शांत हो जाएगा। चले जाइए! इन दहाड़ती लहरों को राजा के नाम की क्या परवाह है[4]? केबिन में जाइए। चुप रहिये! हमें परेशान मत करिए।

GONZALO

Good, yet remember whom thou hast aboard.

गौन्ज़ालो

भलेमानुस, फिर भी याद रखो कि जहाज पर तुमने किनको सवार किया है।

Boatswain

None that I more love than myself. You are a counsellor; if you can command these elements to silence, and work the peace of the present, we will not hand a rope more; use your authority: if you cannot, give thanks you have lived so long, and make yourself ready in your cabin for the mischance of the hour, if it so hap.

[to Mariners] Cheerly, good hearts!

[to Gonzalo] Out of our way, I say.

[Exit]

---

[4] अर्थात समुद्र की लहरें किसी को डुबाते समय यह परवाह नहीं करती हैं कि डूबनेवाला व्यक्ति राजा है या फिर कोई और।

बोसन

कोई भी ऐसा नहीं है, जिसे मैं खुद से ज्यादा प्यार करता हूँ। आप एक सलाहकार हैं। अगर आप इन तत्वों[5] को शांत होने का आदेश दे सकते हैं और इस वक्त शान्ति कायम कर सकते हैं, तो हम एक भी और रस्सी को नहीं उठाएंगे। अपनी शक्ति का प्रयोग करिए। अगर आप ऐसा नहीं कर सकते हैं, तो शुक्रगुजार रहिये कि आप इतने समय तक जीवित रह गए, और किसी संभावित अप्रिय घटना, यदि वह होती है, के लिए अपने केबिन में खुद को तैयार कीजिये।

[नाविकों से] जोश से, नेकदिल साथियों!

[गौन्ज़ालो से] मैं कहता हूँ, हमारे रास्ते से हट जाइए।

[निकास]

GONZALO

I have great comfort from this fellow: methinks he
hath no drowning mark upon him; his complexion is
perfect gallows. Stand fast, good Fate, to his
hanging: make the rope of his destiny our cable,
for our own doth little advantage. If he be not
born to be hanged, our case is miserable.

[Exeunt]

गौन्ज़ालो

---

[5] तेज हवा और सैलाब

मुझे इस आदमी से बड़ा सुकून मिलता है। मुझे लगता है कि इसपर कभी डूबने का दाग नहीं लगेगा। इसकी रंगत, बिलकुल फांसी पाए आदमी जैसी है। ऐ अच्छी किस्मत, इसकी फांसी के लिए टिकी रहना: हमारे खुद के छोटे से फायदे के लिए इसकी तकदीर की रस्सी को हमारा रस्सा[6] बना दो। अगर इसका जन्म फांसी पर चढ़ने के लिए नहीं हुआ है, तो हमारी स्थिति दयनीय है।

[निकास]

[Re-enter Boatswain]

[बोसन का पुनः प्रवेश]

Boatswain

Down with the topmast! yare! lower, lower! Bring her to try with main-course.

[A cry within]

A plague upon this howling! they are louder than the weather or our office.

[Re-enter SEBASTIAN, ANTONIO, and GONZALO]

Yet again! what do you here? Shall we give o'er and drown? Have you a mind to sink?

बोसन

---

[6] मजबूत रस्सा जिसका इस्तेमाल लंगर के लिए होता है।

ऊंचे वाले पाल को नीचे लाओ! अभी! नीचे, नीचे! उसे मुख्य पाल से अलग करो।

[भीतर से एक चीख आती है]

कीड़े पड़े, इस शोर-शराबे को! ये लोग, इस खराब मौसम या हमारे काम से भी ज्यादा शोर कर रहे हैं।

[सेबैस्टियन, एंटोनियो और गौन्ज़ालो का पुनः प्रवेश]

एक बार फिर! आप यहाँ क्या कर रहे हैं? क्या हमें हार मान लेनी चाहिए और डूब जाना चाहिए? क्या आपका डूबने का मन है?

SEBASTIAN

A pox o' your throat, you bawling, blasphemous, incharitable dog!

सेबैस्टियन

तुम्हारे गले में फोड़ा हो जाए—तुम चिल्लाने वाले, अपशब्द बोलने वाले, बेरहम कुत्ते!

Boatswain

Work you then.

बोसन

तो अपना काम करिए।

ANTONIO

Hang, cur! hang, you whoreson, insolent noisemaker! We are less afraid to be drowned than thou art.

एंटोनियो

सूली पर चढ़ जाओ कुत्ते! सूली पर चढ़ जाओ, तुम तवायफ की औलाद, धृष्ट कोलाहलकारी! हम डूबने से तुमसे कम डरते हैं।

GONZALO

I'll warrant him for drowning; though the ship were no stronger than a nutshell and as leaky as an unstanched wench.

गौन्ज़ालो

इसके डूबने का मैं जिम्मा लेता हूँ[7]; भले ही यह जहाज एक अखरोट के छिलके से मजबूत न हो और एक *असंतुष्ट लड़की*[8] की तरह रिसता हो।

Boatswain

[to Mariners] Lay her a-hold, a-hold! set her two courses off to
sea again; lay her off.

बोसन

[नाविकों से] इसे संभालो, संभालो! इसे दोनों तरफ से पुनः समुद्र में ले आओ; उसे तट से दूर करो।

[Enter Mariners wet]

[भीगे नाविकों का प्रवेश]

Mariners

[7] गौन्ज़ालो कह रहा है कि वह जिम्मेदारी लेता है कि बोसन नहीं डूबेगा।
[8] प्रेम–सम्बन्ध में स्त्रियों का स्वयं पर अनियंत्रण।

All lost! to prayers, to prayers! all lost!

[Exeunt]

नाविक

सब बर्बाद गया! प्रार्थना करो, प्रार्थना करो! सब बर्बाद हो गया!

[निकास]

Boatswain

What, must our mouths be cold?

बोसन

क्या, हमारे मुख ठन्डे हो जाएंगे[9]?

GONZALO

The king and prince at prayers! let's assist them,
For our case is as theirs.

गौन्ज़ालो

राजा और राजकुमार प्रार्थना कर रहे हैं! हमें उनका साथ देना चाहिए क्योंकि हमारी हालत भी उनके जैसी ही है।

SEBASTIAN

I'm out of patience.

---

[9] क्या हमें मरना पड़ेगा?

सेबैस्टियन

मेरा धैर्य टूट चुका है।

ANTONIO

We are merely cheated of our lives by drunkards:
This wide-chapp'd rascal--*[to Boatswain]* would thou mightst lie drowning
The washing of ten tides!

एंटोनियो

शराबियों द्वारा हमारी जिंदगियों से हमें सिर्फ ठगा गया है। ये बड़े मुंह वाला कमीना– *[बोसन से]* तुम दस ज्वारभाटों में धुलकर डूब क्यों नहीं जाते!

GONZALO

He'll be hang'd yet,
Though every drop of water swear against it
And gape at widest to glut him.

गौन्ज़ालो

इसके बावजूद, उसे फांसी पर चढ़ाया जाएगा। भले ही पानी की हर एक बूँद इसके विरुद्ध सौगंध खा रही हैं[10] और उसे निगलने के लिए मुंह बिलकुल चौड़ा कर ले रही हैं।

---

[10] अर्थात समुद्र की हर एक बूंद बोसन को डुबाने के लिए कसम खा रही हैं।

[A confused noise within: 'Mercy on us!'-- 'We split, we split!'--'Farewell, my wife and children!'-- 'Farewell, brother!'--'We split, we split, we split!']

[अन्दर एक शोर आता है: 'हम पर दया करो!'—'हम विभाजित हो रहे है,[11] हम विभाजित हो रहे हैं!'—'अलविदा, मेरी पत्नी और बच्चों'—'अलविदा, भाई!'—'हम विभाजित हो रहे है, हम विभाजित हो रहे है, हम विभाजित हो रहे हैं!']

ANTONIO

Let's all sink with the king.

एंटोनियो

हम सभी को राजा के साथ डूब जाना चाहिए।

SEBASTIAN

Let's take leave of him.

सेबैस्टियन

हमें उनसे विदा लेना चाहिए।

[Exeunt ANTONIO and SEBASTIAN]

[एंटोनियो और सेबैस्टियन का निकास]

GONZALO

---

[11] जहाज के विभाजित होकर टूटने को प्रतीकात्मक तरीके से कहा गया है।

Now would I give a thousand furlongs of sea for an
acre of barren ground, long heath, brown furze, any
thing. The wills above be done! but I would fain
die a dry death.

गौन्ज़ालो

इस समय मैं एक एकड़ बंजर, लम्बी झाड़ियों वाली, भूरी कंटीली झाड़ियों वाली, किसी भी जमीन के लिए समुद्र का एक हजार फरलॉन्ग्स[12] दे देता! ऊपरवाले की मर्जी ही पूरी होगी! लेकिन मुझे सूखी मौत[13] पाकर ख़ुशी होती।

[Exeunt]

[निकास]

[12] 1 फरलॉन्ग 1/8 मील के बराबर होता है। एक हजार फरलॉन्ग्स अर्थात 125 मील।

[13] सूखी जमीन पर मौत।

SCENE II. The island. Before PROSPERO'S cell.
दृश्य २. द्वीप. प्रोस्पेरो की कोठरी के सामने।

[Enter PROSPERO and MIRANDA]

[प्रोस्पेरो और मिरैंडा का प्रवेश]

MIRANDA

If by your art, my dearest father, you have
Put the wild waters in this roar, allay them.

The sky, it seems, would pour down stinking pitch,
But that the sea, mounting to the welkin's cheek,
Dashes the fire out. O, I have suffered
With those that I saw suffer: a brave vessel,
Who had, no doubt, some noble creature in her,
Dash'd all to pieces. O, the cry did knock
Against my very heart. Poor souls, they perish'd.
Had I been any god of power, I would
Have sunk the sea within the earth or ere
It should the good ship so have swallow'd and
The fraughting souls within her.

मिरैंडा

मेरे प्रिय पिताजी, यदि आपने अपने कौशल से इस तूफ़ान में *पानी* को बेकाबू किया है, तो उसे शांत कीजिए। ऐसा लगता है, आसमान से अप्रिय *डामर*[14] नीचे बरसने लगेगा, लेकिन यह समुद्र, आसमान के गालों[15] पर चढ़कर आग[16] को बुझा देता है। ओह, जिन लोगों को मैंने तकलीफ झेलते देखा है, मैंने भी उन लोगों के साथ झेला है। एक शानदार जहाज, जिसमें बेशक कुछ कुलीन व्यक्ति थे, टकराकर चकनाचूर हो गया। ओह, उनके रुदन ने मेरे दिल की गहराइयों में एक दस्तक दे दी है। बेचारे लोग, वे मर गए। यदि मैं कोई शक्तिशाली देवता होती, तो इससे पहले कि समुद्र उस अच्छे जहाज को और उसमें सवार लोगों को निगलता, मैं समुद्र को धरती में दफना देती।

---

[14] घनघोर काले बादल के लिए अलंकार।

[15] बादलों के घुमावदार किनारे के लिए अलंकार।

[16] आसमानी बिजली के लिए अलंकार।

PROSPERO

Be collected:
No more amazement: tell your piteous heart
There's no harm done.

प्रोस्पेरो

खुद को संभालो। अब और हैरान मत हो। अपने दयालु हृदय को समझाओ कि कोई नुकसान नहीं हुआ है।

MIRANDA

O, woe the day!

मिरैंडा

आह, यह दुःखमय दिन!

PROSPERO

No harm.
I have done nothing but in care of thee,
Of thee, my dear one, thee, my daughter, who
Art ignorant of what thou art, nought knowing
Of whence I am, nor that I am more better
Than Prospero, master of a full poor cell,
And thy no greater father.

प्रोस्पेरो

कोई नुकसान नहीं हुआ है। मेरी प्यारी, मैंने सिवाय तुम्हारी परवाह करने के कुछ भी नहीं किया है। तुम नहीं जानती हो कि तुम कौन हो–नहीं जानती हो कि मैं कहाँ से आया हूँ–न ही यह कि मैं, जो एक बिलकुल तंगहाल कोठरी का स्वामी और तुम्हारा तुच्छ पिता हूँ, प्रोस्पेरो से कहीं बढ़कर हूँ।

MIRANDA

More to know
Did never meddle with my thoughts.

मिरैंडा

इससे ज्यादा जानने का विचार मुझमें कभी भी नहीं आया।

PROSPERO

'Tis time
I should inform thee farther. Lend thy hand,
And pluck my magic garment from me.

[MIRANDA helps PROSPERO remove his mantle]

So Lie there, my art. Wipe thou thine eyes; have comfort.
The direful spectacle of the wrack, which touch'd
The very virtue of compassion in thee,
I have with such provision in mine art
So safely ordered that there is no soul--
No, not so much perdition as an hair

Betid to any creature in the vessel
Which thou heard'st cry, which thou saw'st sink. Sit down;
For thou must now know farther.

प्रोस्पेरो

समय आ गया है, मुझे तुम्हें और अधिक बताना होगा। अपना हाथ दो और मेरा जादुई लिबास मुझसे अलग करो।

[मिरैंडा, प्रोस्पेरो का लबादा उतारने में उसकी मदद करती है]

तो मेरे जादू वहाँ पड़े रहो। तुम अपनी आँखें पोंछो! सांत्वना रखो! पोत–भंग के भयानक मंजर, जिसने तुम्हारे करुणामय दिल को छू लिया, को मैंने अपने जादू से पूर्वोपाय द्वारा कुशलतापूर्वक ऐसे ठीक कर दिया है कि किसी भी जीव, जिसको तुमने चीखते सुना, जिसे तुमने डूबते देखा–यही नहीं, यहाँ तक कि जहाज में किसी भी जीव के एक बाल को भी नुकसान नहीं हुआ है। नीचे बैठो, क्योंकि अब तुम्हें आगे जानना है।

MIRANDA

You have often
Begun to tell me what I am, but stopp'd
And left me to a bootless inquisition,
Concluding 'Stay: not yet.'

मिरैंडा

आप अक्सर मुझे बताना शुरू करते हैं कि मैं कौन हूँ, लेकिन रुक जाते हैं और मुझे व्यर्थ के सवालों के साथ छोड़कर, "रुको! अभी नहीं।" कहकर बात ख़त्म कर देते हैं।

PROSPERO

The hour's now come;
The very minute bids thee ope thine ear;
Obey and be attentive. Canst thou remember
A time before we came unto this cell?
I do not think thou canst, for then thou wast not
Out three years old.

प्रोस्पेरो

अब समय आ गया है। यही वह घड़ी है जो तुमसे कह रही है कि तुम अपने कान खोलो, कहना मानो और ध्यान दो। क्या इस कोठरी में हमारे आने से पहले का समय तुम स्मरण कर सकती हो? मुझे नहीं लगता कि तुम यह कर सकती हो, क्योंकि तब तुम तीन साल की भी नहीं थी।

MIRANDA

Certainly, sir, I can.

मिरैंडा

निश्चित तौर पर, श्रीमान, मैं कर सकती हूँ।

PROSPERO

By what? by any other house or person?
Of any thing the image tell me that
Hath kept with thy remembrance.

प्रोस्पेरो

किस तरह से? किसी अन्य घर अथवा व्यक्ति से? किसी भी चीज की छवि जो तुम्हें याद रह गई हो, मुझे बताओ।

MIRANDA

'Tis far off
And rather like a dream than an assurance
That my remembrance warrants. Had I not
Four or five women once that tended me?

मिरैंडा

यह बहुत दूर लगता है और यह काफी हद तक एक विश्वास से ज्यादा एक सपने जैसा है जिसे मेरी याददाश्त सही ठहराती है। क्या पहले मेरे पास *चार या पाँच औरतें* नहीं थीं, जो मेरी देखभाल करती थीं?

PROSPERO

Thou hadst, and more, Miranda. But how is it
That this lives in thy mind? What seest thou else
In the dark backward and abysm of time?
If thou remember'st aught ere thou camest here,
How thou camest here thou mayst.

प्रोस्पेरो

तुम्हारे पास थीं, और भी ज्यादा थीं, मिरैंडा। पर ऐसा कैसे है कि यह बात तुम्हारे दिमाग में बसी है? काले अतीत और वक्त की गर्त में, तुम्हें इसके अलावा और क्या दिख रहा है? अगर तुम्हें यहाँ आने से पहले के बारे में जरा भी याद है, तो तुम्हें यह भी याद आ सकता है कि तुम यहाँ कैसे आई?

MIRANDA

But that I do not.

मिरैंडा

लेकिन वह मुझे याद नहीं है।

PROSPERO

Twelve year since, Miranda, twelve year since,
Thy father was the Duke of Milan and
A prince of power.

प्रोस्पेरो

बारह साल पहले, मिरैंडा, बारह साल पहले, तुम्हारे पिता मिलान के ड्यूक थे और एक शक्तिशाली राजकुमार थे।

MIRANDA

Sir, are not you my father?

मिरैंडा

श्रीमान, क्या आप मेरे पिता नहीं हैं?

PROSPERO

Thy mother was a piece of virtue, and
She said thou wast my daughter; and thy father
Was Duke of Milan; and thou his only heir
And princess no worse issued.

प्रोस्पेरो

तुम्हारी माँ सद्गुण की मिसाल थी, और उसका कहना था कि तुम मेरी बेटी हो; और तुम्हारे पिता मिलान के ड्यूक थे; और तुम उनकी इकलौती वारिस थी और तुम किसी भी तरह एक राजकुमारी से कम नहीं थी।

MIRANDA

O the heavens!
What foul play had we, that we came from thence?
Or blessed was't we did?

मिरैंडा

ओह हे ईश्वर! हमारे साथ कौन-सी बुरी साजिश हुयी थी, जो हम लोग वहाँ से यहाँ आ गए? या यह सौभाग्यवश था, जो हमने ऐसा किया?

PROSPERO

Both, both, my girl:
By foul play, as thou say'st, were we heaved thence,
But blessedly holp hither.

प्रोस्पेरो

दोनों, दोनों, मेरी बच्ची; जैसा तुमने कहा, बुरी साजिश से हमें वहाँ से निकाला गया। पर सौभाग्य की मदद से हम यहाँ आ गए।

MIRANDA

O, my heart bleeds
To think o' the teen that I have turn'd you to,
Which is from my remembrance! Please you, farther.

मिरैंडा

ओह, मैंने अपनी यादों के द्वारा आपको जो तकलीफ पहुंचाई है, इसे सोचकर मेरा दिल दुखता है। कृपया आप जारी रखिये।

PROSPERO

My brother and thy uncle, call'd Antonio--
I pray thee, mark me--that a brother should
Be so perfidious!--he whom next thyself
Of all the world I loved and to him put
The manage of my state; as at that time
Through all the signories it was the first
And Prospero the prime duke, being so reputed
In dignity, and for the liberal arts

Without a parallel; those being all my study,
The government I cast upon my brother
And to my state grew stranger, being transported
And rapt in secret studies. Thy false uncle--
Dost thou attend me?

प्रोस्पेरो

मेरा भाई और तुम्हारा चाचा, जिसको एंटोनियो बुलाया जाता था–मैं तुमसे प्रार्थना करता हूँ, मुझपर गौर करो–कि एक भाई इतना विश्वासघाती कैसे हो सकता है!–*वह* जिसे मैं तुम्हारे बाद दुनिया में सबसे ज्यादा प्यार करता था और जिसे मैंने अपने राज्य के प्रबन्धन में लगाया था; क्योंकि यह[17] उस समय सारे प्रान्तों में सबसे आगे था और (मैं) प्रमुख ड्यूक प्रोस्पेरो, प्रतिष्ठा में और अतुलनीय *बौद्धिक कलाओं*[18] के लिए, बहुत ही विख्यात था। उनका[19] अध्ययन ही मेरा सारा समय ले लेता था। शासन का कार्यभार मैंने अपने भाई को सौंप दिया और गुप्त विद्याओं में अभिभूत एवं मग्न मैं, अपने ही राज्य में अजनबी बन गया। तुम्हारे कपटी चाचा ने– क्या तुम मुझे सुन रही हो?

MIRANDA

Sir, most heedfully.

---

[17] प्रोस्पेरो का राज्य

[18] Liberal arts-कलाएं जिनमें भाषा, दर्शनशास्त्र, इतिहास, संगीत, तर्क, साहित्य, काल्पनिक विज्ञान, इत्यादि जैसे बौद्धिक विषय आते हैं, परन्तु जिनमें तकनीकी एवं यांत्रिक कलाएं नहीं शामिल हैं।

[19] बौद्धिक कलाओं का

मिरैंडा

बहुत ध्यान से, श्रीमान।

PROSPERO

Being once perfected how to grant suits,
How to deny them, who to advance and who
To trash for over-topping, new created
The creatures that were mine, I say, or changed 'em,
Or else new form'd 'em; having both the key
Of officer and office, set all hearts i' the state
To what tune pleased his ear; that now he was
The ivy which had hid my princely trunk,
And suck'd my verdure out on't. Thou attend'st not.

प्रोस्पेरो

(तुम्हारे कपटी चाचा ने) एक बार इस हुनर में महारत पाने पर कि कैसे *याचिकाओं*[20] को स्वीकारा जाता है, कैसे नकारा जाता है, किसे आगे बढ़ाना है और ज्यादा आगे बढ़ने पर किसका कबाड़ करना है, उन अधिकारियों, जो मेरे थे, को बदल कर नई नियुक्तियां कर दी। मैं कहता हूँ, या तो उसने उन्हें बदल दिया या फिर उनका नए ढंग से गठन कर दिया था। प्रशासन और अधिकारियों की कुंजी को पाकर, उसने राज्य में इन सभी के दिलों को, अपने कान को प्रिय लगने वाली

[20] मुकदमा।

धुन के अनुकूल बना दिया[21]। यह कि अब वह एक *झाड़* था, जो मेरे राजसी तने में छिपा था और उससे[22] मेरी ताकत को सोख रहा था। तुम सुन नहीं रही हो।

MIRANDA

O, good sir, I do.

मिरैंडा

ओ, अच्छे श्रीमान, मैं सुन रही हूँ।

PROSPERO

I pray thee, mark me.
I, thus neglecting worldly ends, all dedicated
To closeness and the bettering of my mind
With that which, but by being so retired,
O'er-prized all popular rate, in my false brother
Awaked an evil nature; and my trust,
Like a good parent, did beget of him
A falsehood in its contrary as great
As my trust was; which had indeed no limit,
A confidence sans bound. He being thus lorded,
Not only with what my revenue yielded,
But what my power might else exact, like one

[21] अर्थात उसने सभी लोगों को अपने अनुसार काम करने के लिए अनुकूल कर लिया।
[22] राजसी शासन शक्ति से।

Who having into truth, by telling of it,
Made such a sinner of his memory,
To credit his own lie, he did believe
He was indeed the duke; out o' the substitution
And executing the outward face of royalty,
With all prerogative: hence his ambition growing--
Dost thou hear?

प्रोस्पेरो

मैं तुमसे प्रार्थना करता हूँ, मेरी बात पर गौर करो।

इस तरह सांसारिक प्रयोजनों की उपेक्षा कर, मैं पूरी तरह से एकांतता और खुद का मानसिक विकास करने वाली ऐसी चीजों, जो लोगों के मानकों में बेशकीमती होती हैं[23], में समर्पित हो गया। लेकिन इस तरह अकेले रहकर, मैंने अपने दगाबाज भाई में दुष्ट स्वभाव को जगा दिया। और मेरे *विश्वास* – जो निश्चित ही असीमित और बिना बंदिश के था–ने एक माँ–बाप की तरह उसमें *झूठ* को पैदा कर दिया[24] जो मेरे *विश्वास* के बिलकुल विपरीत, परन्तु उतना ही बड़ा था। इस तरह अधिपति बनाये जाने पर उसने न केवल मेरे राजस्व से प्राप्त होने वाली आय, बल्कि मेरी शासन शक्ति से जो कुछ भी हासिल किया जा सकता था, हासिल किया। फिर जैसे कोई व्यक्ति

---

[23] प्रोस्पेरो सांसारिक मकसदों को अनदेखा कर अपने मानसिक विकास में रम गया, जो उसे बौद्धिक कलाओं के माध्यम से एकांत में रहकर प्राप्त हुयी थीं। ये बौद्धिक कलाएं लोगों के मापदंडों में बेशकीमती थीं।

[24] प्रकटतः शेक्सपियर लोकोक्ति "विश्वास, विश्वासघात का जनक है" का उल्लेख कर रहे हैं।

झूठ बोलता है और *अपनी स्मृति का ऐसा पापी*[25] अपने झूठ को सच साबित करने के लिए उस झूठ पर यकीन करने लगता है, वह भी यकीन करने लगा कि मेरे विकल्प और राजसी चेहरे के बाहरी मुखौटे के रूप में वही वास्तव में ड्यूक था और वह सारे विशेषाधिकार प्रयोग करने लगा। इस तरह उसकी महत्वाकांक्षा बढ़ती गयी– क्या तुम सुन रही हो?

MIRANDA

Your tale, sir, would cure deafness.

मिरैंडा

श्रीमान, आपकी कहानी से बहरेपन का इलाज हो सकता है।

PROSPERO

To have no screen between this part he play'd
And him he play'd it for, he needs will be
Absolute Milan. Me, poor man, my library
Was dukedom large enough: of temporal royalties
He thinks me now incapable; confederates--
So dry he was for sway--wi' the King of Naples
To give him annual tribute, do him homage,
Subject his coronet to his crown and bend

[25] नीयत में खोट रखने वाला पापी व्यक्ति अपनी स्मृति का, झूठ को सच साबित करने में प्रयोग करता है।

The dukedom yet unbow'd--alas, poor Milan!--
To most ignoble stooping.

प्रोस्पेरो

जो किरदार वह निभा रहा था और जिसके लिए वह यह किरदार निभा रहा था, उनके बीच में कोई पर्दा न हो इसके लिए उसे मिलान पूरी तरह चाहिए था[26]। मैं, बेचारा आदमी—मेरे लिए तो मेरा पुस्तकालय ही काफी बड़ा ड्यूकडम[27] था। सियासी सत्ता के लिए अब वह मुझे अयोग्य समझता था। वह षड्यंत्रकारी, शासन करने के लिए इतना इच्छुक था, कि उसने नेपल्स के राजा के साथ संधि कर ली। वह उन्हें वार्षिक शुल्क देता—उनको राजस्व देता। उसने अपना छोटा मुकुट उनके[28] ताज के अधीनस्थ कर लिया और उस ड्यूकडम को झुका दिया जो अभी तक अविजित था—हाय, बेचारे मिलान को!—सबसे शर्मनाक तरीके से झुका दिया।

MIRANDA

O the heavens!

मिरैंडा

ओह हे ईश्वर!

---

[26] एंटोनियो यह चाहता था कि *वास्तविक ड्यूक* के किरदार और प्रोस्पेरो के लिए निभाये गए *नामित ड्यूक* के किरदार में कोई अंतर न रहे, इसलिए उसे मिलान राज्य की सत्ता पूरी तरह चाहिए थी।

[27] ड्यूक का राज्य।

[28] नेपल्स के राजा के

PROSPERO

Mark his condition and the event; then tell me
If this might be a brother.

प्रोस्पेरो

उसके समझौते और समझौते के परिणाम पर गौर करो। फिर मुझे बताओ कि क्या एक भाई ऐसा कर सकता है।

MIRANDA

I should sin
To think but nobly of my grandmother:
Good wombs have borne bad sons.

मिरैंडा

मेरे लिए, अपनी दादी के बारे में सम्मानित तरीके से सोचने के सिवाय कुछ और सोचना पाप होगा। अच्छी कोख से भी बुरे पुत्र पैदा होते हैं।

PROSPERO

Now the condition.
The King of Naples, being an enemy
To me inveterate, hearkens my brother's suit;
Which was, that he, in lieu o' the premises
Of homage and I know not how much tribute,
Should presently extirpate me and mine
Out of the dukedom and confer fair Milan

With all the honours on my brother: whereon,
A treacherous army levied, one midnight
Fated to the purpose did Antonio open
The gates of Milan, and, i' the dead of darkness,
The ministers for the purpose hurried thence
Me and thy crying self.

प्रोस्पेरो

अब उस समझौते के बारे में सुनो। मेरा पुराना दुश्मन होने की वजह से, नेपल्स के राजा ने मेरे भाई की अर्जी –जो उसके राजस्व और मुझे नहीं मालूम कितना शुल्क अदा करने के वचनों के बदले में थी– को सुना, जिसमें मुझे और मेरे परिवार को ड्यूकडम से तुरंत बाहर निकाला जाना था और सारे अधिकारों के साथ खूबसूरत मिलान को, मेरे भाई को दिया जाना था। इसके बाद, गद्दारों की एक सेना इकट्ठी की गई। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए तय की गयी एक अर्धरात्रि को एंटोनियो ने मिलान के फाटकों को खोल दिया और रात के सन्नाटे में, इस काम के लिए नियुक्त लोगों ने वहाँ से मुझे और रोती हुई अवस्था में तुमको जल्दी–जल्दी में भगा दिया।

MIRANDA

Alack, for pity!
I, not remembering how I cried out then,
Will cry it o'er again: it is a hint
That wrings mine eyes to't.

मिरैंडा

हाय, कितने खेद की बात है! मुझे नहीं याद है कि मैं तब कैसे रोई थी, मैं इस बात पर फिर से रोऊँगी। यह ऐसी परिस्थिति है जो मेरी आँखों पर रोने का दबाव डालती है।

PROSPERO

Hear a little further
And then I'll bring thee to the present business
Which now's upon's; without the which this story
Were most impertinent.

प्रोस्पेरो

थोड़ा और आगे सुनो और तब मैं तुम्हें असली मुद्दे पर ले आऊँगा जो अब हमारे सामने है; जिसके बगैर यह कहानी बिलकुल बेमतलब है।

MIRANDA

Wherefore did they not
That hour destroy us?

मिरैंडा

उन्होंने हमें उस समय क्यों नहीं मारा?

PROSPERO

Well demanded, wench:
My tale provokes that question. Dear, they durst not,
So dear the love my people bore me, nor set
A mark so bloody on the business, but

With colours fairer painted their foul ends.
In few, they hurried us aboard a bark,
Bore us some leagues to sea; where they prepared
A rotten carcass of a boat, not rigg'd,
Nor tackle, sail, nor mast; the very rats
Instinctively had quit it: there they hoist us,
To cry to the sea that roar'd to us, to sigh
To the winds whose pity, sighing back again,
Did us but loving wrong.

प्रोस्पेरो

सही पूछा, लड़की! मेरी कहानी यह सवाल उठाती है। प्यारी, मेरे प्रति मेरे लोग इतना अनुराग रखते थे कि उनकी हिम्मत नहीं हुई और न ही उनकी यह हिम्मत हुयी कि वे अपने काम में ऐसे खूनी दाग को अपने ऊपर ले सकें, लेकिन उन्होंने अपने घिनौने मकसद को, खूबसूरत रंगत देते हुए रंग दिया। संक्षेप में, उन्होंने हमें एक छोटे-से जहाज पर सवार किया, समुद्र में हमें कुछ लीग[29] लेकर गए। वहाँ उन्होंने एक सड़ी हुई नाव के अवशेष तैयार किये, जिसके न रस्सी, न उपकरण, न पाल और न ही मस्तूल थे। स्वाभाविक रूप से चूहों ने भी उसे छोड़ दिया था। वहाँ उन्होंने हमें समुद्र के सम्मुख रोने के लिए छोड़ दिया जो हमारे ऊपर दहाड़ता था; उन हवाओं के आगे गहरी आहें लेने

[29]लीग (League)-समुद्री दूरी का माप। एक लीग लगभग 3 मील के बराबर होता है।

के लिए छोड़ दिया, जिनकी करुणावश वापस लौटती आहों ने प्रेमवश हमारे साथ केवल गलत ही किया[30]।

MIRANDA

Alack, what trouble
Was I then to you!

मिरैंडा

हाय, तब मैं आपके लिए कितनी बड़ी समस्या थी!

PROSPERO

O, a cherubim
Thou wast that did preserve me. Thou didst smile.
Infused with a fortitude from heaven,
When I have deck'd the sea with drops full salt,
Under my burthen groan'd; which raised in me
An undergoing stomach, to bear up
Against what should ensue.

प्रोस्पेरो

ओ, नन्ही परी, वो तुम थी जिसने मुझे बचाया—स्वर्ग से मिली ताकत से भरी हुयी तुम्हारी मुस्कुराहट ने उस समय मुझे सहने की हिम्मत दी

---

[30] प्रोस्पेरो को आहें भरते देखकर करुणावश हवाओं ने, प्रोस्पेरो की गहरी आहों का जवाब गहरी आहों से दिया, जिससे नाव बहकर तूफानी समुद्र में फंस गयी।

जब अपने कष्ट के बोझ से कराहते हुए मैंने नमकीन बूँदों[31] के साथ समुद्र को पार किया, यह तुम्हारी मुस्कुराहट थी जिससे मैं हर चीज का सामना कर सका।

MIRANDA

How came we ashore?

मिरैंडा

हम किनारे पर कैसे आये थे?

PROSPERO

By Providence divine.
Some food we had and some fresh water that
A noble Neapolitan, Gonzalo,
Out of his charity, who being then appointed
Master of this design, did give us, with
Rich garments, linens, stuffs and necessaries,
Which since have steaded much; so, of his gentleness,
Knowing I loved my books, he furnish'd me
From mine own library with volumes that
I prize above my dukedom.

प्रोस्पेरो

परमात्मा की कृपा से। हमारे पास कुछ खाना और कुछ ताजा पानी था जिसे नेपल्स के एक कुलीन व्यक्ति, गौन्ज़ालो ने अपनी दयावश दिया

[31] आँखों के आँसू

था। तब उसे इस साजिश की जिम्मेदारी दी गई थी। उसने हमें कीमती कपड़े, चादरें, उपकरण और आवश्यक वस्तुएं दीं, जो तब से हमारे बहुत काम आयीं। इस तरह, अपनी भलमनसाहत से, यह जानते हुए कि मैं अपनी किताबों से प्रेम करता था, उसने मुझे मेरे पुस्तकालय से वे किताबें दीं जिनका मैं अपने ड्यूकडम से ज्यादा मोल करता था।

MIRANDA

Would I might
But ever see that man!

मिरैंडा

काश मैं उस आदमी से कभी मिल पाती!

PROSPERO

Now I arise:

[Resumes his mantle]

Sit still, and hear the last of our sea-sorrow.
Here in this island we arrived; and here
Have I, thy schoolmaster, made thee more profit
Than other princesses can that have more time
For vainer hours and tutors not so careful.

प्रोस्पेरो

अब मैं उठता हूँ:

[अपना लबादा पुनः धारण करता है]

स्थिर बैठी रहो, और हमारे समुद्री–शोक के आखिरी चरण के बारे में सुनो। यहाँ हम इस द्वीप पर आये; और यहाँ मैंने, तुम्हारा शिक्षक बनकर बाकी राजकुमारियों, जिनके पास व्यर्थ गँवाने के लिए बहुत समय होता है और जिनके निजी शिक्षक इतने सावधान नहीं होते हैं, की तुलना में तुम्हें कहीं ज्यादा बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया।

MIRANDA

Heavens thank you for't! And now, I pray you, sir,
For still 'tis beating in my mind, your reason
For raising this sea-storm?

मिरैंडा

इसके लिए ईश्वर आपको धन्यवाद दे! और क्योंकि अभी भी यह प्रश्न मेरे दिमाग में चल रहा है, अब मैं आपसे प्रार्थना करती हूँ मुझे बताएं, श्रीमान कि इस समुद्री–तूफ़ान को उठाने की आपकी वजह क्या है?

PROSPERO

Know thus far forth.
By accident most strange, bountiful Fortune,
Now my dear lady, hath mine enemies
Brought to this shore; and by my prescience
I find my zenith doth depend upon
A most auspicious star, whose influence
If now I court not but omit, my fortunes
Will ever after droop. Here cease more questions:

Thou art inclined to sleep; 'tis a good dullness,
And give it way: I know thou canst not choose.

[MIRANDA sleeps]

Come away, servant, come. I am ready now.
Approach, my Ariel, come.

प्रोस्पेरो

तो इतना जान लो। एक बहुत विचित्र संयोग से, किस्मत की दया से, मेरी प्यारी लड़की, अब मेरे दुश्मन इस तट पर ला दिए गए हैं। और अपनी दूरदृष्टि से मैंने यह जाना है कि मेरा चरम, एक बहुत ही शुभ सितारे पर निर्भर करता है, जिसके प्रभाव पर यदि मैं अभी ध्यान न देकर उसे यूं ही छोड़ देता हूँ, तो मेरी तकदीर का लगातार पतन होता जायेगा। यहाँ और सवाल बंद करो। तुम निद्रालु दिखाई देती हो। यह अच्छा उनींदापन है। और इसे आने दो। मुझे मालूम है तुम्हारा वश नहीं चलेगा।

[मिरैंडा सो जाती है]

यहाँ आओ, सेवक, आओ। मैं अब तैयार हूँ। आओ, मेरे एरिअल, आओ।

[Enter ARIEL]

[एरिअल का प्रवेश]

ARIEL

All hail, great master! grave sir, hail! I come
To answer thy best pleasure; be't to fly,
To swim, to dive into the fire, to ride
On the curl'd clouds, to thy strong bidding task
Ariel and all his quality.

एरिअल

अभिवादन, महान आका! माननीय महोदय, अभिवादन! मैं आपकी वांछित इच्छा को पूरा करने आया हूँ। चाहे वह उड़ना हो, तैरना हो, आग में गोते लगाना हो, या घुमावदार बादलों की सवारी करना हो– अपने शक्तिशाली आदेशों से एरिअल और उसके साथियों को जिम्मेदारी दीजिये।

PROSPERO

Hast thou, spirit,
Perform'd to point the tempest that I bade thee?

प्रोस्पेरो

आत्मा, क्या तुमने तूफ़ान को बिलकुल वैसे ही क्रियान्वित किया जैसा मैंने तुम्हें आदेश दिया था?

ARIEL

To every article.
I boarded the king's ship; now on the beak,
Now in the waist, the deck, in every cabin,
I flamed amazement: sometime I'ld divide,
And burn in many places; on the topmast,
The yards and bowsprit, would I flame distinctly,
Then meet and join. Jove's lightning, the precursors
O' the dreadful thunder-claps, more momentary
And sight-outrunning were not; the fire and cracks
Of sulphurous roaring the most mighty Neptune
Seem to besiege and make his bold waves tremble,
Yea, his dread trident shake.

एरिअल

हर तरह से। मैंने राजा के जहाज को तट पर लगा दिया। फिर उसके नुकीले अग्रभाग पर, उसके धड़[32] में, डेक में, हर केबिन में, मैंने सभी को भयभीत कर दिया, अचरज में डाल दिया। कभी कई रूप धारण कर मैं कई स्थानों पर एक साथ प्रकट होता था और उन्हें जला देता। सबसे ऊंचे मस्तूल, यार्ड[33] और बो–स्पिरिट[34] को मैंने अलग–अलग कई जगहों पर जला दिया, उसके बाद मैं अपने सारे रूपों को मिलाकर एक लौ में बदल गया था। जोव[35] की बिजलियाँ, जो भयावह वज्रपात होने से पूर्व आती हैं, *इससे ज्यादा क्षणिक और द्रुतगामी नहीं हो सकती थीं*[36]। आग और चटकने के नारकीय गर्जन के आघात से अतिबलशाली नेप्चून[37] भी घिरे लगते थे और उनकी प्रचंड लहरें कांप रही थीं, हाँ, उनका डरावना त्रिशूल भी काँप रहा था।

PROSPERO

My brave spirit!
Who was so firm, so constant, that this coil
Would not infect his reason?

---

[32] जहाज का चौड़ा हिस्सा जिसमें यात्रियों को सवार किया जाता है।
[33] यार्डस् (Yards) -जहाज के मस्तूल से आड़े (horizontally) जुड़े झंडे जिनसे पालों को जोड़ा जाता है।
[34] बो–स्पिरिट (Bowspirit) -डंडा जिससे पाल का निचला भाग जुड़ा रहता है।
[35] जोव (Jove) - रोमन दंतकथाओं में आकाश के देवता जुपिटर का एक अन्य नाम।
[36] अर्थात मैं वज्रपात की बिजली की गति से भी तेज गति से लौ में बदला और ओझल हो गया।
[37] नेप्चून (Neptune) -रोमन किंवदंतियों में जल एवं समुद्र के देवता जिनका प्रमुख अस्त्र त्रिशूल था।

प्रोस्पेरो

मेरी शानदार रूह! क्या कोई इतना अडिग–इतना स्थिरचित्त था, जिसका विवेक इस हलचल से प्रभावित न हुआ हो?

ARIEL

Not a soul
But felt a fever of the mad and play'd
Some tricks of desperation. All but mariners
Plunged in the foaming brine and quit the vessel,
Then all afire with me: the king's son, Ferdinand,
With hair up-staring,--then like reeds, not hair,--
Was the first man that leap'd; cried, 'Hell is empty
And all the devils are here.'

एरिअल

कोई भी ऐसा नहीं था! बल्कि वे पागलपन का बुखार महसूस करने लगे और निराशा में की जाने वाली कुछ बचकाना हरकतें करने लगे। नाविकों को छोड़कर सभी झागदार समुद्री पानी में कूद गए और जहाज को छोड़ दिया। फिर मेरे साथ सबकुछ आग में घिर गया : राजा का बेटा, फर्डिनैंड, अपने खड़े बाल लिए (जो सरकंडों जैसे थे, न कि बालों की तरह) छलांग लगाने वाला पहला आदमी था; वह चीख रहा था, "नरक खाली हो गया है और सारे शैतान यहाँ हैं।"

PROSPERO

Why that's my spirit!
But was not this nigh shore?

प्रोस्पेरो

ये हुई न मेरी रूह वाली बात! किन्तु क्या यह तट के करीब नहीं हुआ था?

ARIEL

Close by, my master.

एरिअल

करीब था, मेरे आका।

PROSPERO

But are they, Ariel, safe?

प्रोस्पेरो

लेकिन एरिअल, क्या वे सुरक्षित हैं?

ARIEL

Not a hair perish'd;
On their sustaining garments not a blemish,
But fresher than before: and, as thou badest me,
In troops I have dispersed them 'bout the isle.
The king's son have I landed by himself;
Whom I left cooling of the air with sighs
In an odd angle of the isle and sitting,
His arms in this sad knot.

एरिअल

किसी का बाल भी बांका नहीं हुआ। यहाँ तक कि उनके कपड़ों में एक भी दाग नहीं है, बल्कि वे पहले से भी ज्यादा साफ़ हैं। और, जैसा आपने मुझे आदेश दिया था, मैंने टापू पर उनको टोलियों में यहाँ–वहाँ तितर–बितर कर दिया है। मैंने राजा के बेटे को खुद ही किनारे पर ला दिया है, उसे टापू के एक एकांत कोने में मैंने आहें भरने के लिए छोड़ दिया है और वह अपनी भुजाओं को दुःख से *ऐसे* बांधे बैठा है[38]।

PROSPERO

Of the king's ship
The mariners say how thou hast disposed
And all the rest o' the fleet.

प्रोस्पेरो

राजा के जहाज के बारे में, नाविकों के बारे में और बाकी सारे जहाजी–बेड़ों के बारे में बताओ, तुम उनके साथ कैसे पेश आये।

ARIEL

Safely in harbour
Is the king's ship; in the deep nook, where once
Thou call'dst me up at midnight to fetch dew
From the still-vex'd Bermoothes, there she's hid:
The mariners all under hatches stow'd;
Who, with a charm join'd to their suffer'd labour,

---

[38] एरिअल हाथ बाँधकर प्रोस्पेरो को दिखाता है।

I have left asleep; and for the rest o' the fleet
Which I dispersed, they all have met again
And are upon the Mediterranean float,
Bound sadly home for Naples,
Supposing that they saw the king's ship wreck'd
And his great person perish.

एरिअल

राजा का जहाज बंदरगाह पर सुरक्षित है; उस गहरे कोने में, जहाँ एक बार आधी रात को आपने मुझे बुलाकर लगातार तूफानी रहने वाले *बरमूडा* से ओस[39] लाने को कहा था, वहीं पर वह छिपा है[40]। सभी नाविक *डेक* के नीचे हैं, जिन्हें, उनके किये गए कठिन परिश्रम के साथ एक मन्त्र मिलाकर, मैंने सोने के लिए छोड़ दिया है। और रही बात बाकी के बेड़ों की जिन्हें मैंने तितर-बितर कर दिया था, वे सभी फिर से मिल गए हैं और भूमध्यसागर पर उदासी से यह सोचते हुए अपने घर नेपल्स की ओर तैर रहे हैं कि उन्होंने राजा के जहाज को नष्ट होते और उनकी महान हस्ती को ख़त्म होते हुए देखा है।

PROSPERO

Ariel, thy charge
Exactly is perform'd: but there's more work.
What is the time o' the day?

प्रोस्पेरो

---

[39] ओस का इस्तेमाल जादुई रसायन बनाने के लिए किया जाता है।
[40] अंग्रेजी से भिन्न, हिंदी में जहाज को पुल्लिंग माना जाता है।

एरिअल, तुम्हारा काम बखूबी किया गया है। लेकिन अभी और काम है। दिन की कौन–सी घड़ी है?

ARIEL

Past the mid season.

एरिअल

दोपहर के बाद का समय।

PROSPERO

At least two glasses. The time 'twixt six and now
Must by us both be spent most preciously.

प्रोस्पेरो

कम–से–कम दो रेतघड़ियाँ[41]। इस समय और छह बजे के बीच के समय, को हम दोनों को बहुत सावधानी से खर्च करना है।

ARIEL

Is there more toil? Since thou dost give me pains,
Let me remember thee what thou hast promised,
Which is not yet perform'd me.

एरिअल

---

[41] पहले के जमाने में समय बताने के लिए कांच की रेत–घड़ी का इस्तेमाल किया जाता था।

क्या अभी और काम करना है? क्योंकि आप मुझे कष्ट[42] दे रहे हैं, इसलिए मुझे आपको याद दिलाना होगा कि आपने जो वचन दिया है वो अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

PROSPERO

How now? moody?
What is't thou canst demand?

प्रोस्पेरो

यह क्या है? गुस्सा? वह क्या है जिसे तुम नहीं मांग सकते?

ARIEL

My liberty.

एरिअल

मेरी आजादी।

PROSPERO

Before the time be out? no more!

प्रोस्पेरो

समय ख़त्म होने से पहले? बिलकुल नहीं!

ARIEL

---

[42] नया काम

I prithee,
Remember I have done thee worthy service;
Told thee no lies, made thee no mistakings, served
Without or grudge or grumblings: thou didst promise
To bate me a full year.

एरिअल

मैं आपसे विनती करता हूँ, याद रखिये मैंने आपके लिए अच्छा काम किया है। आपसे झूठ नहीं बोला, आपके साथ कोई गलती नहीं की, बिना शिकायत अथवा झगड़े के सेवा की है। आपने वचन दिया था कि आप मेरा एक साल घटा देंगे[43]।

PROSPERO

Dost thou forget
From what a torment I did free thee?

प्रोस्पेरो

क्या तुम भूल गए कि मैंने तुम्हें किस यंत्रणा से आजाद किया था?

ARIEL

No.

एरिअल

नहीं।

---

[43] एरिअल गुलामी की अवधि घटाने की बात कर रहा है।

PROSPERO

Thou dost, and think'st it much to tread the ooze
Of the salt deep,
To run upon the sharp wind of the north,
To do me business in the veins o' the earth
When it is baked with frost.

प्रोस्पेरो

तुम भूल चुके हो और सोचते हो कि गहरे समुद्र की शैवाल[44] पर चलना—उत्तर की तीखी हवाओं का सामना करना—जमीन की गहराई में, जब उस पर बर्फ जमी हो, मेरा काम करना—काफी है।

ARIEL

I do not, sir.

एरिअल

मैं ऐसा नहीं सोचता, श्रीमान।

PROSPERO

Thou liest, malignant thing! Hast thou forgot
The foul witch Sycorax, who with age and envy
Was grown into a hoop? hast thou forgot her?

प्रोस्पेरो

---

[44] Ooze-समुद्र में होने वाली घास।

तुम झूठ बोलते हो, धूर्त जीव! क्या तुम दुष्ट जादूगरनी सिकोरैक्स को भूल गए, जो बुढ़ापे और बदनीयती से कुबड़ी बन गई थी? क्या तुम उसे भूल गए?

ARIEL

No, sir.

एरिअल

नहीं, श्रीमान।

PROSPERO

Thou hast. Where was she born? speak; tell me.

प्रोस्पेरो

तुम भूल गए हो। वह कहाँ पैदा हुयी थी? बोलो; मुझे बताओ।

ARIEL

Sir, in Argier.

एरिअल

श्रीमान, अर्ज़ियर[45] में।

PROSPERO

[45] उत्तरी अफ्रीका में अल्जीयर्स (Algiers)।

O, was she so? I must
Once in a month recount what thou hast been,
Which thou forget'st. This damn'd witch Sycorax,
For mischiefs manifold and sorceries terrible
To enter human hearing, from Argier,
Thou know'st, was banish'd: for one thing she did
They would not take her life. Is not this true?

प्रोस्पेरो

ओह, तो वो क्या थी? महीने में एक बार मुझे तुम्हें बताना पड़ता है कि तुम क्या थे, जो तुम भूल जाते हो। तुम जानते हो, इस पापी जादूगरनी सिकोरैक्स की कई शैतानियों और भयानक जादूगरी का इंसानों को पता चल गया और उसे अर्जियर से देश–निकाला दे दिया गया था; केवल *एक वजह से* वे उसकी जान नहीं ले सके थे[46]। क्या यह सही नहीं है?

ARIEL

Ay, sir.

एरिअल

जी, श्रीमान।

PROSPERO

[46] सिकोरैक्स गर्भवती थी। औरतों के गर्भवती होने पर उनकी जान नहीं ली जाती है और सज़ा को कम कर दिया जाता है।

This blue-eyed hag was hither brought with child
And here was left by the sailors. Thou, my slave,
As thou report'st thyself, wast then her servant;
And, for thou wast a spirit too delicate
To act her earthy and abhorr'd commands,
Refusing her grand hests, she did confine thee,
By help of her more potent ministers
And in her most unmitigable rage,
Into a cloven pine; within which rift
Imprison'd thou didst painfully remain
A dozen years; within which space she died
And left thee there; where thou didst vent thy groans
As fast as mill-wheels strike. Then was this island--
Save for the son that she did litter here,
A freckled whelp hag-born--not honour'd with
A human shape.

प्रोस्पेरो

उस नीली आँखों वाली डायन को बच्चे के साथ यहाँ लाया गया और उसे नाविकों द्वारा यहाँ छोड़ दिया गया। तुम, मेरे गुलाम, जैसा तुमने खुद बताया, तब उसके सेवक थे। और क्योंकि तुम उसके सांसारिक और घृणित आदेशों पर काम करने के लिए एक बहुत संवेदनशील रूह थे, उसके बड़े आदेशों को तुम्हारे द्वारा अस्वीकार करने पर उसने, अपने न शांत हो सकने वाले क्रोध में, एक देवदारु के पेड़ की दरार में तुम्हें अपने अधिक शक्तिशाली सहायकों की मदद से कैद कर दिया था, जिसकी दरार में तुम बारह सालों तक कष्टपूर्वक रहे; इस दौरान वह मर गई और तुम वहीं पड़े रहे; जहाँ पेड़ की दरार से तुम्हारी कराह

पवन–चक्की के पहिये के घूमने की तेजी से आती थी। उस समय इस द्वीप को–अगर उसके बेटे (उस डायन की पैदाइश – चित्तीदार पिल्ले) को छोड़ दिया जाये जिसे उसने यहाँ पैदा किया था––इंसानी मौजूदगी का सम्मान नहीं मिला था[47]।

ARIEL

Yes, Caliban her son.

एरिअल

हाँ, उसका बेटा कैलिबैन।

PROSPERO

Dull thing, I say so; he, that Caliban
Whom now I keep in service. Thou best know'st
What torment I did find thee in; thy groans
Did make wolves howl and penetrate the breasts
Of ever angry bears: it was a torment
To lay upon the damn'd, which Sycorax
Could not again undo: it was mine art,
When I arrived and heard thee, that made gape
The pine and let thee out.

प्रोस्पेरो

मूढ़ जीव, मैं ऐसा कहता हूँ। वह, वह कैलिबैन, जिसे अब मैंने नौकरी पर रखा हुआ है। तुम्हें बहुत अच्छी तरह से मालूम है कि मैंने

---

[47] अगर सिकोरैक्स के बेटे को छोड़ दिया जाए तो यह द्वीप निर्जन था।

तुम्हें किस यंत्रणा में पाया था; तुम्हारी कराहों से भेड़िए हुआँ–हुआँ करने लगते और हमेशा क्रोधित रहने वाले भालुओं के दिलों को भेद देते: यह एक यंत्रणा थी जो एक पापी को दी जाती है, जिसे सिकोरैक्स फिर से नहीं काट सकती थी। जब मैं आया और मैंने तुम्हें सुना तो यह मेरा जादू था, जिसने देवदारु के पेड़ को खोल दिया और तुम्हें बाहर निकाला।

ARIEL

I thank thee, master.

एरिअल

मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूँ, आका।

PROSPERO

If thou more murmur'st, I will rend an oak
And peg thee in his knotty entrails till
Thou hast howl'd away twelve winters.

प्रोस्पेरो

अगर तुम और भुनभुनाओगे, तो मैं एक शाहबलूत के पेड़ को विभाजित कर दूंगा और तुम्हें उसके गांठदार अन्तर्भाग में गाड़ दूंगा जब तक कि तुम बारह सर्दियों तक उसमें रोते–चिल्लाते न रहो।

ARIEL

Pardon, master;
I will be correspondent to command
And do my spiriting gently.

एरिअल

माफ़ी, हुजूर। मैं आदेश का पालन करूँगा और शराफत से अपना रूहानी काम करूँगा।

PROSPERO

Do so, and after two days
I will discharge thee.

प्रोस्पेरो

ऐसा ही करो, और दो दिन बाद मैं तुम्हें छुट्टी दे दूंगा।

ARIEL

That's my noble master!
What shall I do? say what; what shall I do?

एरिअल

यह मेरे आका की महानता है! मुझे क्या करना होगा? बताइए क्याः मुझे क्या करना होगा?

PROSPERO

Go make thyself like a nymph o' the sea: be subject
To no sight but thine and mine, invisible
To every eyeball else. Go take this shape
And hither come in't: go, hence with diligence!

[Exit ARIEL]

Awake, dear heart, awake! thou hast slept well; Awake!

प्रोस्पेरो

जाओ और खुद को समुद्र की अप्सरा जैसा बना लोः सिवाय खुद के और मेरे, किसी अन्य को नजर मत आना। अन्य सभी की आँखों के लिए अदृश्य हो जाओ। जाओ और यह रूप ले लो और यहाँ उस (रूप) में आओ। जाओ, जल्दी जाओ!

[एरिअल का निकास]

उठो, प्यारी प्रिये, उठो! तुम अच्छे से सोई; उठो!

MIRANDA

The strangeness of your story put
Heaviness in me.

मिरैंडा

आपकी कहानी की विचित्रता से मुझमें भारीपन हो गया था।

PROSPERO

Shake it off. Come on;
We'll visit Caliban my slave, who never
Yields us kind answer.

प्रोस्पेरो

उससे खुद को उबारो। आओ; हम मेरे गुलाम कैलिबैन के पास जायेंगे, जो कभी भी हमें दोस्ताना जवाब नहीं देता।

MIRANDA

'Tis a villain, sir,
I do not love to look on.

मिरैंडा

वह एक दुष्ट है, श्रीमान, जिसे देखना मैं पसंद नहीं करती हूँ।

PROSPERO

But, as 'tis,
We cannot miss him: he does make our fire,
Fetch in our wood and serves in offices

That profit us. What, ho! slave! Caliban!
Thou earth, thou! speak.

प्रोस्पेरो

लेकिन, जो भी हो, हम उसके बगैर रह नहीं सकते: वह हमारे लिए आग बनाता है, हमारे लिए लकड़ी लाता है और हमारे लिए वे काम करता है जिनसे हमें लाभ होता है। अरे, ओ! गुलाम! कैलिबैन! तुम धूल[48], तुम! बोलो।

CALIBAN

[Within] There's wood enough within.

कैलिबैन

[पर्दे के पीछे से] यहाँ अन्दर काफी लकड़ियाँ हैं।

PROSPERO

Come forth, I say! there's other business for thee:
Come, thou tortoise! when?

[Re-enter ARIEL like a water-nymph]

Fine apparition! My quaint Ariel,
Hark in thine ear.

प्रोस्पेरो

---

[48] प्रोस्पेरो कैलिबैन को धूल कह रहा है।

बाहर आओ, मैं कहता हूँ! तुम्हारे लिए और भी काम हैं। आओ, तुम कछुए! कब निकलोगे?

[एक जलपरी के रूप में एरिअल का पुनः प्रवेश]

शानदार रूप है! मेरे गुणी एरिअल, अपने कान में ध्यान से सुनो।

ARIEL

My lord it shall be done.

[Exit]

एरिअल

मेरे आका यह हो जाएगा।

[निकास]

PROSPERO

Thou poisonous slave, got by the devil himself
Upon thy wicked dam, come forth!

प्रोस्पेरो

तुम जहरीले गुलाम, *जो खुद शैतान द्वारा अपनी दुष्ट माता को मिले हो*[49]। बाहर आओ!

[Enter CALIBAN]

[कैलिबैन *का प्रवेश]*

CALIBAN

As wicked dew as e'er my mother brush'd
With raven's feather from unwholesome fen
Drop on you both! a south-west blow on ye
And blister you all o'er!

---

[49] अर्थात शैतान तुम्हारा पिता है।

कैलिबैन

ऐसी ही कोई *ओस*, जिसे मेरी माँ कौवे के पंख से जहरीले दलदल को छुआकर इकट्ठा करती थी, आप दोनों पर गिरे[50]! दक्षिण–पश्चिम की हवा आप पर बहे और आपके पूरे शरीर पर फफोले पड़ा दे!

PROSPERO

For this, be sure, to-night thou shalt have cramps,
Side-stitches that shall pen thy breath up; urchins
Shall, forth at vast of night that they may work,
All exercise on thee; thou shalt be pinch'd

[50] यहाँ पर कैलिबैन प्रोस्पेरो को बद्दुआ दे रहा है कि ऐसी कोई ओस जिसे उसकी जादूगरनी माँ अपने बुरे कामों के लिए कौवे के पंख से जहरीले दलदल को छुआकर इकट्ठा करती थी, प्रोस्पेरो और उसकी बेटी पर गिरे और उनका अहित करे।

As thick as honeycomb, each pinch more stinging
Than bees that made 'em.

प्रोस्पेरो

इसके लिए, निश्चिन्त रहो, आज रात तुम्हें ऐंठन हो जायेगी। कंधे और कमर के दर्द होंगे जिससे तुम्हारी साँसे थम जायेंगी। साही पूरी रात भर जितना वे कर सकेंगे, तुमपर अभ्यास करेंगे[51]। तुम्हें शहद के छत्तों जितने डंक लगेंगे, और *हर डंक उन्हें बनाने वाली मधुमक्खियों से ज्यादा दुखेगा*[52]।

CALIBAN

I must eat my dinner.
This island's mine, by Sycorax my mother,
Which thou takest from me. When thou camest first,
Thou strok’st me and madest much of me, wouldst give me
Water with berries in't, and teach me how
To name the bigger light, and how the less,
That burn by day and night: and then I loved thee
And show'd thee all the qualities o' the isle,
The fresh springs, brine-pits, barren place and fertile:
Cursed be I that did so! All the charms

---

[51] प्रोस्पेरो अपनी आत्माओं को कांटेदार साही के रूप में भेजकर उनके काँटों से उसे चुभवाने की बात कर रहा है।

[52] अर्थात तुम्हें जो डंक चुभेंगे उनसे होने वाली पीड़ा मधुमक्खियों के डंक से होने वाली पीड़ा से ज्यादा होगी।

Of Sycorax, toads, beetles, bats, light on you!
For I am all the subjects that you have,
Which first was mine own king: and here you sty me
In this hard rock, whiles you do keep from me
The rest o' the island.

कैलिबैन

मुझे अपना रात का भोजन करना है। यह द्वीप मुझे मेरी माँ सिकोरैक्स से मिला है, जिसे आपने मुझसे ले लिया। जब आप पहली बार यहाँ आये थे, आप मुझे सहलाते थे और मुझे बहुत मानते थे। आप मुझे पानी के साथ बेरी देते थे और मुझे सिखाते थे कि कैसे बड़ी रोशनी को नाम दिया जाता है, और कैसे वह दिन और रात के समय जलती है[53]। और तब मैं आपसे प्रेम करता था और मैंने आपको टापू की सारी विशिष्टताएँ ताजे निर्झर, खारे पानी वाले गड्ढे, बंजर और उपजाऊ जगहें दिखाईं थीं। धिक्कार है मुझपर जो मैंने ऐसा किया! सिकोरैक्स के सारे मन्त्र, टोड, भृंग, चमगादड़, आप पर पड़ें! क्योंकि मैं ही आपकी सारी प्रजा हूँ, मैं, जो पहले खुद का राजा था। और यहाँ आपने मुझे *सख्त चट्टान*[54] में कैद करके रखा है, जबकि आपने मुझसे बाकी का सारा द्वीप ले लिया है।

PROSPERO

Thou most lying slave,
Whom stripes may move, not kindness! I have used
thee,

---

[53] प्रोस्पेरो ने कैलिबैन को सूरज–चाँद और खगोल–विज्ञान के बारे में सिखाया।
[54] गुफा के लिए अलंकार।

Filth as thou art, with human care, and lodged thee
In mine own cell, till thou didst seek to violate
The honour of my child.

प्रोस्पेरो

तुम बहुत झूठे गुलाम हो, जिसपर चाबुक की मार का असर होता है, प्यार का नहीं। तुम ऐसी गंदगी हो!—मैंने तुम्हारे साथ मानवीय देखभाल का व्यवहार किया, और तुम्हें अपनी खुद की कोठरी में ठहराया—जब तक कि तुमने मेरी बच्ची की इज्जत को लूटने की कोशिश नहीं की थी।

CALIBAN

O ho, O ho! would't had been done!
Thou didst prevent me; I had peopled else
This isle with Calibans.

कैलिबैन

ओ हो, ओ हो! काश ऐसा हो गया होता! अगर आपने मुझे रोका न होता, तो मैंने इस द्वीप को कैलिबैन के वंश से भर दिया होता।

MIRANDA

Abhorred slave,
Which any print of goodness wilt not take,
Being capable of all ill! I pitied thee,
Took pains to make thee speak, taught thee each hour
One thing or other: when thou didst not, savage,

Know thine own meaning, but wouldst gabble like
A thing most brutish, I endow'd thy purposes
With words that made them known. But thy vile race,
Though thou didst learn, had that in't which
good natures
Could not abide to be with; therefore wast thou
Deservedly confined into this rock,
Who hadst deserved more than a prison.

मिरैंडा

तुम ऐसे घृणित गुलाम हो– जो किसी भी अच्छाई के लक्षण को नहीं लेते, जो हर बुराई करने में सक्षम है! मैंने तुमपर तरस खाया था, और तुम्हें बोलना सिखाने की तकलीफ उठाई थी, (मैं) हर घंटे तुम्हें कोई–न–कोई चीज सिखाती थी। जब तुम –जंगली– खुद का मतलब नहीं जानते थे, एक बहुत ही पाशविक जीव की तरह सिर्फ बुड़बुड़ाना जानते थे, मैंने उन शब्दों से तुम्हारे प्रयोजनों में सहायता की, जिससे उनको जाना जाता है। परन्तु, तुम दुष्ट कुल–वंश वाले, भले ही तुमने सीखा, (लेकिन) तुममें वह था जिसके साथ अच्छे स्वभाव वाले लोग रह नहीं सकते। इसलिए तुम इसी चट्टान में कैद होने के लायक हो। तुम, तो एक कारागार से ज्यादा बड़ी सजा के लायक हो।

CALIBAN

You taught me language; and my profit on't
Is, I know how to curse. The red plague rid you
For learning me your language!

कैलिबैन

तुमने मुझे भाषा सिखाई; और इससे मुझे यह फायदा हुआ कि मुझे मालूम है कि अपशब्द कैसे कहा जाता है। मुझे तुम्हारी बोली सिखाने के लिए लाल प्लेग[55] तुम्हारा काम–तमाम कर दे।

PROSPERO

Hag-seed, hence!
Fetch us in fuel; and be quick, thou'rt best,
To answer other business. Shrug'st thou, malice?
If thou neglect'st or dost unwillingly
What I command, I'll rack thee with old cramps,
Fill all thy bones with aches, make thee roar
That beasts shall tremble at thy din.

प्रोस्पेरो

डायन की औलाद, जाओ! हमारे लिए ईंधन[56] लेकर आओ, और जल्दी करना। तुम सबसे अच्छे तब होते हो जब अन्य काम करते हो। तुम कंधे उचका रहे हो, दुष्ट? अगर तुम लापरवाही करोगे या जो मैं कहता हूँ उसे अनिच्छा से करोगे, तो मैं तुम्हें पुरानी ऐंठन से त्रस्त कर दूंगा। तुम्हारी सारी हड्डियों को पीड़ा से भर दूंगा। तुम्हें ऐसे चिल्लाने पर मजबूर कर दूंगा कि तुम्हारे शोर से जंगली जीव काँप जायेंगे।

---

[55] लाल प्लेग (Red plague) –एक बीमारी जिससे त्वचा संक्रमित हो जाती है उससे खून निकलता है।

[56] लकड़ी

CALIBAN

No, pray thee.

[Aside]

I must obey: his art is of such power,
It would control my dam's god, Setebos,
and make a vassal of him.

कैलिबैन

नहीं, मैं आपसे विनती करता हूँ।

[एक कोने में खुद से]

मुझे मानना पड़ेगा। उनका जादू इतना शक्तिशाली है कि यह मेरी माता के भगवान् सेटबॉस[57] को काबू में कर सकता है और उनको गुलाम बना सकता है।

PROSPERO

So, slave; hence!

प्रोस्पेरो

तो, गुलाम; जाओ!

[Exit CALIBAN]

[57] सेटबॉस (Setebos) -एक पैटगोनियन (Patagonian) देवता जिनकी दक्षिण अमरीका में उपासना की जाती थी।

[कैलिबैन का निकास]

[Re-enter ARIEL, invisible, playing and singing; FERDINAND following]

[गाते और बजाते हुए, अदृश्य एरिअल का पुनः प्रवेश। फर्डिनैंड अनुसरण करता है।]

ARIEL'S song.

Come unto these yellow sands,

And then take hands:

Curtsied when you have and kiss'd

The wild waves whist,

Foot it featly here and there;

And, sweet sprites, the burthen bear.

Hark, hark!

[Burthen : dispersedly, within]

The watch-dogs bark!

[Burthen : Bow-wow]

Hark, hark! I hear
The strain of strutting chanticleer
Cry, Cock-a-diddle-dow.

एरिअल का गीत

इन पीले रेत के टीलों पर आओ,

और फिर हाथों को पकड़ो :

शालीनता दिखाओ, जब तुम ऐसा करो

और चूमो कि अशांत लहरें शांत हो जाएँ,

यहाँ और वहाँ कुशलतापूर्वक कदम रखो

और प्यारी परियों, बोझ को उठाओ

सुनो, सुनो !

[पर्दे के अन्दर से, अलग-अलग जगह से सामूहिक गान का होना]

रखवाले कुत्ते भौंकते हैं!

[सामूहिक रूप से: भौं भौं]

सुनो, सुनो! मैं सुनती हूँ[58]

अकड़ी चाल वाले मुर्गे की आवाज

जो पूरा जोर लगाकर चिल्लाता है, कुकुड़ू–कूँ–कूँ।

[58] एरिअल, जलपरी के भेष में है।

FERDINAND

Where should this music be? i' the air or the earth?
It sounds no more: and sure, it waits upon
Some god o' the island. Sitting on a bank,
Weeping again the king my father's wreck,
This music crept by me upon the waters,
Allaying both their fury and my passion
With its sweet air: thence I have follow'd it,
Or it hath drawn me rather. But 'tis gone.
No, it begins again.

फर्डिनैंड

यह संगीत कहाँ से आ रहा है? हवा से या धरती से? यह अब और सुनाई नहीं दे रहा: और यकीनन यह द्वीप के किसी देवता के लिए है। किनारे पर बैठा मैं जब राजा, मेरे पिता, के नष्ट होने पर फिर से रो रहा था तब यह संगीत लहरों पर रेंगते हुए मेरे पास आया और इसने अपनी मीठी धुन से उनके[59] क्रोध और मेरी पीड़ा को कम कर दिया। वहाँ से मैंने इसका पीछा किया है या यूँ कहूँ कि यह मुझे खींच लाया। लेकिन यह ख़त्म हो गया। नहीं, यह फिर से शुरू हो रहा है।

ARIEL

[sings]

Full fathom five thy father lies;
Of his bones are coral made;

---

[59] लहरों के

Those are pearls that were his eyes:
Nothing of him that doth fade
But doth suffer a sea-change
Into something rich and strange.
Sea-nymphs hourly ring his knell

[Burthen: Ding-dong]

Hark! now I hear them,--Ding-dong, bell.

एरिअल

[गाता है]

पूरे पाँच फैदम[60] नीचे तुम्हारे पिता पड़े हैं;

उनकी हड्डियों से मूंगे बन गए हैं।

जो उनकी आँखें थी, वे अब मोती हैं:

उनका कुछ नहीं है जो मुरझा जाए,

लेकिन (उनमें ऐसा) समुद्री बदलाव जरूर आया है

जो किसी कीमती और अनोखी चीज में बदल गया है।

जलपरियाँ हर घंटे घंटा बजाकर उनकी मौत की सूचना देती हैं।

[सामूहिक रूप से: टन–टन]

---

[60] 1 फैदम=6 फीट

सुनो! अब मैं उनको सुन रही हूँ[61]—टन-टन, घंटियाँ कर रही हैं।

FERDINAND

The ditty does remember my drown'd father.
This is no mortal business, nor no sound
That the earth owes. I hear it now above me.

फर्डिनैंड

यह गीत मेरे डूबे हुए पिता को याद कर रहा है। यह किसी मरणशील (जीव) का काम नहीं है, न ही यह आवाज धरती की है। अब इसे मैं अपने ऊपर से सुन रहा हूँ।

PROSPERO

The fringed curtains of thine eye advance
And say what thou seest yond.

प्रोस्पेरो

अपनी पलकें खोलो और वहाँ तुम्हें क्या दिखता है यह बताओ।

MIRANDA

What is't? a spirit?
Lord, how it looks about! Believe me, sir,
It carries a brave form. But 'tis a spirit.

[61] एरिअल जलपरी के भेष में है।

मिरैंडा

यह क्या है? एक आत्मा? ईश्वर, यह कैसे इर्दगिर्द देख रही है! मेरा यकीन मानिए, श्रीमान, यह एक शानदार रूप धारण किये हुए है। लेकिन यह एक आत्मा है।

PROSPERO

No, wench; it eats and sleeps and hath such senses
As we have, such. This gallant which thou seest
Was in the wreck; and, but he's something stain'd
With grief that's beauty's canker, thou mightst call him
A goodly person: he hath lost his fellows
And strays about to find 'em.

प्रोस्पेरो

नहीं, बच्ची। यह खाता है और सोता है और उसकी ऐसी ही ज्ञानेन्द्रियां है जैसी हमारी हैं। यह बांका आदमी जिसे तुम देख रही हो टूटे जहाज में था; और, सिर्फ यह कि इस पर कुछ दुःख के निशान हैं जो खूबसूरती के लिए नासूर हैं, तुम इसे एक अच्छा-भला आदमी बुला सकती हो: इसने अपने साथियों को खो दिया है और यह उन्हें खोजने के लिए भटक रहा है।

MIRANDA

I might call him
A thing divine, for nothing natural
I ever saw so noble.

मिरैंडा

मैं उसे एक दिव्य जीव बुला सकती हूँ, क्योंकि मैंने कभी किसी प्राकृतिक वस्तु को इतना वैभवपूर्ण नहीं देखा।

PROSPERO

[Aside]

It goes on, I see,
As my soul prompts it. Spirit, fine spirit! I'll free thee
Within two days for this.

प्रोस्पेरो

[एक कोने में खुद से]

ये होता जा रहा है, मैं देख रहा हूँ, जैसे मैंने चाहा है। *आत्मा, शानदार आत्मा*[62]! इसके लिए मैं तुम्हें दो दिनों के भीतर आजाद कर दूंगा।

FERDINAND

Most sure, the goddess
On whom these airs attend! Vouchsafe my prayer
May know if you remain upon this island;
And that you will some good instruction give
How I may bear me here: my prime request,

---

[62] एरिअल के लिए सम्बोधन

Which I do last pronounce, is, O you wonder!
If you be maid or no?

फर्डिनैंड

मुझे बिलकुल यकीन है, कि यह कोई देवी है जिसके लिए ये संगीत है! मेरी विनती पूरी करो जिससे मैं जान सकूँ कि आप अभी भी इस द्वीप में हैं; और यह कि आप मुझे कुछ अच्छी हिदायत देंगी कि *कैसे यहाँ मैं खुद को संभाल सकता हूँ*[63]। मेरी मुख्य विनती, जिसे मैं सबसे अंत में कर रहा हूँ वह यह है कि–ओह आप विस्मयकारी हैं!–क्या आप युवती हैं अथवा नहीं?

MIRANDA

No wonder, sir;
But certainly a maid.

मिरैंडा

विस्मय मत करिए, श्रीमान। निश्चित तौर पर मैं सिर्फ एक युवती हूँ।

FERDINAND

My language! heavens!
I am the best of them that speak this speech,
Were I but where 'tis spoken.

फर्डिनैंड

---

[63] अर्थात मैं किस तरह का आचरण करूं कि यहाँ मैं सुरक्षित रहूँ।

मेरी भाषा! ईश्वर! मैं उन लोगों में सर्वश्रेष्ठ हूँ जो यह बोली बोलते हैं। काश मैं वहाँ होता जहाँ यह बोली जाती है।

PROSPERO

How? the best?
What wert thou, if the King of Naples heard thee?

प्रोस्पेरो

कैसे? सर्वश्रेष्ठ? तुम्हारा क्या होगा, अगर नेपल्स के राजा तुम्हें सुन लें?

FERDINAND

A single thing, as I am now, that wonders
To hear thee speak of Naples. He does hear me;
And that he does I weep: myself am Naples,
Who with mine eyes, never since at ebb, beheld
The king my father wreck'd.

फर्डिनैंड

एक ही चीज होगी–विस्मय– जैसे मैं अभी हूँ –आपको नेपल्स के बारे में बोलते हुए सुनकर[64]। वह मुझे सुन रहे हैं; और क्योंकि वह सुन रहे हैं मैं रो रहा हूँ: मैं खुद नेपल्स हूँ, जिसने अपनी खुद की आँखों से, राजा अपने पिता को जहाज के साथ डूबते देखा।[65]

MIRANDA

---

[64] जैसे मैं आपके मुख से नेपल्स के बारे में सुनकर हैरत में हूँ, वैसे ही किसी और को भी हैरत होगी।

[65] फर्डिनैंड कह रहा है कि अब वह नेपल्स का राजा है क्योंकि उसके पिता का जहाज, उसने डूबते देखा है और यही उसके शोक का कारण है।

Alack, for mercy!

मिरैंडा

हाय, कितनी हमदर्दी की बात है!

FERDINAND

Yes, faith, and all his lords; the Duke of Milan
And his brave son being twain.

फर्डिनैंड

हाँ, सच में, और उनके सभी सामंत –जिनमें मिलान का ड्यूक और उनका बहादुर बेटा वे दोनों, भी (डूब गये)।

PROSPERO

[Aside]

The Duke of Milan
And his more braver daughter could control thee,
If now 'twere fit to do't. At the first sight
They have changed eyes. Delicate Ariel,
I'll set thee free for this.

[To FERDINAND]

A word, good sir;
I fear you have done yourself some wrong: a word.

प्रोस्पेरो

[एक कोने में खुद से]

मिलान का ड्यूक और उसकी ज्यादा बहादुर बेटी तुमको वश में कर सकते हैं, अगर अभी यह करना उचित होता। पहली नजर में इनकी आँखें मिल गई हैं[66]। व्यवहार–कुशल एरिअल, मैं तुमको इसके लिए आजाद कर दूंगा।

[66] दोनों में प्रेम हो गया है।

[फर्डिनैंड से]

एक बात कहूं, भले मानुस। मुझे डर है कि तुमने खुद ही कुछ गलत किया है। यही बात है।

MIRANDA

Why speaks my father so ungently? This
Is the third man that e'er I saw, the first
That e'er I sigh'd for: pity move my father
To be inclined my way!

मिरैंडा

मेरे पिता इतने रूखेपन से क्यों बोल रहे हैं? यह तीसरा आदमी है जिसे मैंने कभी देखा, और पहला है जिसके लिए मैंने आहें भरी: मेरे पिता को तरस आ जाये और वे मेरी तरह सोचने लगें।

FERDINAND

O, if a virgin,
And your affection not gone forth, I'll make you
The queen of Naples.

फर्डिनैंड

ओ, अगर आप कुंवारी हैं और *आपको किसी और की चाहत नहीं है*[67], तो मैं आपको नेपल्स की महारानी बनाऊँगा।

---

[67] आप किसी अन्य से प्रेम नहीं करती हैं।

PROSPERO

Soft, sir! one word more.

[Aside]

They are both in either's powers; but this swift business
I must uneasy make, lest too light winning
Make the prize light.

(To FERDINAND)

One word more; I charge thee
That thou attend me: thou dost here usurp
The name thou owest not; and hast put thyself
Upon this island as a spy, to win it
From me, the lord on't.

प्रोस्पेरो

धीरे श्रीमान! एक और बात कहनी है।

[एक कोने में खुद से]

दोनों एक दूसरे के वश में हैं; लेकिन इस जल्दी के काम को मुझे मुश्किल बनाना होगा, कहीं बहुत आसानी से मिली जीत, इनाम के महत्व को हल्का न बना दे।

(फर्डिनैंड से)

एक और बात कहनी है। मैं तुमसे कहता हूँ कि तुम मेरी बात सुनो : यहाँ तुमने वह नाम हथिया लिया है जो तुम्हारे पास नहीं है[68]। और तुमने खुद को इस द्वीप पर एक गुप्तचर की तरह लगा लिया है, जिससे तुम इसे मुझसे, इस द्वीप के स्वामी से, छीन सको।

FERDINAND

No, as I am a man.

फर्डिनैंड

नहीं, (यह सही नहीं है) क्योंकि मैं एक मर्द हूँ।

MIRANDA

There's nothing ill can dwell in such a temple:
If the ill spirit have so fair a house,
Good things will strive to dwell with't.

मिरैंडा

ऐसे मंदिर में कोई भी बुरी चीज नहीं बस सकती[69]। अगर किसी बुरी आत्मा का इतना खूबसूरत निवास हो तो अच्छी चीजें भी उसमें बसने के लिए संघर्ष करेंगी[70]।

---

[68] प्रोस्पेरो आरोप लगा रहा है कि नेपल्स के राजा होने का, फर्डिनैंड का दावा झूठा है।

[69] ऐसे खूबसूरत शरीर वाले आदमी में कोई बुराई नहीं हो सकती है।

[70] अगर एक बुरी आत्मा ऐसे खूबसूरत शरीर में रहती हो तो अच्छे गुण भी ऐसे शरीर में रहने के लिए संघर्ष करेंगे।

PROSPERO

(to FERDINAND)

Follow me.

(to MIRANDA)
Speak not you for him; he's a traitor.

(to FERDINAND)

Come;
I'll manacle thy neck and feet together:
Sea-water shalt thou drink; thy food shall be
The fresh-brook mussels, wither'd roots and husks
Wherein the acorn cradled. Follow.

प्रोस्पेरो

(फर्डिनैंड से)

मेरे पीछे आओ।

(मिरैंडा से)

तुम उसके बारे में मत बोलो; यह एक दगाबाज है।

(फर्डिनैंड से)

आओ; मैं तुम्हारे गले और पाँव को एकसाथ बेड़ियाँ पहना दूँ: तुम खारा पानी पियोगे; तुम्हारा खाना ताज़ी-नदियों के घोंघे[71], मुरझाई जड़ें और छिलके, जिनमें कभी शाहबलूत के फल उपजे थे, होंगे। पीछे आओ।

FERDINAND

No;
I will resist such entertainment till
Mine enemy has more power.

[FERDINAND draws his sword, and is charmed from moving]

फर्डिनैंड

नहीं; मैं ऐसे व्यवहार का विरोध करूँगा जब तक कि मेरा दुश्मन मुझसे ताकतवर न हो।

[फर्डिनैंड अपनी तलवार निकालता है, और (प्रोस्पेरो के) जादू से हिल नहीं पाता]

MIRANDA

O dear father,
Make not too rash a trial of him, for
He's gentle and not fearful.

---

[71] घोंघों की प्रजाति जो खाने योग्य नहीं होती।

मिरैंडा

ओह प्रिय पिताजी, उसका निर्णय इतनी जल्दी मत कीजिए, क्योंकि वह शरीफ है और भयावह नहीं है।

PROSPERO

What? I say,
My foot my tutor? Put thy sword up, traitor;
Who makest a show but darest not strike, thy
conscience
Is so possess'd with guilt: come from thy ward,
For I can here disarm thee with this stick
And make thy weapon drop.

प्रोस्पेरो

क्या? मैं कहता हूँ, अब मुझसे छोटे लोग, मेरे गुरु बनेंगे[72]? अपनी तलवार उठाओ, दगाबाज; तुम दिखावा तो करते हो पर हमला करने की जुर्रत नहीं करते, तुम्हारा ज़मीर अपराध-बोध से बहुत भरा हुआ है: अपनी बचावमुद्रा से बाहर आओ, क्योंकि यहाँ मैं इस डंडे से तुम्हें निहत्था कर सकता हूँ और तुम्हारा हथियार गिरा सकता हूँ।

MIRANDA

Beseech you, father.

---

[72] अर्थात "अब तुम मुझे सिखाओगी कि मुझे क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए?"

मिरैंडा

मैं आपसे विनती करती हूँ, पिताजी।

PROSPERO

Hence! hang not on my garments.

प्रोस्पेरो

चली जाओ! मेरे कपड़ों पर मत लटको[73]।

MIRANDA

Sir, have pity;
I'll be his surety.

मिरैंडा

श्रीमान, दया कीजिए। मैं उसकी जिम्मेदारी लेती हूँ।

PROSPERO

Silence! one word more
Shall make me chide thee, if not hate thee. What!
An advocate for an imposter! hush!
Thou think'st there is no more such shapes as he,
Having seen but him and Caliban: foolish wench!

---

[73] अर्थात कपड़ों को खींचकर मुझे रोकने की कोशिश मत करो।

To the most of men this is a Caliban
And they to him are angels.

प्रोस्पेरो

चुप! एक शब्द और बोला तो मैं तुम्हें डाँटने लगूँगा, यदि मैं तुमसे नफरत नहीं करूँगा[74]। क्या, तुम एक ढोंगी की हिमायती बनोगी? खामोश! केवल इसे और कैलिबैन को देखने की वजह से, तुम सोचती हो कि इसके जैसी डील-डौल वाले और लोग नहीं हैं, बेवकूफ लड़की! ज्यादातर आदमियों के लिए यह कैलिबैन है, और वे सभी इसकी तुलना में देवदूत हैं।

MIRANDA

My affections
Are then most humble; I have no ambition
To see a goodlier man.

मिरैंडा

तब, मेरी कोमल भावनाएं बहुत ही सीधी-सादी हैं। मुझे इससे बेहतर आदमी देखने की कोई अभिलाषा नहीं है।

PROSPERO

(to FERDINAND)

---

[74] भले ही मैं तुमसे नफरत न करूँ, परन्तु मैं तुम्हें डाँटने लगूंगा।

Come on; obey:
Thy nerves are in their infancy again
And have no vigour in them.

प्रोस्पेरो

(फर्डिनैंड से)

चलो। मेरी बात मानो। तुम्हारी नसें एक बार फिर से शैशवावस्था जैसी हो गयी हैं और उनमें कोई ताकत नहीं है।

FERDINAND

So they are;
My spirits, as in a dream, are all bound up.
My father's loss, the weakness which I feel,
The wreck of all my friends, nor this man's threats,
To whom I am subdued, are but light to me,
Might I but through my prison once a day
Behold this maid: all corners else o' the earth
Let liberty make use of; space enough
Have I in such a prison.

फर्डिनैंड

वो तो है; मेरा जोश, पूरी तरह कैद हो गया है, जैसे सपने में हो। मेरे पिता की मौत, यह कमजोरी जिसे मैं महसूस कर रहा हूँ, मेरे दोस्तों की तबाही—यहाँ तक कि इस आदमी की धमकियाँ भी, जिसके आगे मैं विवश हूँ, मेरे लिए सिर्फ मामूली बात होगी, यदि दिन में केवल एक बार मैं इस युवती को अपनी कारागार से देख सकूँ। तो दुनिया के बाकी

सारे कोनों की आजादी को मैं छोड़ सकता हूँ; मेरे लिए कारागार में इतनी जगह काफी है।

PROSPERO

[Aside]

It works.

[To FERDINAND]

Come on.

[Aside]
Thou hast done well, fine Ariel!

[To FERDINAND]

Follow me.

[To ARIEL]

Hark what thou else shalt do me.

प्रोस्पेरो

[एक कोने में खुद से]

यह काम कर रहा है।

[फर्डिनैंड से]

चलो आओ।

[एक कोने में खुद से]

तुमने अच्छा काम किया, भले एरिअल।

[फर्डिनैंड से]

मेरे पीछे आओ!

[एरिअल से]

सुनो, तुम्हें मेरे लिए और क्या करना है।

MIRANDA

[To FERDINAND]

Be of comfort;
My father's of a better nature, sir,
Than he appears by speech: this is unwonted
Which now came from him.

मिरैंडा

[फर्डिनैंड से]

सांत्वना रखो; श्रीमान, *मेरे पिता (जैसे वह अपनी बोली से लगते हैं) का स्वभाव उनकी बोली से बेहतर है*[75]। उनके मुंह से अब जो कुछ निकला है वह असामान्य है।

---

[75] अर्थात मेरे पिता केवल शब्दों से ही कठोर हैं अंदर से वे बेहतर स्वभाव के व्यक्ति हैं।

PROSPERO

Thou shalt be free
As mountain winds: but then exactly do
All points of my command.

प्रोस्पेरो

तुम पर्वतों की हवाओं की तरह आजाद हो जाओगे: लेकिन उसके लिये तुम्हें मेरे आदेश के हर बिंदु का सटीकता से पालन करना होगा।

ARIEL

To the syllable.

एरिअल

शब्दशः करूँगा।

PROSPERO

[to Ferdinand]

Come, follow.

[to Miranda]

Speak not for him.

प्रोस्पेरो

[फर्डिनैंड से]

आओ, पीछे आओ।

[मिरैंडा से]

उसके बारे में बोलना भी मत।

[Exeunt]

[निकास]

ACT II

नाटकांक २

SCENE I. Another part of the island.

दृश्य १ . द्वीप का दूसरा भाग

[Enter ALONSO, SEBASTIAN, ANTONIO, GONZALO, ADRIAN, FRANCISCO, and others]

[एलॉन्ज़ो, सेबैस्टियन, एंटोनियो, गौन्ज़ालो, एड्रियन, फ्रैंसिस्को एवं अन्य लोगों का प्रवेश]fair

GONZALO

Beseech you, sir, be merry; you have cause,
So have we all, of joy; for our escape
Is much beyond our loss. Our hint of woe
Is common; every day some sailor's wife,
The masters of some merchant and the merchant
Have just our theme of woe; but for the miracle,
I mean our preservation, few in millions
Can speak like us: then wisely, good sir, weigh
Our sorrow with our comfort.

गौन्ज़ालो

आपसे विनती करता हूँ, श्रीमान, खुश रहिये; आपके पास और आपकी ही तरह हम सभी के पास खुश होने की वजह है; क्योंकि हमारा बच निकलना हमारे नुकसान से कहीं बड़ा है। हमारे दुःख के लक्षण आम हैं। हर दिन किसी नाविक की पत्नी, किसी न किसी व्यापारिक जहाज के संचालक, और व्यापारी हम लोगों जैसा ही दुःख पाते रहते हैं। सिवाय एक चमत्कार के, मेरा मतलब है हमारा बचना, लाखों में कुछ ही हमारी तरह होंगे जो ऐसे बातें कर सकते हैं। इसलिए अच्छे श्रीमान, हमारे दुःख और हमारी राहत को अक्लमंदी से तौलिये।

ALONSO

Prithee, peace.

एलॉन्ज़ो

कृपया, चुप हो जाओ।

SEBASTIAN

He receives comfort like cold porridge.

सेबैस्टियन

ये राहत को ठण्डी दलिया की तरह लेते हैं।

ANTONIO

The visitor will not give him o'er so.

एंटोनियो

एक शुभचिंतक[76] इस तरह इनको नहीं छोड़ेगा।

SEBASTIAN

Look he's winding up the watch of his wit;
by and by it will strike.

सेबैस्टियन

देखो, वह अपने विवेक की घड़ी को चाबी दे रहा है[77]; जल्दी ही यह बजेगी[78]।

GONZALO

---

[76] गौन्ज़ालो इतनी आसानी से एलॉन्ज़ो को अकेला, दुःखी नहीं छोड़ेगा।
[77] पहले के जमाने में घड़ियों को चलाने के लिए उन्हें चाबी दी जाती थी।
[78] गौन्ज़ालो अपने दिमाग में विचार कर रहा है, वह जल्दी ही बोलेगा।

Sir,--

गौन्ज़ालो

श्रीमान, --

SEBASTIAN

One: tell.

सेबैस्टियन

एक; बताओ[79]।

GONZALO

When every grief is entertain'd that's offer'd,
Comes to the entertainer--

गौन्ज़ालो

जब दिए गए हर दुःख को स्वीकार कर लिया जाए, तो एंटरटेनर[80] के पास आता है--

SEBASTIAN

A dollar.

---

[79] सेबैस्टियन कह रहा है कि गौन्ज़ालो ने बोलना शुरू कर दिया है, अब देखते जाओ वह कितना बोलेगा।

[80]एंटरटेनर (Entertainer) - शब्द का पहला अर्थ है वह व्यक्ति जो चीजों को स्वीकार करे। दूसरा अर्थ है वह व्यक्ति जो लोगों का मनोरंजन करे।

सेबैस्टियन

एक डॉलर।[81]

GONZALO

Dolor comes to him, indeed: you
have spoken truer than you purposed.

गौन्ज़ालो

यकीनन, उसके पास डॉलर[82] आता है। आपने अपने आशय से ज्यादा सही बोल दिया है।

SEBASTIAN

You have taken it wiselier than I meant you should.

सेबैस्टियन

तुमने इसे मेरे आशय से, ज्यादा समझदारी से ले लिया।

GONZALO

Therefore, my lord,--

---

[81] सेबैस्टियन गौन्ज़ालो के "एंटरटेनर" शब्द के दूसरे अर्थ "मनोरंजनकर्ता" द्वारा व्यंग्य कर रहा है। पहले के जमाने में मनोरंजनकर्ताओं को उनकी कलाकारी के लिए इनाम स्वरूप चाँदी का बड़ा सिक्का (dollar) दिया जाता था। यहाँ सेबैस्टियन, एंटरटेनर को चांदी का बड़ा सिक्का देने की बात कह रहा है।

[82] Dolour-शोक

गौन्ज़ालो

इसलिए, माय लॉर्ड, --

ANTONIO

Fie, what a spendthrift is he of his tongue!

एंटोनियो

धत्, यह अपनी जुबान से कितना फिजूलखर्च है!

ALONSO

I prithee, spare.

एलॉन्ज़ो

कृपया, मुझे माफ करो!

GONZALO

Well, I have done: but yet,--

गौन्ज़ालो

अच्छा, मैंने किया। लेकिन फिर भी, --

SEBASTIAN

He will be talking.

सेबैस्टियन

यह बोलता रहेगा।

ANTONIO

Which, of he or Adrian, for a good
wager, first begins to crow?

एंटोनियो

अच्छा दाँव लगाने के लिए, इसमें और एड्रियन में से कौन पहले बांग देना शुरू करेगा[83]।

SEBASTIAN

The old cock.

सेबैस्टियन

बूढा मुर्गा।

ANTONIO

The cockerel.

एंटोनियो

युवा मुर्गा।

SEBASTIAN

---

[83] एंटोनियो सांकेतिक रूप से गौन्ज़ालो को बूढा मुर्गा और एड्रियन को युवा मुर्गा कह रहा है।

Done. The wager?

सेबैस्टियन

तो तय हो गया। दांव पर क्या है?

ANTONIO

A laughter.

एंटोनियो

एक हंसी।

SEBASTIAN

A match!

सेबैस्टियन

सौदा पक्का रहा!

ADRIAN

Though this island seem to be desert,--

एड्रियन

हालाँकि यह द्वीप निर्जन लगता है, --

ANTONIO

Ha, ha, ha!

एंटोनियो

हा, हा, हा!

SEBASTIAN

So, you're paid.

सेबैस्टियन

तुम्हारा भुगतान कर दिया गया है।

ADRIAN

Uninhabitable and almost inaccessible,--

एड्रियन

रहने योग्य नहीं है और लगभग दुर्गम्य है, --

SEBASTIAN

Yet,--

सेबैस्टियन

लेकिन, --

ADRIAN

Yet,--

एड्रियन

लेकिन, --

ANTONIO

He could not miss't.

एंटोनियो

वह इसे नजर-अंदाज नहीं कर सकता था।

ADRIAN

It must needs be of subtle, tender and delicate temperance.

एड्रियन

इसे तीक्ष्ण, सौम्य और नाजुक आबोहवा वाला होना चाहिए।

ANTONIO

Temperance was a delicate wench.

एंटोनियो

आबोहवा एक नाजुक लड़की है।[84]

SEBASTIAN

---

[84] एंटोनियो ने एड्रियन के द्वारा द्वीप के मौसम या आबोहवा के चित्रण को एक युवती के रूप में लिया है और नाजुक (delicate) का दूसरे अर्थ 'खतरनाक' के सन्दर्भ में उपयोग किया है।

Ay, and a subtle; as he most learnedly delivered.

सेबैस्टियन

हाँ, और तीक्ष्ण भी; जैसा इन्होंने बहुत विद्वतापूर्ण तरीके से बताया है।[85]

ADRIAN

The air breathes upon us here most sweetly.

एड्रियन

हवा यहाँ हमपर बहुत ही मधुरता से साँसे ले रही है[86]।

SEBASTIAN

As if it had lungs and rotten ones.

सेबैस्टियन

मानो इसके फेफड़े हों और वह भी सड़े हुए।

ANTONIO

Or as 'twere perfumed by a fen.

एंटोनियो

---

[85] एंटोनियो और सेबैस्टियन, द्वीप के बारे में एड्रियन के अच्छे विचारों को कमजोर करना चाहते हैं। यहाँ पर "तीक्ष्ण" (subtle) का अर्थ "विषम" है।

[86] यहाँ हमपर मधुर हवा बह रही है।

या जैसे दलदल ने इसको सुगंधित किया हो।

GONZALO

Here is everything advantageous to life.

गौन्ज़ालो

जिन्दगी के लिए फायदेमंद हर एक चीज यहाँ है।

ANTONIO

True; save means to live.

एंटोनियो

सही है; सिवाय जीने के साधन के।

SEBASTIAN

Of that there's none, or little.

सेबैस्टियन

उसके लिए[87] यहाँ कुछ नहीं है, या थोड़ा है।

GONZALO

How lush and lusty the grass looks! how green!

गौन्ज़ालो

---

[87] जीने के साधन के लिए

घास कितनी हरी–भरी और समृद्ध दिखाई देती है! कितनी हरी है!

ANTONIO

The ground indeed is tawny.

एंटोनियो

जमीन यकीनन नारंगी–सी भूरी है।

SEBASTIAN

With an eye of green in't.

सेबैस्टियन

इसमें हरियाली के लक्षण के साथ हैं।

ANTONIO

He misses not much.

एंटोनियो

उससे ज्यादा कुछ नहीं छूटा है[88]।

SEBASTIAN

No; he doth but mistake the truth totally.

सेबैस्टियन

---

[88] ऐसा कुछ ख़ास नहीं है, जिसे वह नहीं देख पा रहा है।

नहीं; उसने केवल सच को पूरी तरह से अनदेखा किया है।

GONZALO

But the rarity of it is,--which is indeed almost
beyond credit,--

गौन्ज़ालो

लेकिन इसकी दुर्लभता यह है, --जो वास्तव में लगभग अविश्वसनीय है, -

SEBASTIAN

As many vouched rarities are.

सेबैस्टियन

जैसे कई दुर्लभ चीजें प्रमाणित होती हैं।

GONZALO

That our garments, being, as they were, drenched in
the sea, hold notwithstanding their freshness and
glosses, being rather new-dyed than stained with
salt water.

गौन्ज़ालो

यह कि हमारे कपड़े, जो समुद्र में भीगने के बावजूद अभी भी साफ़ और चमकीले हैं, जैसे खारे पानी से उनकी नई रँगाई हुई है।

ANTONIO

If but one of his pockets could speak, would it not say he lies?

एंटोनियो

अगर उसकी सिर्फ एक जेब बोल सकती, तो क्या यह न कहती कि वह झूठ बोलता है[89]?

SEBASTIAN

Ay, or very falsely pocket up his report

सेबैस्टियन

हाँ, या अपनी जानकारी को गलत तरीके से जेब में डाल रहा है[90]।

[89] एंटोनियो कह रहा है कि यदि जेब बोल सकती तो बोलती कि वे कपड़े, गौन्ज़ालो के दावे जितने साफ़–सुथरे नहीं है।

[90] या जेब यह बोलती कि गौन्ज़ालो सच्चाई को गलत तरीके से छिपा रहा है।

GONZALO

Methinks our garments are now as fresh as when we put them on first in Afric, at the marriage of
the king's fair daughter Claribel to the King of Tunis.

गौन्ज़ालो

मैं सोचता हूँ हमारे कपड़े अब उतने साफ़ हैं जैसे तब थे जब हमने उन्हें पहली बार अफ्रीका में, राजा की खूबसूरत बेटी क्लैरेबेल के टूनस के राजा से विवाह पर, पहना था।

SEBASTIAN

'Twas a sweet marriage, and we prosper well in our return.

सेबैस्टियन

वह एक अच्छा विवाह था, और हमारी वापसी हमारे लिए बहुत अच्छे से संपन्न हुई[91]।

ADRIAN

Tunis was never graced before with such a paragon to their queen.

---

[91] यहाँ "अच्छे से संपन्न" को सेबैस्टियन ने व्यंग्यात्मक होकर कहा है। सेबैस्टियन गौन्ज़ालो के कथन पर व्यंग्य कर रहा है कि वापसी में उनका सामना तूफ़ान से हुआ, उनका पोतभंग हो गया और वे एक निर्जन द्वीप में फंसे हुए हैं।

एड्रियन

इससे पहले ट्रूनस कभी भी ऐसी आदर्श रानी को पाकर सुशोभित नहीं हुआ था।

GONZALO

Not since widow Dido's time.

गौन्ज़ालो

विधवा डाइडो[92] के समय से भी नहीं।

[92] यूनानी दंतकथाओं के अनुसार डाइडो (Dido) सिकीयस (Sychaeus) की विधवा थी, जो कार्थेज (Carthage) शहर की संस्थापक और महारानी थी।

ANTONIO

Widow! a pox o' that! How came that widow in? widow Dido!

एंटोनियो

विधवा! तुम्हारी बात को चेचक हो जाए! यहाँ विधवा कहाँ से आ गयी? विधवा डाइडो!

SEBASTIAN

What if he had said 'widower Aeneas' too? Good Lord, how you take it!

सेबैस्टियन

क्या होता अगर उसने 'विधुर ईनियस'[93] भी बोला होता? हे भगवान, तुम इस बात को कैसे कह सकते हो!

ADRIAN

'Widow Dido' said you? you make me study of that: she was of Carthage, not of Tunis.

एड्रियन

[93] विधुर ईनियस (Aeneas), विधवा डाइडो का प्रेमी था जो उसे छोड़ कर इटली की यात्रा पर निकल गया, जहाँ उसने रोम शहर को बसाया। ईनियस द्वारा छोड़े जाने के दुःख से डाइडो ने आत्महत्या कर ली।

आपने 'विधवा डाइडो' कहा? आपने मुझे इस बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया। वह कार्थेज की थी, टूनस की नहीं।

GONZALO

This Tunis, sir, was Carthage.

गौन्ज़ालो

श्रीमान, यह टूनस ही कार्थेज था।

ADRIAN

Carthage?

एड्रियन

कार्थेज?

GONZALO

I assure you, Carthage.

गौन्ज़ालो

मैं आपको यकीन दिलाता हूँ, कार्थेज था।

SEBASTIAN

His word is more than the miraculous harp; he hath raised the wall and houses too.

सेबैस्टियन

इनके शब्द चमत्कारी हार्प से महान हैं। इन्होंने भी दीवारें और मकान खड़े कर दिए हैं[94]।

ANTONIO

What impossible matter will he make easy next?

एंटोनियो

अगला कौन सा असंभव काम ये आसान कर देंगे?

SEBASTIAN

I think he will carry this island home in his pocket
and give it his son for an apple.

सेबैस्टियन

मुझे लगता है ये इस द्वीप को अपनी जेब में घर ले जायेंगे और एक सेब की तरह इसे अपने बेटे को दे देंगे।

ANTONIO

And, sowing the kernels of it in the sea, bring
forth more islands.

एंटोनियो

---

[94] यूनानी किंवदंतियों में ऐम्फियन (Amphion) ने अपने हार्प की चमत्कारी धुन से थीब्स (Thebes) की दीवार खड़ी कर दी थी। सेबैस्टियन कह रहा है कि गौन्ज़ालो ने भी कार्थेज को टूनस से मिलाकर, कार्थेज का पुनर्निर्माण कर दिया है।

और इसके बीजों को समुद्र में बोकर, कई सारे द्वीपों को अस्तित्व में लायेंगे।

GONZALO

Ay.

गौन्ज़ालो

हाँ।

ANTONIO

Why, in good time.

एंटोनियो

अरे, समय आने पर करना।

GONZALO

[to Alonso]

Sir, we were talking that our garments seem now
as fresh as when we were at Tunis at the marriage
of your daughter, who is now queen.

गौन्ज़ालो

[एलॉन्ज़ो से]

श्रीमान, हम अपने कपड़ों के बारे में बात कर रहे थे जो अब इतने साफ़ लग रहे हैं जैसे तब थे जब हम टूनस में आपकी बेटी, जो अब रानी है, की शादी में थे।

ANTONIO

And the rarest that e'er came there.

एंटोनियो

और सबसे दुर्लभ (रानी) जो कभी वहाँ हुई है।

SEBASTIAN

Bate, I beseech you, widow Dido.

सेबैस्टियन

सिवाय, मैं तुमसे प्रार्थना कर रहा हूँ, विधवा डाइडो के।

ANTONIO

O, widow Dido! ay, widow Dido.

एंटोनियो

ओह, विधवा डाइडो! हाँ, विधवा डाइडो।

GONZALO

Is not, sir, my doublet as fresh as the first day I
wore it? I mean, in a sort.

गौन्ज़ालो

श्रीमान, क्या मेरी यह डब्लेट[95] उस दिन जैसी साफ़ नहीं है, जब मैंने इसे पहली बार पहना था? मेरा मतलब है, एक 'तरह' से।

ANTONIO

That sort was well fished for.

एंटोनियो

उस 'तरह' से अच्छे से ढूँढा गया।[96]

GONZALO

When I wore it at your daughter's marriage?

गौन्ज़ालो

जब मैंने इसे आपकी बेटी की शादी में पहना था?

ALONSO

You cram these words into mine ears against
The stomach of my sense. Would I had never
Married my daughter there! for, coming thence,
My son is lost and, in my rate, she too,
Who is so far from Italy removed
I ne'er again shall see her. O thou mine heir

---

[95] डब्लेट (Doublet) -एक प्रकार की कसी हुई जैकेट।
[96] यहाँ एंटोनियो गौन्ज़ालो के पूर्व कथन पर व्यंग्योक्ति कर रहा है।

Of Naples and of Milan, what strange fish
Hath made his meal on thee?

एलॉन्ज़ो

इन शब्दों को तुम, मेरे कानों में मेरी इच्छा के विरुद्ध ठूँस रहे हो। काश मैंने अपनी बेटी का वहाँ विवाह न किया होता! क्योंकि, वहाँ से आते हुए, मेरा बेटा खो गया और, मेरे अंदाजे से, वह भी इटली से इतनी दूर चली गई है कि मैं कभी उसे दोबारा नहीं देख पाऊँगा। ओह, नेपल्स के और मिलान के मेरे उत्तराधिकारी, किस अंजान मछली ने तुम्हें अपना भोजन बना लिया?

FRANCISCO

Sir, he may live:
I saw him beat the surges under him,
And ride upon their backs; he trod the water,
Whose enmity he flung aside, and breasted
The surge most swoll'n that met him; his bold head
'Bove the contentious waves he kept, and oar'd
Himself with his good arms in lusty stroke
To the shore, that o'er his wave-worn basis bow'd,
As stooping to relieve him: I not doubt
He came alive to land.

फ्रैंसिस्को

श्रीमान, वह जीवित हो सकते हैं। मैंने उन्हें अपने नीचे लहरों को पछाड़ते और उनपर सवारी करते, हुए देखा था। वह पानी पर रास्ता

बना रहे थे, *जिसके वैरभाव को उन्होंने किनारे फेंक दिया*[97] था, और खुद से टकराने वाली अतिविशालकाय लहरों के उमड़ाव का सामना किया; लड़ाकू लहरों से संघर्ष के दौरान उन्होंने अपना निर्भीक सिर ऊँचा रखा हुआ था, और अपनी मजबूत भुजाओं के जोरदार प्रहारों से वह खुद को तैराकर किनारे ले गए थे कि किनारे पर लहरों से घिसे (चट्टानों के) आधार ऐसे झुक गए मानो वे उन्हें राहत देने के लिए झुके हों। मुझे कोई संदेह नहीं है कि वे जमीन पर जीवित पहुँच गए थे।

ALONSO

No, no, he's gone.

एलॉन्ज़ो

नहीं, नहीं, वह मर गया है।

SEBASTIAN

Sir, you may thank yourself for this great loss,
That would not bless our Europe with your daughter,
But rather lose her to an African;
Where she at least is banish'd from your eye,
Who hath cause to wet the grief on't.

सेबैस्टियन

---

[97] पानी को चीरते हुए वह आगे बढ़ रहे थे।

श्रीमान, इस बड़े नुकसान के लिए आप खुद के आभारी हो सकते हैं, जिससे हमारे यूरोप को आपकी बेटी प्राप्त होने की कृपा नहीं हो सकती है, बल्कि उसे एक अफ़्रीकी के हाथों में गंवा दिया गया है।[98] जहाँ कम–से–कम वह आपकी आँख से दूर है, जो उसे दुःख से नम करने की वजह थी।[99]

ALONSO

Prithee, peace.

एलॉन्ज़ो

कृपया, चुप हो जाओ।

SEBASTIAN

You were kneel'd to and importuned otherwise
By all of us, and the fair soul herself
Weigh'd between loathness and obedience, at
Which end o' the beam should bow. We have lost your son,
I fear, forever: Milan and Naples have
More widows in them of this business' making

---

[98] सेबैस्टियन कह रहा है कि इस नुकसान का दोष एलॉन्ज़ो को जाता है क्योंकि एलॉन्ज़ो ने ही अपनी नाराजगी की वजह से अपनी बेटी को यूरोप से दूर अफ्रीकी टूनस के राजा के हवाले कर दिया, जहाँ वह उसे शायद ही कभी देख पायें। और वहाँ से लौटकर आते समय अब फर्डीनैंड भी तूफ़ान का शिकार हो गया है।

[99] टूनस में जाकर एलॉन्ज़ो की बेटी, जो एलॉन्ज़ो के दुःख की वजह थी अब एलॉन्ज़ो की नजरों से दूर हो गई है।

Than we bring men to comfort them:
The fault's your own.

सेबैस्टियन

हम सभी आपके आगे घुटने टेक रहे थे और ऐसी जिद न करने के लिए आपसे मिन्नतें कर रहे थे, और वह *खूबसूरत जीव* खुद को तौल रही थी कि घृणा और आज्ञाकारिता के बीच, तराजू किधर झुकता है।[100]

हमने आपके बेटे को खो दिया है, मुझे डर है, हमेशा के लिए। इस प्रकरण से, मिलान और नेपल्स में, हम औरतों को सांत्वना देने के लिए जितने आदमी ले जा रहे हैं, उससे ज्यादा वहां विधवाएँ बन गयी हैं। यह आपकी खुद की गलती है।

ALONSO

So is the dear'st o' the loss.

एलॉन्ज़ो

यही तो सबसे बड़ा गम है।

GONZALO

My lord Sebastian,
The truth you speak doth lack some gentleness
And time to speak it in: you rub the sore,
When you should bring the plaster.

---

[100] राजकुमारी खुद को तौल रही थी कि टूनस के राजा के प्रति उसकी घृणा और अपने पिता के प्रति उसकी आज्ञाकारिता के बीच में किसकी जीत होती है।

गौन्ज़ालो

माय लॉर्ड सेबैस्टियन, आपने जिस सच को कहा है उसमें सौम्यता की थोड़ी कमी है। और जिस समय आप इसे बोल रहे हैं—आप घाव को कुरेद रहे हैं, जबकि आपको मरहम लगाना चाहिए।

SEBASTIAN

Very well.

सेबैस्टियन

बहुत अच्छे।

ANTONIO

And most chirurgeonly.

एंटोनियो

और बिलकुल चिकित्सक की भांति।

GONZALO

[to Alonso]

It is foul weather in us all, good sir,
When you are cloudy.

गौन्ज़ालो

[एलॉन्ज़ो से]

अच्छे श्रीमान, आप जब निराश हो जाते हैं तो हमारे लिए मौसम खराब हो जाता है।

SEBASTIAN

Foul weather?

सेबैस्टियन

मौसम खराब हो जाता है?

ANTONIO

Very foul.

एंटोनियो

बहुत खराब।

GONZALO

Had I plantation of this isle, my lord,--

गौन्ज़ालो

अगर मेरे पास इस टापू को बसाने का अधिकार[101] होता, माय लॉर्ड, --

ANTONIO

He'ld sow't with nettle-seed.

---

[101] Plantation–बस्ती बसाना; बग़ीचा लगाना।

एंटोनियो

तो ये यहाँ बिच्छू-बूटी[102] के बीज बो देते।

SEBASTIAN

Or docks, or mallows.

सेबैस्टियन

या डॉक्स[103], या मैलोज़[104]।

GONZALO

And were the king on't, what would I do?

गौन्ज़ालो

और यदि मैं इस (जगह) पर राजा होता, तो मैं क्या करता?

SEBASTIAN

'Scape being drunk for want of wine.

सेबैस्टियन

शराब की कमी से, शराबी होने से बच जाते।

---

[102] Nettle –चुभने वाले पौधे।
[103] डॉक्स (Docks)-पौधा जिससे बिच्छू बूटी की दवा तैयार की जाती है।
[104] मैलोज़ (Mallows)-फूलों वाले पौधे जिन्हें इंसानों द्वारा खाया जा सकता है।

GONZALO

I' the commonwealth I would by contraries
Execute all things; for no kind of traffic
Would I admit; no name of magistrate;
Letters should not be known; riches, poverty,
And use of service, none; contract, succession,
Bourn, bound of land, tilth, vineyard, none;
No use of metal, corn, or wine, or oil;
No occupation; all men idle, all;
And women too, but innocent and pure;
No sovereignty;--

गौन्ज़ालो

राज्य में, मैं परम्परागत तरीके से बिलकुल भिन्न सारी चीजों का संचालन करता; क्योंकि किसी भी तरह के व्यापार को करने की मैं अनुमति नहीं देता; किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को मैं नामित नहीं करता; शिक्षा अज्ञात रहती; अमीरी, गरीबी, और गुलामों का इस्तेमाल, कुछ भी नहीं होता; करार, उत्तराधिकार, सीमायें, जमीन के सीमाचिह्न, भूमि की जुताई, अंगूर के बागीचे, कुछ भी नहीं होते; किसी भी धातु, अनाज, या शराब, या तेल का इस्तेमाल नहीं होता; कोई रोजगार नहीं होता; सारे आदमी खाली होते, सारे; और औरतें भी, लेकिन वे मासूम और पवित्र होते; कोई संप्रभु[105] नहीं होता; --

[105] सत्ताधारी

SEBASTIAN

Yet he would be king on't.

सेबैस्टियन

फिर भी ये उसपर राजा होते।

ANTONIO

The latter end of his commonwealth forgets the beginning.

एंटोनियो

इनके 'राज्य' का अंतिम हिस्सा, शुरुआत को भूल जाता है।

GONZALO

All things in common nature should produce
Without sweat or endeavour: treason, felony,
Sword, pike, knife, gun, or need of any engine,
Would I not have; but nature should bring forth,
Of its own kind, all foison, all abundance,
To feed my innocent people.

गौन्ज़ालो

साधारण प्रकृति वाली सारी चीजें, बिना किसी परिश्रम अथवा कोशिश के पैदा होनी चाहिए—गद्दारी, आपराधिक कृत्य, तलवार, भाले, चाकू, बन्दूक, अथवा कोई भी अन्य साधन मुझे नहीं चाहिए।

लेकिन प्रकृति को खुद ही, मेरे मासूम लोगों के पालन–पोषण के लिए
सब कुछ बहुतायत में, सब कुछ प्रचुर मात्रा में पैदा करना होगा।

SEBASTIAN

No marrying 'mong his subjects?

सेबैस्टियन

इनकी प्रजा में कोई विवाह नहीं होगा?

ANTONIO

None, man; all idle: whores and knaves.

एंटोनियो

नहीं, मित्र; तवायफें और बेईमान– सभी खाली होंगे।

GONZALO

I would with such perfection govern, sir,
To excel the golden age.

गौन्ज़ालो

श्रीमान, मैं इतनी प्रवीणता से शासन करता कि (मेरा राज्य)
स्वर्णिम युग से आगे हो जाता।

SEBASTIAN

God save his majesty!

सेबैस्टियन

ईश्वर 'हिज मेजेस्टी' की रक्षा करे!

ANTONIO

Long live Gonzalo!

एंटोनियो

गौन्ज़ालो चिरंजीवी हों!

GONZALO

And,--do you mark me, sir?

गौन्ज़ालो

और, --क्या आप मुझपर गौर कर रहे हैं, श्रीमान?

ALONSO

Prithee, no more: thou dost talk nothing to me.

एलॉन्ज़ो

कृपया, बस करो। तुम मुझसे महत्वहीन बात कह रहे हो।

GONZALO

I do well believe your highness; and
did it to minister occasion to these gentlemen,
who are of such sensible and nimble lungs that
they always use to laugh at nothing.

गौन्ज़ालो

'योर हाईनेस' मुझे भी यह बात अच्छे से पता है; और ऐसा मैंने इसलिए किया ताकि इन सज्जनों को (हँसने का) मौका मिल जाए। ये, जो इतने समझदार और सजीव फेफड़े वाले हैं, हमेशा बेमतलब की बातों पर हँसते हैं।

ANTONIO

'Twas you we laughed at.

एंटोनियो

वह 'तुम' थे जिसपर हम हँस रहे थे।

GONZALO

Who in this kind of merry fooling am nothing
to you: so you may continue and laugh at
nothing still.

गौन्ज़ालो

(मैं) जो, इस तरह की आनंददायक बेवकूफी में, आपके लिए कुछ नहीं हूँ। इसलिए आप जारी रखिये और बेमतलब हँसिये।

ANTONIO

What a blow was there given!

एंटोनियो

(इन्होंने) यहाँ कितनी तगड़ी चोट दी!

SEBASTIAN

An it had not fallen flat-long.

सेबैस्टियन

अगर, यह औंधे मुंह नहीं गिरी होती।

GONZALO

You are gentlemen of brave mettle; you would lift
the moon out of her sphere, if she would continue
in it five weeks without changing.

गौन्ज़ालो

आपकी दृढ़ता साहसपूर्ण है। अगर चाँद पाँच सप्ताह अपना रास्ता बदले
बगैर चले, तो आप उसे उसकी कक्षा[106] से उठा सकते हैं।

[Enter ARIEL, invisible, playing solemn music]

[अदृश्य एरिअल का गंभीर संगीत बजाते हुए प्रवेश]

SEBASTIAN

We would so, and then go a bat-fowling.

सेबैस्टियन

---

[106] परिक्रमा करने वाले मार्ग।

हम ऐसा करेंगे, और फिर चिड़ियों का शिकार करने जायेंगे।[107]

ANTONIO

(to GONZALO)

Nay, good my lord, be not angry.

एंटोनियो

(गौन्ज़ालो से)

नहीं, अच्छे माय लॉर्ड, क्रोधित मत होइए।

GONZALO

No, I warrant you; I will not adventure
my discretion so weakly. Will you laugh
me asleep, for I am very heavy?

गौन्ज़ालो

नहीं, मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ। इतनी दुर्बलता से अपने विवेक के इस्तेमाल का जोखिम मैं नहीं लूँगा। क्या आप सोने के लिए मुझपर हँसेंगे, क्योंकि मैं बहुत बोझिल हो रहा हूँ?

ANTONIO

Go sleep, and hear us.

---

[107] अमावस्या की रात में अचानक रोशनी पड़ने से, चिड़ियाएँ असहाय हो जाती हैं।

एंटोनियो

जाओ सोओ, और हमारी बातें सुनो।

[All sleep except ALONSO, SEBASTIAN, and ANTONIO]

[एलॉन्ज़ो, सेबैस्टियन, और एंटोनियो को छोड़कर सभी सो जाते हैं]

ALONSO

What, all so soon asleep! I wish mine eyes
Would, with themselves, shut up my thoughts: I find
They are inclined to do so.

एलॉन्ज़ो

क्या, सभी इतनी जल्दी सो गए! काश मेरी आँखें अपने साथ मेरे विचारों को भी बंद कर लेतीं। मुझे लगता है कि वे भी ऐसा करना चाहती हैं।

SEBASTIAN

Please you, sir,
Do not omit the heavy offer of it:
It seldom visits sorrow; when it doth,
It is a comforter.

सेबैस्टियन

कृपया, श्रीमान आपको इनके बोझिल प्रस्ताव को नकारना नहीं चाहिए। यह (नींद) दुःखी लोगों से मिलने बिरले ही आती है; जब यह आती है, (तो) यह सांत्वना देती है।

ANTONIO

We two, my lord,
Will guard your person while you take your rest,
And watch your safety.

एंटोनियो

माय लॉर्ड, जब आप विश्राम कर रहे होंगे तब हम दोनों आपकी रखवाली करेंगे और आपकी सलामती देखेंगे।

ALONSO

Thank you. Wondrous heavy.

एलॉन्ज़ो

शुक्रिया। अद्भुत नींद।

[ALONSO sleeps. Exit ARIEL]

[एलॉन्ज़ो सो जाता है। एरिअल का निकास।]

SEBASTIAN

What a strange drowsiness possesses them!

सेबैस्टियन

कैसी अजीब नींद उन सब पर हावी है!

ANTONIO

It is the quality o' the climate.

एंटोनियो

यह मौसम की ख़ासियत है।

SEBASTIAN

Why
Doth it not then our eyelids sink? I find not
Myself disposed to sleep.

सेबैस्टियन

तब इससे हमारी आँखें क्यों नहीं डूब रही हैं? मुझे नहीं लगता कि मेरा सोने का मन है।

ANTONIO

Nor I; my spirits are nimble.
They fell together all, as by consent;
They dropp'd, as by a thunder-stroke. What might,
Worthy Sebastian? O, what might?--No more:--
And yet me thinks I see it in thy face,
What thou shouldst be: the occasion speaks thee, and
My strong imagination sees a crown
Dropping upon thy head.

एंटोनियो

न ही मेरा है। मेरा होश सजग है। वे सब एक साथ लेट गए, जैसे (आपसी) सहमति से (लेटे) हों। वे ऐसे गिरे पड़े हैं, जैसे वज्रपात से (गिरे) हों। क्या हो सकता है, माननीय सेबैस्टियन? ओह, क्या हो सकता है यदि?–अब और नहीं कहूँगा।–फिर भी मुझे लगता है इसे मैं आपके चेहरे में देखता हूँ, आपको क्या होना चाहिए। मौका आपसे कह रहा है, और मेरी प्रबल कल्पना आपके सिर पर एक ताज गिरते हुए देख रही है।

SEBASTIAN

What, art thou waking?

सेबैस्टियन

क्या? क्या तुम जाग रहे हो?

ANTONIO

Do you not hear me speak?

एंटोनियो

क्या आप मुझे बोलते हुए नहीं सुन रहे हैं?

SEBASTIAN

I do; and surely
It is a sleepy language and thou speak'st
Out of thy sleep. What is it thou didst say?
This is a strange repose, to be asleep

With eyes wide open; standing, speaking, moving,
And yet so fast asleep.

सेबैस्टियन

मैं सुन रहा हूँ। और यकीनन ये एक नींद की भाषा है जिसे तुम अपनी नींद की वजह से बोल रहे हो। यह क्या है जो तुमने कहा था? आँखें चौड़ी खुली रखते हुए सोना, यह एक विचित्र आराम है; खड़े रहना, बोलते रहना, चलते रहना और फिर तेजी से अच्छी नींद ले लेना।

ANTONIO

Noble Sebastian,
Thou let'st thy fortune sleep--die, rather; wink'st
Whiles thou art waking.

एंटोनियो

महान सेबैस्टियन, जागते हुए अपनी आँखें मूँद कर आप अपनी तकदीर को सोने दे रहे हैं–या यूं कहा जाए कि मरने दे रहे हैं।

SEBASTIAN

Thou dost snore distinctly;
There's meaning in thy snores.

सेबैस्टियन

तुम साफ़–साफ़ खर्राटे ले रहे हो। तुम्हारे खर्राटों में अर्थ है।

ANTONIO

I am more serious than my custom: you
Must be so too, if heed me; which to do
Trebles thee o'er.

एंटोनियो

आदतन मैं जैसे रहता हूँ उससे ज्यादा मैं गंभीर हूँ। आपको भी ऐसा ही होना चाहिए, अगर आप मुझपर ध्यान देते हैं, तो ऐसा करने पर आपको तिगुना मिलेगा।

SEBASTIAN

Well, I am standing water.

सेबैस्टियन

खैर, मैं तो स्थिर पानी हूँ।

ANTONIO

I'll teach you how to flow.

एंटोनियो

मैं आपको सिखाऊँगा कि कैसे बहा जाता है।

SEBASTIAN

Do so: to ebb
Hereditary sloth instructs me.

सेबैस्टियन

ऐसा ही करो। वंशानुगत सुस्ती[108] को दूर करने के लिए मेरा मार्गदर्शन करो।

ANTONIO

O,
If you but knew how you the purpose cherish
Whiles thus you mock it! how, in stripping it,
You more invest it! Ebbing men, indeed,
Most often do so near the bottom run
By their own fear or sloth.

एंटोनियो

ओह, काश इस मकसद का मजाक बनाते समय आप केवल यह जानते कि आप कैसे इसको सँजो रहे हैं! कैसे इसके चीथड़े-चीथड़े करते हुए, आप इसमें और ज्यादा रुचि ले रहे हैं! वाकई, गिरने वाले लोग तल के करीब पहुँचाने पर, अपने खुद के भय या आलस्य से अक्सर ऐसा ही करते हैं।

SEBASTIAN

Prithee, say on:
The setting of thine eye and cheek proclaim
A matter from thee, and a birth indeed
Which throes thee much to yield.

---

108 'वंशानुगत सुस्ती' से सेबैस्टियन का आशय एलॉन्ज़ो के बाद जन्म लेने से है, जिसकी वजह से वह राजा नहीं बन पाया।

सेबैस्टियन

कृपया, बोलते जाओ। तुम्हारी आँखों और गाल की दृढ़ता का लहजा बता रहा है कि तुम्हारे पास कोई ख़ास बात है, और सचमुच, बात की जड़ इसे जाहिर करने में तुम्हें ज्यादा तकलीफ दे रही है।

ANTONIO

Thus, sir:
Although this lord of weak remembrance, this,
Who shall be of as little memory
When he is earth'd, hath here almost persuade,--
For he's a spirit of persuasion, only
Professes to persuade,--the king his son's alive,
'Tis as impossible that he's undrown'd
And he that sleeps here swims.

एंटोनियो

इसलिए, श्रीमान। हालाँकि कमजोर याददाश्त वाले ये सामंत (गौन्ज़ालो) , जिनको शायद ही कोई याद करेगा जब इन्हें दफनाया जाएगा, यहाँ पर राजा को लगभग समझा चुके थे—क्योंकि यह समझाने वाले जीव हैं, जिन्हें केवल समझाने की आदत है, --कि उनका (राजा का) बेटा जिन्दा है, उसका न डूबना उतना ही असम्भव है जितना यह कहना कि वह जो यहाँ सो रहा है, तैर सकता है।

SEBASTIAN

I have no hope
That he's undrown'd.

सेबैस्टियन

मैं नाउम्मीद हूँ कि वह डूबा नहीं है।

ANTONIO

O, out of that 'no hope'
What great hope have you! no hope that way is
Another way so high a hope that even
Ambition cannot pierce a wink beyond,
But doubt discovery there. Will you grant with me
That Ferdinand is drown'd?

एंटोनियो

ओह, और इस 'नाउम्मीद' के होने से, आपके लिए कितनी बड़ी उम्मीद है! इस तरह की नाउम्मीद दूसरे नजरिये से इतनी बड़ी उम्मीद है कि महत्वाकांक्षा भी इसके परे नहीं झाँक सकती, लेकिन वहाँ होने वाली खोज पर संदेह कर रही है[109]। क्या आप मुझसे सहमत होंगे कि फर्डिनैंड डूब गया है?

SEBASTIAN

---

[109] सेबैस्टियन की राजा बनने की "महत्वाकांक्षा", फर्डिनैंड को मृत मान रही है। लेकिन अपनी महत्वाकांक्षा के बावजूद सेबैस्टियन को संदेह है कि फर्डिनैंड जीवित है अथवा नहीं।

He's gone.

सेबैस्टियन

वह मर गया है।

ANTONIO

Then, tell me,
Who's the next heir of Naples?

एंटोनियो

फिर, मुझे बताइये, नेपल्स का अगला वारिस कौन है?

SEBASTIAN

Claribel.

सेबैस्टियन

क्लैरेबेल।

ANTONIO

She that is queen of Tunis; she that dwells
Ten leagues beyond man's life; she that from Naples
Can have no note, unless the sun were post--
The man i' the moon's too slow--till new-born chins
Be rough and razorable; she that--from whom
We all were sea-swallow'd, though some cast again,
And by that destiny to perform an act

Whereof what's past is prologue, what to come
In yours and my discharge.

एंटोनियो

वह जो टूनस की रानी है। वह जो मनुष्य की जिंदगी से दस लीग दूर रहती है।[110] वह, जिसे नेपल्स से कभी कोई चिट्ठी नहीं मिलेगी, जब तक कि सूरज संदेशवाहक न हो–*चाँद में रहने वाला आदमी*[111] बहुत धीमा है–जितने में नवजात बच्चों की ठुड्डियाँ सख्त हो जाती हैं और उस्तरा चलाने योग्य हो जाती हैं। *वह* जिससे दूर आकर हम सभी समुद्र में निगल लिए गए। हालाँकि कुछ (लोगों) को समुद्र ने फिर से बाहर निकाल दिया, और उस नियति की वजह से एक काम किया जाना है जिसके लिए इतिहास प्रस्तावना था, जो अब आपके और मेरे द्वारा किया जाना है।

SEBASTIAN

What stuff is this! how say you?
'Tis true, my brother's daughter's queen of Tunis;
So is she heir of Naples; 'twixt which regions
There is some space.

---

[110] 10 लीग=30 मील। यहाँ सांकेतिक रूप से कहा गया है कि क्लैरेबेल मानव–सभ्यता से बहुत दूर रहती है वह नेपल्स की गद्दी पर कभी भी अपना अधिकार नहीं माँगेगी।

[111] Man in the moon-जब चाँद पूरा होता है उस समय चाँद पर बनने वाले इंसानी चेहरे, सिर अथवा शरीर की आकृति। यहाँ कहा जा रहा है कि सूरज को अपना चक्कर पूरा करने में एक दिन लगता है, जबकि चाँद को 28 दिन लगते हैं।

सेबैस्टियन

यह क्या बकवास है? तुमने कैसे कह दिया? यह सही है, मेरे भाई की बेटी टूनस की रानी है; इसी तरह वह नेपल्स की वारिस है; और इन दोनों जगहों में काफी दूरी है।

ANTONIO

A space whose every cubit
Seems to cry out, 'How shall that Claribel
Measure us back to Naples? Keep in Tunis,
And let Sebastian wake.' Say, this were death
That now hath seized them; why, they were no worse
Than now they are. There be that can rule Naples
As well as he that sleeps; lords that can prate
As amply and unnecessarily
As this Gonzalo; I myself could make
A chough of as deep chat. O, that you bore
The mind that I do! what a sleep were this
For your advancement! Do you understand me?

एंटोनियो

ऐसी दूरी जिसका हर क्यूबिट[112] चिल्लाता दिखाई देता है, 'कैसे वह क्लैरेबेल वापस हमें नेपल्स तक नापेगी? टूनस में रहो और सेबैस्टियन को मौज-मस्ती करने दो।' बताइये, यदि अभी उन्हें मौत

---

[112] हाथ की कुहनी से मध्यमा अंगुली की दूरी, जो लगभग 18 इंच की होती है।

ने पकड़ लिया होता; तो वे जैसे अभी हैं उससे बदतर नहीं होते।[113]
ऐसे लोग हैं जो नेपल्स पर उतने ही अच्छे ढंग से शासन कर सकते हैं
जैसे कि वह (एलॉन्ज़ो) जो सो रहा है; ऐसे सामंत हैं जो उतनी ही
ज्यादा और अनावश्यक बकबक कर सकते हैं, जैसे यह गौन्ज़ालो करता
है। मैं खुद भी कौवे की तरह ऐसे ही बकबका सकता हूँ। ओह, काश
आपके पास मेरे जैसी समझ होती! यह नींद आपकी कितनी तरक्की
कर सकती है! क्या आप मुझे समझ रहे हैं?

SEBASTIAN

Methinks I do.

सेबैस्टियन

मुझे लगता है मैं समझ रहा हूँ।

ANTONIO

And how does your content
Tender your own good fortune?

एंटोनियो

और कैसे आपकी संतुष्टि, आपकी स्वयं की अच्छी किस्मत दे सकती
है?

SEBASTIAN

---

[113] सोते हुए आदमी और मृत आदमी में कोई फर्क नहीं होता।

I remember
You did supplant your brother Prospero.

सेबैस्टियन

मुझे याद है, तुमने अपने भाई प्रोस्पेरो का स्थान ग्रहण कर लिया था।

ANTONIO

True:
And look how well my garments sit upon me;
Much feater than before: my brother's servants
Were then my fellows; now they are my men.

एंटोनियो

सच है। और देखिये मेरे कपड़े मुझपर कितने अच्छे से बैठते हैं[114]। पहले से भी कहीं ज्यादा मुनासिब तरीके से। तब मेरे भाई के नौकर मेरे साथी थे। अब वे मेरे आदमी हैं।

SEBASTIAN

But, for your conscience?

सेबैस्टियन

लेकिन, तुम्हारी अंतरात्मा का क्या?

ANTONIO

---

[114] अर्थात मैं अपनी नई जिम्मेदारी में कितना ज्यादा जंचता हूँ।

Ay, sir; where lies that? if 'twere a kibe,
'Twould put me to my slipper: but I feel not
This deity in my bosom: twenty consciences,
That stand 'twixt me and Milan, candied be they
And melt ere they molest! Here lies your brother,
No better than the earth he lies upon,
If he were that which now he's like, that's dead;
Whom I, with this obedient steel, three inches of it,
Can lay to bed for ever; whiles you, doing thus,
[gesturing to kill]
To the perpetual wink for aye might put
This ancient morsel, this Sir Prudence, who
Should not upbraid our course. For all the rest,
They'll take suggestion as a cat laps milk;
They'll tell the clock to any business that
We say befits the hour.

एंटोनियो

जी श्रीमान। वह कहाँ होती है? अगर मेरी एड़ियाँ फटी होतीं तो वे मुझे चप्पल पहनने पर मजबूर करतीं, लेकिन इस देवी[115] को मैं अपने हृदय में महसूस नहीं करता। मेरे और *मिलान* के बीच में खड़ी बीस अंतरात्मायें, जिन्हें भले ही चीनी में उबालकर अविकृत रखा गया हो, मुझे परेशान करने से पहले ही पिघल जायेंगी! यहाँ आपका भाई लेटा है–जो उस मिट्टी से बिलकुल बेहतर नहीं है, जिसपर वह लेटा हुआ है; अगर वह, *वो* होता, जिसकी तरह वह है,

[115] अंतरात्मा

यानी मृतक–*जिसको* इस *आज्ञाकारी* हथियार के तीन इंच से, मैं हमेशा के लिए मौत की नींद सुला देता;[116] जिस दौरान आप, यह करते हुए *[हत्या करने का इशारा करते हुए]* ––इस *प्राचीन प्राणी की*––इस *श्रीमान बुद्धिमान की*[117] हमेशा के लिए आँखें बंद कर देते, जिसे हमारे रास्ते को बुरा–भला कहने का मौका नहीं नहीं मिलना चाहिए[118]। रही बात बाकी सब की, तो वे हमारे प्रलोभन को ऐसे ले लेंगे जैसे एक बिल्ली दूध को चाटती है। वे किसी भी काम के लिए घड़ी को वैसा ही बताएंगे, जैसा हम वक्त के हिसाब से उचित कहेंगे।

SEBASTIAN

Thy case, dear friend,
Shall be my precedent; as thou got'st Milan,
I'll come by Naples. Draw thy sword: one stroke
Shall free thee from the tribute which thou payest;
And I the king shall love thee.

सेबैस्टियन

तुम्हारा मामला, प्रिय मित्र, मेरे लिए मिसाल होगा। जैसे तुमने मिलान को पा लिया, मैं नेपल्स को पा लूँगा। अपनी तलवार खींचो।

---

[116] यदि एलॉन्ज़ो अपनी सोयी हुई में मृत जैसा दिखने की बजाय वास्तविकता में मृत होता तो मैं उसको इस तीन इंच के हथियार से मार देता
[117] *"प्राचीन प्राणी"* (ancient morsel) और "श्रीमान बुद्धिमान" (Sir Prudence) दोनों ही गौन्ज़ालो के लिए अलंकारिक संबोधन हैं।
[118] आप गौन्ज़ालो को कुछ कहने से पहले ही हमेशा की नींद सुला दो।

एक वार करो और तुम उस शुल्क से आजाद हो जाओगे जिसका तुम भुगतान करते हो। और मैं राजा बनकर तुमको हमेशा चाहूँगा।

ANTONIO

Draw together;
And when I rear my hand, do you the like,
To fall it on Gonzalo.

एंटोनियो

एक साथ खींचते हैं। और जब मैं अपना हाथ पीछे उठाऊं, आप भी वैसा ही करिए और उसे गौन्ज़ालो पर पड़ने दीजिये।

[ANTONIO and SEBASTIAN draw their swords]

[एंटोनियो और सेबैस्टियन अपनी तलवारें निकाल लेते हैं]

SEBASTIAN

O, but one word.

सेबैस्टियन

ओह, लेकिन एक बात कहनी है।

[They talk apart]

[वे एक तरफ जाकर बातें करते हैं।]

[Re-enter ARIEL, invisible]

[एरिअल का अदृश्य अवस्था में, पुनः प्रवेश।]

ARIEL

(to GONZALO)

My master through his art foresees the danger
That you, his friend, are in; and sends me forth--
For else his project dies--to keep them living.

[Sings in GONZALO's ear]

While you here do snoring lie,
Open-eyed conspiracy
His time doth take.
If of life you keep a care,
Shake off slumber, and beware:
Awake, awake!

एरिअल

(गौन्ज़ालो से)

मेरे आका अपनी जादूगरी से वह खतरा देख रहे हैं, जिसमें उनके दोस्त, आप हैं। और उन्होंने मुझे आगे (यहाँ) भेजा है—क्योंकि अन्यथा इन्हें जिन्दा रखने की उनकी योजना तबाह हो जायेगी।

[गौन्ज़ालो के कान में गाता है।]

जब आप यहाँ खर्राटे लेते पड़े हैं,

जागती आँख वाले साजिश बनाने

का अवसर पा रहे हैं।

अगर आप जिंदगी की परवाह करते हैं।

(तो) नींद से छुटकारा पाइए, और सावधान रहिये।

जागिये, जागिये!

ANTONIO

Then let us both be sudden.

एंटोनियो

तो हम दोनों को शीघ्रता बरतनी चाहिए।

GONZALO

Now, good angels
Preserve the king.

गौन्ज़ालो

अब, भले देवदूतों, राजा की रखवाली करो।

[They wake]

[वे जाग जाते हैं।]

ALONSO

Why, how now? ho, awake! Why are you drawn?
Wherefore this ghastly looking?

एलॉन्ज़ो

अरे, अब क्या है? अरे, जागो! तुमने हथियार क्यों निकाले हैं?
इतने भयभीत क्यों दिख रहे हो?

GONZALO

What's the matter?

गौन्ज़ालो

क्या मामला है?

SEBASTIAN

Whiles we stood here securing your repose,
Even now, we heard a hollow burst of bellowing
Like bulls, or rather lions: did't not wake you?
It struck mine ear most terribly.

सेबैस्टियन

जब हम यहाँ खड़े होकर आपके विश्राम की रखवाली कर रहे थे, बिलकुल अभी, हमने साँड़ों, या ये कहना बेहतर होगा कि शेरों के चीखने की खोखली गूँज सुनी। क्या इसने आपको नहीं जगाया? यह बहुत ही भयानकता से मेरे कान से टकराई थी।

ALONSO

I heard nothing.

एलॉन्ज़ो

मैंने कुछ नहीं सुना।

ANTONIO

O, 'twas a din to fright a monster's ear,
To make an earthquake! sure, it was the roar
Of a whole herd of lions.

एंटोनियो

ओह, यह एक ऐसा शोर था जिससे एक दरिंदे के कान भी कांप जाएँ, –
भूकंप पैदा हो जाए! यकीनन, यह शेरों के पूरे झुण्ड की दहाड़ थी।

ALONSO

Heard you this, Gonzalo?

एलॉन्ज़ो

क्या तुमने इसे सुना था, गौन्ज़ालो?

GONZALO

Upon mine honour, sir, I heard a humming,
And that a strange one too, which did awake me:
I shaked you, sir, and cried: as mine eyes open'd,
I saw their weapons drawn: there was a noise,
That's verily. 'Tis best we stand upon our guard,
Or that we quit this place; let's draw our weapons.

गौन्ज़ालो

कसम से, श्रीमान, मैंने एक गुनगुनाना सुना था, और वह बहुत
विचित्र भी था, जिसने मुझे जगाया था। मैंने आपको हिलाया श्रीमान,
और चीख पड़ा क्योंकि जब मेरी आँखें खुलीं मैंने उनके हथियारों को

निकले हुए देखा। एक शोर हुआ था, यह निश्चित है। यह सबसे सही होगा कि हम चौकस होकर खड़े हो जाएँ अथवा यह कि हमें यह जगह छोड़ देनी चाहिए। हमें अपने हथियार निकाल लेने चाहिए।

ALONSO

Lead off this ground; and let's make further search
For my poor son.

एलॉन्ज़ो

इस जगह से दूर ले चलो। और मेरे बेचारे बेटे की, हमें आगे खोज करनी चाहिए।

GONZALO

Heavens keep him from these beasts!
For he is, sure, i' the island.

गौन्ज़ालो

ईश्वर, उन्हें इन जानवरों से बचाए! क्योंकि वह, निश्चित तौर पर इस द्वीप पर हैं।

ALONSO

Lead away.

एलॉन्ज़ो

हमें यहाँ से आगे ले चलो।

ARIEL

Prospero my lord shall know what I have done:
So, king, go safely on to seek thy son.

एरिअल

प्रोस्पेरो, मेरे आका को मालूम हो जाएगा कि मैंने क्या किया है।
इसलिए राजा, तुम सही–सलामत अपने बेटे की खोज में जाओ।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE II. Another part of the island.
दृश्य २. द्वीप का दूसरा भाग

[Enter CALIBAN with a burden of wood. A noise of thunder heard]

[कैलिबैन का लकड़ी के बोझ के साथ प्रवेश। आसमानी बिजली की गड़गड़ाहट का शोर सुनाई देता है।]

CALIBAN

All the infections that the sun sucks up
From bogs, fens, flats, on Prosper fall and make him
By inch-meal a disease! His spirits hear me
And yet I needs must curse. But they'll nor pinch,
Fright me with urchin--shows, pitch me i' the mire,
Nor lead me, like a firebrand, in the dark
Out of my way, unless he bid 'em; but
For every trifle are they set upon me;
Sometime like apes that mow and chatter at me
And after bite me, then like hedgehogs which
Lie tumbling in my barefoot way and mount
Their pricks at my footfall; sometime am I
All wound with adders who with cloven tongues
Do hiss me into madness.

[Enter TRINCULO]

Lo, now, lo!
Here comes a spirit of his, and to torment me
For bringing wood in slowly. I'll fall flat;
Perchance he will not mind me.

कैलिबैन

सारी बीमारियाँ जिन्हें सूरज दलदल, कीचड़, और समतल भूमियों से इकट्ठा करता है, प्रोस्पेरो पर गिरे और बीमारी उसको इंच-इंच करके खाए! उसकी आत्माएँ मुझे सुन रही हैं परन्तु फिर भी मैं उसे अपशब्द कहने को मजबूर हूँ। लेकिन न ही वे मुझे साही से चुभो सकती हैं, न ही शैतान बौनों और परियों से डरा सकती हैं, न ही मुझे कीचड़ में फेंक सकती हैं, और न ही अँधेरे में एक मशाल की तरह मुझे मेरे रास्ते से भटका सकती हैं, जबतक कि वह उन्हें ऐसा करने का आदेश नहीं देता। लेकिन हर छोटी बात के लिए उन्हें मुझपर छोड़ दिया जाता है। कई बार वे बंदरों की तरह मेरे ऊपर मुंह बनाती हैं और कटकटाती हैं, और फिर बाद में मुझे काट लेती हैं, फिर नंगे-पाँव चलते समय मेरे रास्ते में साहियों की भांति लुढ़कते हुए आ जाती हैं और मेरे क़दमों की आहट पर अपने काँटों को खड़ा कर देती हैं; *कभी मैं जहरीले साँपों से पूरा लिपटा होता हूँ, जो अपनी विभाजित जीभों से मुझपर फुफकारती हैं और मुझे पागल बना देती हैं*[119]।

[ट्रिन्क्युलो का प्रवेश]

[119] प्रोस्पेरो की आत्माएं जहरीले साँपों का रूप धारण कर कैलिबैन से लिपट जाती हैं और उस पर तब तक फुफकारती रहती हैं जब तक कि वह पागल नहीं हो जाता।

देखो, अब, देखो! यहाँ उसकी एक आत्मा आ रही है और जो सुस्ती-
से लकड़ियाँ लाने के लिए मुझे सताने आ रही है। मैं सीधा लेट
जाऊँगा। शायद वह मुझपर गौर न करे।

TRINCULO

Here's neither bush nor shrub, to bear off
any weather at all, and another storm brewing;
I hear it sing i' the wind: yond same black
cloud, yond huge one, looks like a foul
bombard that would shed his liquor. If it
should thunder as it did before, I know not
where to hide my head: yond same cloud cannot
choose but fall by pailfuls. What have we
here? a man or a fish? dead or alive? A fish:
he smells like a fish; a very ancient and fish-

like smell; a kind of not of the newest Poor-
John. A strange fish! Were I in England now,
as once I was, and had but this fish painted,
not a holiday fool there but would give a piece
of silver: there would this monster make a
man; any strange beast there makes a man:
when they will not give a doit to relieve a lame
beggar, they will lay out ten to see a dead
Indian. Legged like a man and his fins like
arms!

[touches Caliban]

Warm o' my troth! I do now let loose
my opinion; hold it no longer: this is no fish,
but an islander, that hath lately suffered by a
thunderbolt.

[Thunder]

Alas, the storm is come again! my best way is to
creep under his gaberdine; there is no other
shelter hereabouts: misery acquaints a man with
strange bed-fellows. I will here shroud till the
dregs of the storm be past.

ट्रिन्क्युलो

यहाँ पर न ही झाड़ी है और न ही झाँखर है जिससे मौसम से जरा भी बचा जा सके और एक दूसरा तूफ़ान उमड़ रहा है; मैं हवा में इसको गाते हुए सुन रहा हूँ। वहां वह काला बादल–वह बड़ा वाला– एक बड़ी शराब की बोतल जैसा है जो अपनी शराब को उड़ेल देना चाहता है। अगर वैसे ही आसमानी बिजली की गड़गड़ाहट हुयी जैसे पहले हुयी थी, तो मुझे नहीं पता कि मैं अपना सिर कहाँ छिपाऊँगा? वहां उस काले बादल के पास बाल्टियाँ भर–भरके गिरने के सिवाय कोई अन्य विकल्प नहीं है। हमारे आगे यहाँ क्या है? एक इंसान, या एक मछली? जिन्दा है या मृत? एक मछली: वह एक मछली की तरह महकता है। एक बहुत पुरानी और मछली जैसी महक, ऐसी महक जो बासी पुअर–जॉन[120] से आती है। एक विचित्र मछली! अगर इस समय मैं इंग्लैंड में होता, जैसे कि एक समय मैं था, और केवल इसी मछली का (सूचना–पट्ट पर) एक चित्र बनवा लेता[121], तो न केवल "अवकाश पाए बेवकूफ"[122] वहाँ आते बल्कि वे मुझे चाँदी का सिक्का भी देते। वहाँ यह दरिंदा एक इंसान की किस्मत बना सकता है। वहाँ कोई भी विचित्र जानवर एक इंसान की किस्मत बना सकता है। जहाँ वे एक अपाहिज भिखारी को सहायता के लिए एक डोइट[123] नहीं देते, वे

---

[120]पुअर–जॉन (Poor-John) -सूखी मछली जिसपर नमक लगाया गया हो।
[121] नौटंकी अथवा प्रदर्शन के लिए रंगीन चित्र बनवाकर विज्ञापन करता।
[122] हालीडे–फूल (Holiday-fool) –वे व्यक्ति जो अवकाश पर होते हैं और छुट्टियाँ मनाने के लिए घूमने–फिरने और मनोरंजन पर धन खर्च करते हैं।
[123] डोइट (Doit) -बहुत छोटा डच सिक्का जो एक स्टाइवर का आठवाँ हिस्सा होता है।

एक मृत–इंडियन[124] को देखने के लिए दस सिक्के बिछा देंगे। इसके इंसान जैसे पाँव हैं और मीनपक्ष[125] जैसी भुजाएं।

[कैलिबैन को छूता है]

सचमुच गर्म है। अब मैं अपने विचार को छोड़ देता हूँ, मैं इसे बरकरार नहीं रख सकता। यह कोई मछली नहीं है, बल्कि द्वीप का एक निवासी है जिस पर हाल ही में वज्रपात हुआ है।

[बिजली की गड़गड़ाहट]

हाय, तूफ़ान फिर से आ रहा है! मेरे लिए सबसे सही तरीका यही है कि मैं इसके गैबरडीन[126] के नीचे घुस जाऊँ। यहाँ आसपास कोई भी अन्य आसरा नहीं है। विपत्ति इंसान का परिचय अजनबी शैया–साथियों से करा देती है[127]। मैं यहाँ छिपूँगा जब तक कि तूफ़ान का सबसे बदतर रूप गुजर न जाए।

[Enter STEPHANO, singing: a bottle in his hand]

[अपने हाथ में एक बोतल लिए हुए स्टेफेनो का गाते हुए प्रवेश।]

---

[124] अमरीकी मूल निवासी।

[125] Fin-मछलियों के पंख।

[126] गैबरडीन (Gaberdine)-एक लम्बा खुरदुरा कोट जिसे मध्यकालीन लोग पहना करते थे।

[127] मुसीबत के समय व्यक्ति कहीं पर भी, किसी से भी आसरा लेने को तैयार हो जाता है।

STEPHANO

I shall no more to sea, to sea,
Here shall I die ashore--
This is a very scurvy tune to sing at a man's
funeral: well, here's my comfort.

[Drinks]

[Sings]

The master, the swabber, the boatswain and I,
The gunner and his mate
Loved Mall, Meg and Marian and Margery,
But none of us cared for Kate;
For she had a tongue with a tang,
Would cry to a sailor, Go hang!
She loved not the savour of tar nor of pitch,
Yet a tailor might scratch her where'er she did itch:
Then to sea, boys, and let her go hang!
This is a scurvy tune too: but here's my comfort.

[Drinks]

स्टेफेनो

मैं अब और समुद्र में नहीं जाऊंगा, समुद्र में,

यहाँ मैं किनारे पर मर जाऊंगा–

एक आदमी की अंत्येष्टि पर गाने के लिए यह एक बहुत घटिया धुन है। खैर, यहाँ मेरी राहत[128] है।

[पीता है]

[गाता है]

मास्टर, सफाई करने वाला नाविक, बोसन और मैं,

तोप–दागने वाला और उसका (सहायक) साथी,

मॉल, मेग और मेरियन और मार्जरी को प्यार करते थे।

लेकिन हममें से किसी को भी केट की परवाह न थी,

क्योंकि उसकी जबान तीखी थी

'सूली पर चढ़ जाओ!' किसी भी नाविक से (वह) चिल्लाकर कहती,

वह जहाज पर लगे तारकोल या डामर की महक को पसंद नहीं करती

लेकिन एक दर्जी उसको खुजा सकता था, जहाँ उसे खुजली होती थी[129]।

इसलिए चलो समुद्र में लड़कों, और उसको सूली चढ़ने दो।

यह भी एक बहुत घटिया धुन है। लेकिन यहाँ मेरी राहत है।

---

[128] शराब के लिए सम्बोधन

[129] दर्जियों को पौरुषहीन समझा जाता था, जिस वजह से वे यदि औरतों के साथ हंसी ठिठोली करते तो वे बुरा नहीं मानती थीं।

[पीता है]

CALIBAN

Do not torment me: Oh!

कैलिबैन

मुझे मत सताओ : ओह!

STEPHANO

What's the matter? Have we devils here? Do you put tricks upon's with savages and men of Ind, ha? I have not 'scaped drowning to be afeard now of your four legs; for it hath been said, 'As proper a man as ever went on four legs cannot make him give ground'; and it shall be said so again while Stephano breathes at's nostrils.

स्टेफेनो

क्या बात है? क्या यहाँ पर शैतान हैं? क्या तुम इंडीज़[130] के जंगलियों और आदमियों को दिखाकर मुझपर जादू चला रहे हो, हाँ? मैं डूबने से इसलिए नहीं बचा हूँ कि मैं तुम्हारे चार पाँवों से घबरा जाऊँगा, क्योंकि ऐसी कहावत है, "हमेशा से ही चार पैरों पर चलने वाला कोई भी आदमी मुझे जमीन छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सका

---

[130] वेस्ट इंडीज़ अथवा भारत।

है।"[131] और यही बात फिर से कही जायेगी जब स्टेफेनो अपने नथुनों को साँस लेकर फड़फड़ायेगा।

CALIBAN

The spirit torments me; Oh!

कैलिबैन

मुझे आत्मा सता रही है; ओह!

STEPHANO

This is some monster of the isle with four legs, who hath got, as I take it, an ague. Where the devil should he learn our language? I will give him some relief, if it be but for that. if I can recover him and keep him tame and get to Naples with him, he's a present for any emperor that ever trod on neat's leather.

स्टेफेनो

यह टापू का कोई हैवान है जिसकी चार टाँगे हैं, जिसको, जैसा मुझे लग रहा है, बुखार है। इस शैतान ने हमारी भाषा कहाँ से सीखी? मैं

[131] यहाँ स्टेफेनो नशे में धुत है इसलिए उसे लग रहा है कि सामान्य तौर पर सभी आदमियों के चार पैर होते हैं। इसलिए अगर कोई आदमी उसे अपने चार पैरों से दौड़ाकर भगाने की कोशिश करेगा तो वह भी अपने चारों पैर जमीन पर अच्छी तरह से टिका लेगा और उस जगह से नहीं जाएगा।

इसे कुछ सहायता दूंगा, चाहे वह केवल इसीलिए[132] हो। अगर मैं इसको ठीक कर सका और इसे पालतू बना सका और (फिर मैं) इसके साथ नेपल्स जाऊँ, तो यह किसी भी बादशाह, जो *गाय के चमड़े* पर चला हो[133], के लिए एक तोहफा होगा।

CALIBAN

Do not torment me, prithee; I'll bring my wood home faster.

कैलिबैन

कृपया, मुझे मत सताओ; मैं लकड़ियों को और जल्दी घर लाऊँगा।

STEPHANO

He's in his fit now and does not talk after the wisest. He shall taste of my bottle: if he have never drunk wine afore will go near to remove his fit. If I can recover him and keep him tame, I will not take too much for him; he shall pay for him that hath him, and that soundly.

स्टेफेनो

अब इसे दौरा पड़ गया है और यह समझदारी से बात नहीं कर रहा है। इसे मेरी बोतल चखानी पड़ेगी। अगर इसने पहले कभी शराब नहीं पी है तो यह काफी हद तक इसका दौरा हटा देगी। अगर मैं इसे ठीक कर

---

[132] कि वह स्टेफेनो की भाषा जानता है।

[133] गाय के चमड़े के जूते पहनकर चला हो।

सका और इसे पालतू बना सका, तो इसके लिए मैं बहुत ज्यादा (कीमत) नहीं लूँगा। जो इसे खरीदेगा उसे यह इसका अच्छा मूल्य चुका देगा, और यह बात बिलकुल पक्की है।

CALIBAN

Thou dost me yet but little hurt; thou wilt anon, I know it by thy trembling: now Prosper works upon thee.

कैलिबैन

अभी तक तुमने मुझे ज्यादा चोट नहीं पहुँचाई है; लेकिन तुम तुरंत ही ऐसा करोगे। मैं इसे तुम्हारे कांपने से जान रहा हूँ। इस समय प्रोस्पेरो ने तुम्हें काम पर लगाया है।

STEPHANO

[trying to give CALIBAN drink]

Come on your ways; open your mouth; here is that which will give language to you, cat: open your mouth; this will shake your shaking, I can tell you, and that soundly: you cannot tell who's your friend: open your chaps again.

स्टेफेनो

[कैलिबैन को पिलाने की कोशिश करते हुए]

अब चलो आओ। अपना मुंह खोलो। ये वह है जो तुम्हें जबान देगा, बिल्ले। अपना मुंह खोलो। यह तुम्हारी कंपकंपी बंद कर देगा। मैं तुम्हें बता रहा हूँ और वह भी अच्छी तरह से। तुम बता भी नहीं सकते कि कौन तुम्हारा दोस्त है। फिर से अपना मुंह खोलो।

TRINCULO

I should know that voice: it should be--but he is drowned; and these are devils: O defend me!

ट्रिन्क्युलो

मुझे यह आवाज जानी–पहचानी लगती है। यह (उसकी) होनी चाहिए–लेकिन वह तो डूब गया है। और ये शैतान हैं। ओह (ईश्वर) मुझे बचाओ!

STEPHANO

Four legs and two voices: a most delicate monster! His forward voice now is to speak well of his friend; his backward voice is to utter foul speeches and to detract. If all the wine in my bottle will recover him, I will help his ague. Come. *[CALIBAN drinks]*Amen! I
will pour some in thy other mouth.

स्टेफेनो

चार पैर और दो आवाजें: एक बहुत ही नायाब दरिंदा है! इसकी आगे की आवाज अब इसके दोस्त के बारे में कुछ अच्छा बोल रही है।

इसके पीछे की आवाज अपमानित करने के लिए घटिया बोली बोल रही है। अगर मेरी बोतल की सारी शराब इसे ठीक कर दे, तो इसको बुखार में मुझसे सहायता मिल जायेगी। आओ। *[कैलिबैन पीता है]* बहुत अच्छे! थोड़ी–सी मैं तुम्हारे दूसरे मुंह में उड़ेल देता हूँ।

TRINCULO

Stephano!

ट्रिन्क्युलो

स्टेफेनो!

STEPHANO

Doth thy other mouth call me? Mercy, mercy! This is a devil, and no monster: I will leave him; I have no long spoon.

स्टेफेनो

क्या तुम्हारे दूसरे मुंह ने मुझे पुकारा? दया करो (ईश्वर), दया करो! यह कोई हैवान नहीं बल्कि एक शैतान है। मैं इसे छोड़ दूंगा। मेरे पास कोई लम्बा चम्मच[134] नहीं है।

TRINCULO

---

[134] एक कहावत है, "वह जो शैतान के साथ भोजन करता है उसे एक लम्बा चम्मच चाहिए होता है" (He that sups with the devil needs a long spoon) जिसका अभिप्राय है यदि कोई बुरे लोगों से मेलजोल रखता है तो उसे उन बुरे लोगों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

Stephano! If thou beest Stephano, touch me and
speak to me: for I am Trinculo--be not afeard--thy
good friend Trinculo.

ट्रिन्क्युलो

स्टेफेनो! अगर तुम स्टेफेनो हो तो मुझे छू लो और मुझसे बातें करो: क्योंकि मैं ट्रिन्क्युलो हूँ–डरो मत– (मैं) तुम्हारा अच्छा दोस्त ट्रिन्क्युलो हूँ।

STEPHANO

If thou beest Trinculo, come forth: I'll pull thee
by the lesser legs: if any be Trinculo's legs,
these are they. Thou art very Trinculo indeed! How
camest thou to be the siege of this moon-calf? can
he vent Trinculos?

स्टेफेनो

अगर तुम ट्रिन्क्युलो हो, तो बाहर आओ। मैं तुम्हें छोटे पैरों से खींचकर निकाल लूँगा। यदि कोई ट्रिन्क्युलो के पैर हैं, तो वे यही हैं। तुम वाकई बिलकुल ट्रिन्क्युलो ही हो। तुम कैसे इस दरिंदे की लीद बन गए?[135] क्या वह कई ट्रिन्क्युलों को निकाल सकता है?

TRINCULO

---

[135] स्टेफेनो पूछ रहा है वह कैलिबैन के नीचे कैसे आया?

I took him to be killed with a thunder-stroke. But art thou not drowned, Stephano? I hope now thou art not drowned. Is the storm overblown? I hid me under the dead moon-calf's gaberdine for fear of the storm. And art thou living, Stephano? O Stephano, two Neapolitans 'scaped!

ट्रिन्क्युलो

मैंने समझा कि यह वज्रपात से मर गया है। लेकिन क्या तुम डूबे नहीं हो, स्टेफेनो? अब, मैं आशा करता हूँ कि तुम डूबे नहीं हो। क्या तूफ़ान चला गया है? तूफ़ान के डर से मैंने खुद को मरे हुए दरिंदे के गैबरडीन के नीचे छिपा लिया था। और क्या तुम जिन्दा हो, स्टेफेनो? ओह स्टेफेनो, (हम) दो नेपल्स वासी बच निकले!

[Trinculo, capers about and pulls Stephno into his dance]

[ट्रिन्क्युलो इर्दगिर्द उछलने-कूदने लगता है और स्टेफेनो को नाचने के लिए खींचता है]

STEPHANO

Prithee, do not turn me about; my stomach is not constant.

स्टेफेनो

कृपया, मुझे मत घुमाओ। मेरा पेट स्थिर नहीं है।

CALIBAN

[Aside]

These be fine things, an if they be
not sprites.
That's a brave god and bears celestial liquor.
I will kneel to him.

कैलिबैन

(एक कोने में खुद से)

ये अच्छे जीव हैं, अगर ये आत्माएँ नहीं हैं। ये एक श्रेष्ठ देवता हैं और इनके पास अलौकिक शराब है। मैं इनके आगे घुटने टेकूंगा।

STEPHANO

How didst thou 'scape? How camest thou hither?
swear by this bottle how thou camest hither. I
escaped upon a butt of sack which the sailors
heaved o'erboard, by this bottle; which I made of
the bark of a tree with mine own hands since I was
cast ashore.

स्टेफेनो

तुम कैसे बचे? तुम यहाँ कैसे आये? इस बोतल की कसम खाओ (बताओ) तुम यहाँ कैसे आये। मैं तो शराब के पीपे पर बच निकला, जिसे नाविकों ने जहाज से पानी पर गिरा दिया था; मैं इस बोतल की कसम खाकर कहता हूँ; जिसे मैंने खुद अपने हाथों से पेड़ की छाल से बनाया था, जब मैं किनारे पर पहुंचा था।

CALIBAN

I'll swear upon that bottle to be thy true subject;
for the liquor is not earthly.

कैलिबैन

मैं उस बोतल की कसम खाता हूँ कि मैं आपकी वफादार प्रजा बनूँगा,
क्योंकि यह शराब इस दुनिया की नहीं है।

STEPHANO

Here; *[he gives Trinculo the bottle]* swear then how thou
escapedst.

स्टेफेनो

ये लो। *[ट्रिन्क्युलो को बोतल देते हुए]* तो कसम खाकर कहो तुम कैसे
बचे?

TRINCULO

Swum ashore. man, like a duck: I can swim like a
duck, I'll be sworn.

ट्रिन्क्युलो

दोस्त, एक बत्तख की तरह तैरकर मैं किनारे आया। मैं एक बत्तख की
तरह तैर सकता हूँ, मैं यह बात कसम खाकर कहता हूँ।

STEPHANO

Here, kiss the book. Though thou canst swim like a duck, thou art made like a goose.

स्टेफेनो

यहाँ, किताब को चूमो[136]। हालाँकि तुम बत्तख की तरह तैर सकते हो, (लेकिन) तुम्हारी हरकतें गूज़[137] की तरह हैं।

[TRINCULO drinks]

[ट्रिन्क्युलो पीता है]

TRINCULO

O Stephano. hast any more of this?

ट्रिन्क्युलो

ओ स्टेफेनो। क्या तुम्हारे पास यह और है?

STEPHANO

The whole butt, man: my cellar is in a rock by the sea-side where my wine is hid. How now, moon-calf! how does thine ague?

---

[136] स्टेफेनो, 'बोतल से शराब पीने को' 'किताब (बाइबिल) का चूमना' बता रहा है।

[137] गूज़ (Goose) और बत्तख (Duck) एक ही प्रजाति के जीव होते हैं और देखने में काफी हद तक एक जैसे लगते हैं। गूज़ की गर्दन बत्तख से थोड़ी लम्बी होती है। स्टेफेनो, ट्रिन्क्युलो को गूज़ इसलिए संबोधित कर रहा है क्योंकि ट्रिन्क्युलो नशे में वैसे लड़खड़ाने लगा है जैसे गूज़ लड़खड़ाते हुए चलता है।

स्टेफेनो

एक पूरा पीपा है, दोस्त। मेरा शराबखाना समुद्र से सटी एक चट्टान में है, जहाँ मेरी शराब छिपी हुई है। अब कैसे हो, दरिंदे! तुम्हारा बुखार कैसा है?

CALIBAN

Hast thou not dropp'd from heaven?

कैलिबैन

क्या आप स्वर्ग से नहीं गिरे हैं?

STEPHANO

Out o' the moon, I do assure thee: I was the man i'
the moon when time was.

स्टेफेनो

चाँद से, मैं तुम्हें यकीन दिलाता हूँ। एक समय था जब मैं चाँद में बसने वाला इन्सान था[138]।

CALIBAN

I have seen thee in her and I do adore thee:
My mistress show'd me thee and thy dog and thy bush.

---

[138] स्टेफेनो कह रहा है कि वह वही आदमी है जिसका चेहरा चाँद में नजर आता था।

कैलिबैन

मैंने आपको उसमें देखा है और मैं आपका आदर करता हूँ। मेरी मालकिन ने मुझे आपके और आपके कुत्ते के और आपकी झाड़ी के दर्शन कराये थे[139]।

STEPHANO

Come, swear to that; kiss the book: I will furnish
it anon with new contents swear.

स्टेफेनो

आओ, इस बात की कसम खाओ। किताब को चूमो। वादा करता हूँ, मैं जल्दी ही इसमें *नई सामग्री चढ़ा दूंगा*[140]।

[Caliban drinks]

[कैलिबैन पीता है]

TRINCULO

By this good light, this is a very shallow monster!
I afeard of him! A very weak monster! The man i'
the moon! A most poor credulous monster! Well
drawn, monster, in good sooth!

---

[139] चाँद में बसने वाले आदमी को उसके कुत्ते और कंटीली झाड़ियों के साथ दर्शाया जाता है। उसे चाँद से निकाल दिया गया था क्योंकि उसने सैबथ (Sabbath) के दिन लकड़ियाँ इकट्ठी की थीं।

[140] नयी शराब भर दूंगा।

ट्रिन्क्युलो

इस *दिव्य रोशनी*[141] की कसम, यह एक बहुत भोला–भाला दरिंदा है! मैं इससे डरता था! यह एक बहुत कमजोर दरिंदा है! चाँद में बसने वाला आदमी! (यह) एक बहुत ही बेचारा बेवकूफ दरिंदा है! वाकई, (तुमने) अच्छा गटक लिया, दरिंदे!

CALIBAN

I'll show thee every fertile inch o' th' island;
And I will kiss thy foot: I prithee, be my god.

कैलिबैन

इस द्वीप का हर उपजाऊ हिस्सा मैं आपको दिखाऊँगा, और मैं आपके कदम चूमूंगा। मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ, मेरे मालिक बन जाइये।

TRINCULO

By this light, a most perfidious and drunken
monster! when's god's asleep, he'll rob his bottle.

ट्रिन्क्युलो

इस रोशनी की कसम, (यह) एक बहुत ही कपटी और शराबी दरिंदा है! जब उसका मालिक सो जायेगा, तब वह उसकी बोतल चुरा लेगा।

CALIBAN

---

[141] सूर्य की रोशनी के लिए सम्बोधन

I'll kiss thy foot; I'll swear myself thy subject.

कैलिबैन

मैं आपके पैर चूमूंगा। मैं खुद को आपके अधीन करने की सौगंध खाऊंगा।

STEPHANO

Come on then; down, and swear.

स्टेफेनो

तो आओ, नीचे और कसम खाओ।

TRINCULO

I shall laugh myself to death at this puppy-headed monster. A most scurvy monster! I could find in my heart to beat him,--

ट्रिन्क्युलो

पिल्ले–जैसे सिर वाले इस दरिंदे पर हँसते–हँसते मैं मर जाऊंगा। (यह) एक बहुत ही घृणित दरिंदा है! यदि मैं उसकी पिटाई करने का मन बना पाता, ––

STEPHANO

Come, kiss.

स्टेफेनो

आओ, चूमो।

TRINCULO

But that the poor monster's in drink: an abominable monster!

ट्रिन्क्युलो

लेकिन इस बेचारे दरिंदे ने पी रखी है। यह एक घृणास्पद दरिंदा है!

CALIBAN

I'll show thee the best springs; I'll pluck thee berries;
I'll fish for thee and get thee wood enough.
A plague upon the tyrant that I serve!
I'll bear him no more sticks, but follow thee,
Thou wondrous man.

कैलिबैन

मैं आपको सबसे अच्छे झरने दिखाऊँगा। मैं आपके लिए बेरी तोड़ूंगा। मैं आपके लिए मछली पकड़ूंगा और पर्याप्त लकड़ी लाऊँगा। जिस निरंकुश[142] की मैं खिदमत करता हूँ उसे महामारी हो जाये! मैं उसके लिए अब और लकड़ियाँ नहीं लाऊँगा बल्कि आपका अनुसरण करूँगा। आप अद्भुत पुरुष हैं।

TRINCULO

A most ridiculous monster, to make a wonder of a Poor drunkard!

---

[142] प्रोस्पेरो

ट्रिन्क्युलो

एक बहुत बेहूदा दरिंदा, जो एक बेचारे शराबी को 'अद्भुत' बना रहा है!

CALIBAN

I prithee, let me bring thee where crabs grow;
And I with my long nails will dig thee pignuts;
Show thee a jay's nest and instruct thee how
To snare the nimble marmoset; I'll bring thee
To clustering filberts and sometimes I'll get thee
Young scamels from the rock. Wilt thou go with me?

कैलिबैन

मैं आपसे विनती करता हूँ, मुझे आपको वहाँ ले जाने दीजिये जहाँ जंगली सेब उगती है। और अपने लम्बे नाखूनों से मैं आपके लिए मूंगफली खोदकर निकालूँगा। मैं आपको एक नीलकंठ पक्षी का घोंसला दिखाऊँगा और आपको सिखाऊँगा कि कैसे फुर्तीले मारमोज़ेट[143] को फंसाया जाता है। मैं आपको फिल्बट्र्स[144] के ढेर के पास ले जाऊंगा और कभी–कभी मैं आपके लिए चट्टान पर से छोटे स्कैमल्स[145] लाऊँगा। क्या आप मेरे साथ चलेंगे?

[143] एक प्रकार का अफ्रीकन बन्दर

[144] हेज़लनट (Hazel-nut) अथवा पहाड़ी बादाम।

[145] Scamels शब्द का अभिप्राय अज्ञात है। संभवतः इसका आशय किसी पक्षी या शंख मीन या केकड़े से है जो समुद्र के चट्टानी इलाके में मिलता है।

STEPHANO

I prithee now, lead the way without any more talking. Trinculo, the king and all our company else being drowned, we will inherit here: here; bear my bottle: fellow Trinculo, we'll fill him by and by again.

स्टेफेनो

अब मैं तुमसे प्रार्थना करता हूँ, बिना कुछ और कहे रास्ता दिखाओ। ट्रिन्क्युलो, क्योंकि राजा और हमारे बाकी सभी साथी डूब गये हैं, हम यहाँ उत्तराधिकार प्राप्त कर लेंगे –यहाँ ये लो; मेरी बोतल उठाओ– साथी ट्रिन्क्युलो, हम इसे फिर से तुरंत भर लेंगे।

CALIBAN

[Sings drunkenly]
Farewell master; farewell, farewell!

कैलिबैन

[नशे में धुत होकर गाता है]

अलविदा मालिक; अलविदा, अलविदा!

TRINCULO

A howling monster: a drunken monster!

ट्रिन्क्युलो

एक चिल्लाने वाला दरिंदा। एक शराबी दरिंदा!

CALIBAN

(sings)

No more dams I'll make for fish
Nor fetch in firing
At requiring;
Nor scrape trencher, nor wash dish
'Ban, 'Ban, Cacaliban
Has a new master: get a new man.
Freedom, hey-day! hey-day, freedom! freedom,
hey-day, freedom!

कैलिबैन

(गाता है)

आपके आदेश पर

अब मैं मछलियों के लिए और बाँध नहीं बनाऊँगा[146],

न ही आग के लिए लकड़ियाँ लाऊँगा,

न ही आपकी कठौती[147] घिसूंगा,

न ही बर्तन माँजूंगा।

बैन, बैन, कै–कैलिबैन

---

[146] मछलियों को पकड़ने के लिए बाँध नहीं बनाऊंगा।

[147] लकड़ी का थाल जिसमें पहले के ज़माने में खाना परोसा जाता था।

के पास नया मालिक है। नया आदमी (नौकर) रख लो[148]।

आजादी, ख़ुशी का दिन, ख़ुशी का दिन, आजादी, आजादी,

ख़ुशी का दिन, आजादी!

STEPHANO

O brave monster! Lead the way.

स्टेफेनो

ओ शानदार हैवान! रास्ता दिखाओ।

[Exeunt]

[निकास]

---

148 प्रोस्पेरो से कह रहा है।

ACT III

नाटकांक ३

SCENE I. Before PROSPERO'S Cell.
दृश्य १. प्रोस्पेरो की कोठरी के सामने।

[Enter FERDINAND, bearing a log]

[फर्डिनैंड का एक लट्ठा ढोते हुए प्रवेश।]

FERDINAND

There be some sports are painful, and their labour
Delight in them sets off: some kinds of baseness
Are nobly undergone and most poor matters
Point to rich ends. This my mean task
Would be as heavy to me as odious, but
The mistress which I serve quickens what's dead
And makes my labours pleasures: O, she is
Ten times more gentle than her father's crabbed,
And he's composed of harshness. I must remove
Some thousands of these logs and pile them up,
Upon a sore injunction: my sweet mistress
Weeps when she sees me work, and says, such
baseness

Had never like executor. I forget:
But these sweet thoughts do even refresh my labours,
Most busiest, when I do it.

फर्डिनैंड

कुछ खेल होते हैं जो तकलीफदेह होते हैं और उनकी कठिनाई से उनमें ख़ुशी निकलती है। कुछ तरह के घटिया काम सम्मान से किये जाते हैं और सबसे खराब चीजें[149] शानदार परिणाम की ओर ले जाती हैं। यह मेरा तुच्छ काम मेरे लिए उतना ही बोझिल करने वाला होता जितना यह अप्रिय है, किन्तु मालकिन जिनकी मैं सेवा करता हूँ, मुर्दे में जान डाल देती हैं और मेरी कड़ी मेहनत को आनंद-दायक बना देती हैं। ओह, वो अपने पिता के चिड़चिड़े स्वभाव की अपेक्षा दस गुना सौम्य हैं और वह[150] तो कर्कशता और कठोरता से ही बना है। उसके[151] कष्टदायक आदेश पर, मुझे इन लकड़ियों में से कुछ हजार लकड़ियाँ अलग करनी होंगी और उनका ढेर लगाना पड़ेगा। मेरी प्यारी मालकिन रोती है जब वह मुझे काम करते हुए देखती है, और कहती है कि इतने निम्न-स्तरीय काम को करने वाला (मुझ जैसा व्यक्ति) कभी नहीं हुआ था। मैं (काम को) भूल जाता हूँ। बल्कि, ये प्यारे विचार मुझे काम करने की नई शक्ति देते हैं, जब इसे[152] करते समय मैं बहुत व्यस्त होता हूँ।

[Enter MIRANDA; and PROSPERO at a distance, unseen]

---

[149] गतिविधियां, परिस्थितियां

[150] मिरैंडा का पिता प्रोस्पेरो

[151] प्रोस्पेरो के

[152] काम को

[मिरैंडा और प्रोस्पेरो का दूरी पर, चुपके से प्रवेश।]

MIRANDA

Alas, now, pray you,
Work not so hard: I would the lightning had
Burnt up those logs that you are enjoin'd to pile!
Pray, set it down and rest you: when this burns,
'Twill weep for having wearied you. My father
Is hard at study; pray now, rest yourself;
He's safe for these three hours.

मिरैंडा

हाय, अब, तुमसे विनती करती हूँ, इतना कठिन परिश्रम मत करो। मैं चाहती हूँ काश, बिजली उन लकड़ियों को जला देती जिनको इकट्ठा करने का तुम्हें आदेश मिला है! कृपया, इसे रख दो और तुम आराम करो। जब ये जलेगा, यह रोयेगा कि इसने तुम्हें थका दिया। मेरे पिता गहन अध्ययन कर रहे हैं। कृपया अब, खुद को आराम दो। इन तीन घंटों तक उनसे कोई खतरा नहीं है।

FERDINAND

O most dear mistress,
The sun will set before I shall discharge
What I must strive to do.

फर्डिनैंड

ओह, अति प्रिय मालकिन, जो (काम) करने की मुझे कोशिश करनी है, उसे पूरा करने से पहले सूरज डूब जाएगा।

MIRANDA

If you'll sit down,
I'll bear your logs the while: pray, give me that;
I'll carry it to the pile.

मिरैंडा

अगर तुम बैठ जाओ। उस दौरान मैं तुम्हारे लिए लकड़ियाँ ढोऊँगी। कृपया मुझे वह दे दो। मैं उसे (लकड़ियों के) ढेर तक ले जाऊँगी।

FERDINAND

No, precious creature;
I had rather crack my sinews, break my back,
Than you should such dishonour undergo,
While I sit lazy by.

फर्डिनैंड

नहीं, प्यारी मालकिन। मैं अपनी मांसपेशियों को चटका लूंगा, अपनी पीठ तोड़ लूँगा बजाय इसके कि जब मैं आलस से यहाँ बैठूं तब आपको ऐसा लज्जाजनक काम करना पड़े।

MIRANDA

It would become me
As well as it does you: and I should do it

With much more ease; for my good will is to it,
And yours it is against.

मिरैंडा

यह (काम) मेरे लिए उतना ही सही होगा जितना यह तुम्हारे लिए सही है। और इसे मैं और ज्यादा आसानी से कर लूँगी; क्योंकि मेरी पूरी इच्छा इसे करने की है और तुम्हारी इसके खिलाफ है।

PROSPERO

(aside)

Poor worm, thou art infected!
This visitation shows it.

प्रोस्पेरो

(एक कोने में खुद से)

बेचारी बच्ची, तुम्हें (प्रेम) रोग लग गया है! यह मुलाक़ात इसे दिखाती है।

MIRANDA

You look wearily.

मिरैंडा

तुम थके दिख रहे हो।

FERDINAND

No, noble mistress;'tis fresh morning with me
When you are by at night. I do beseech you--
Chiefly that I might set it in my prayers--
What is your name?

फर्डिनैंड

नहीं, वैभवपूर्ण मालकिन। *जब आप रात में समीप होती हैं तो यह मेरे लिए ताज़ी सुबह होती है*[153]। मैं हाथ जोड़कर आपसे विनती करता हूँ—मुख्यतः इसलिए ताकि मैं इसे अपनी प्रार्थनाओं में शामिल कर सकूँ—आपका नाम क्या है?

MIRANDA

Miranda.--O my father,
I have broke your hest to say so!

मिरैंडा

मिरैंडा—ओह मेरे पिता, मैंने ऐसा बोलकर आपके आदेश का उल्लंघन कर दिया!

FERDINAND

Admired Miranda!
Indeed the top of admiration! worth
What's dearest to the world! Full many a lady
I have eyed with best regard and many a time

[153] आपके सामीप्य में, मैं तरोताजा महसूस करता हूँ।

The harmony of their tongues hath into bondage
Brought my too diligent ear: for several virtues
Have I liked several women; never any
With so fun soul, but some defect in her
Did quarrel with the noblest grace she owed
And put it to the foil: but you, O you,
So perfect and so peerless, are created
Of every creature's best!

फर्डिनैंड

अद्‌भुत मिरैंडा[154]! वास्तव में अद्‌भुतता में (आप) शीर्ष पर हैं! जिसकी कीमत दुनिया में सबसे अनमोल है! कई सारी औरतों को मैंने बहुत गौर से देखा है और कई बार *उनकी आवाज की मधुरता ने मेरे बहुत ही सतर्क कानों को गुलाम बना लिया*[155]: कई सारे गुणों के लिए मैंने कई सारी औरतों को पसंद किया। कभी भी (उनमें से) कोई इतनी अच्छी आत्मा वाली नहीं थी, बल्कि उनके सबसे श्रेष्ठ लावण्य से उनका कोई अवगुण टकरा जाया करता और उसे व्यर्थ कर देता। लेकिन आप, ओह आप, इतनी निर्दोष हैं इतनी लाजवाब हैं, और (आप) हर जीव के सबसे बेहतर गुणों से बनी हैं।

MIRANDA

I do not know
One of my sex; no woman's face remember,
Save, from my glass, mine own; nor have I seen

---

[154] मिरैंडा (Miranda) –लैटिन में मिरैंडा का अर्थ अद्‌भुत होता है।
[155] अर्थात उनकी हर बात मानने के लिए मैं राज़ी हो जाता था।

More that I may call men than you, good friend,
And my dear father: how features are abroad,
I am skill-less of; but, by my modesty,
The jewel in my dower, I would not wish
Any companion in the world but you,
Nor can imagination form a shape,
Besides yourself, to like of. But I prattle
Something too wildly and my father's precepts
I therein do forget.

मिरैंडा

मैं अपनी (स्त्री) प्रजाति की किसी भी (औरत) को नहीं जानती। मुझे किसी भी औरत का चेहरा याद नहीं है, सिवाय, अपने आईने में (देखे गए) मेरे खुद के (चेहरे के)। प्रिय मित्र, तुम्हें और अपने प्यारे पिता जी को छोड़कर, न ही मैंने और लोगों को देखा है जिन्हें मैं मर्द बुला सकूँ। बाहर (लोगों के) चेहरे–मोहरे कैसे होते हैं (इस बात से) मैं अनभिज्ञ हूँ। लेकिन मेरे शील की कसम–जो मेरे दहेज़ में अनमोल रत्न[156] है– सिवाय तुम्हारे मैं दुनिया में किसी और की साथी नहीं बनना चाहती। तुम्हारे अतिरिक्त, न ही किसी और के रूप की कल्पना कर सकती हूँ। लेकिन कभी–कभी मैं कुछ ज्यादा ही पागलों जैसी बातें कर बड़बड़ाने लगती हूँ, और उसमें[157] मैं अपने पिता के आदेश को भूल जाती हूँ।

FERDINAND

---

[156] मिरैंडा अपने कौमार्य की बात कर रही है।
[157] इस तरह से बातें करने में

I am in my condition
A prince, Miranda; I do think, a king;
I would, not so!--and would no more endure
This wooden slavery than to suffer
The flesh-fly blow my mouth. Hear my soul speak:
The very instant that I saw you, did
My heart fly to your service; there resides,
To make me slave to it; and for your sake
Am I this patient log--man.

फर्डिनैंड

मैं ओहदे से एक राजकुमार हूँ, मिरैंडा; मुझे लगता है, एक राजा हूँ। काश ऐसा न होता!– और मैं इस लकड़ी ढोने वाली गुलामी को, सड़ी लाश खाने वाली मक्खी के मेरे मुंह पर उड़ने से, ज्यादा बर्दाश्त नहीं करता[158]।

मेरी आत्मा की आवाज सुनो। जिस क्षण मैंने तुम्हें देखा, मेरा दिल उड़कर तुम्हारी खिदमत करने आ गया। वहाँ वह मुझे तुम्हारा गुलाम बनाने के लिए रुका है। और (तुम्हारे लिए) मैं एक धैर्यवान लकड़ी–ढोने वाला बना हूँ।

MIRANDA

Do you love me?

---

[158] अर्थात लकड़ी ढोने के इस काम को करने से मना करने में मैं उतना ही समय लेता जितना कि मेरे चेहरे के पास मंडराती हुयी मक्खी को उड़ाकर भगाने में।

मिरैंडा

क्या तुम मुझसे प्यार करते हो?

FERDINAND

O heaven, O earth, bear witness to this sound
And crown what I profess with kind event
If I speak true! if hollowly, invert
What best is boded me to mischief! I
Beyond all limit of what else i' the world
Do love, prize, honour you.

फर्डिनैंड

ओ स्वर्ग, ओ धरती, इस आवाज की साक्षी बनो और अगर मैं सच कहता हूँ, तो जिस बात को मैं कहता हूँ उसे एक दयामय घटना द्वारा पूरा कर दो! अगर मैं खोखली बात कर रहा हूँ, तो मेरे लिए जो अच्छा है, उसे दुर्भाग्य में बदल दो! इस दुनिया की बाकी सारी चीजों (को चाहने) की सारी सीमा से ज्यादा मैं तुम्हें, प्यार करता हूँ, तुम्हारा मोल करता हूँ, तुम्हारी इज्जत करता हूँ।

MIRANDA

I am a fool
To weep at what I am glad of.

मिरैंडा

मैं एक बेवकूफ हूँ जो उस (बात) पर रोती हूँ जिससे मुझे ख़ुशी है।

PROSPERO

(aside)

Fair encounter
Of two most rare affections! Heavens rain grace
On that which breeds between 'em!

प्रोस्पेरो

(एक कोने में खुद से)

दो बहुत अनोखे प्रेमियों का अच्छा मिलन है! ईश्वर, उनमें जो (प्रेम) पनप रहा है, उसपर कृपा की बारिश करो!

FERDINAND

Wherefore weep you?

फर्डिनैंड

आप क्यों रोती हैं?

MIRANDA

At mine unworthiness that dare not offer
What I desire to give, and much less take
What I shall die to want. But this is trifling;
And all the more it seeks to hide itself,
The bigger bulk it shows. Hence, bashful cunning!
And prompt me, plain and holy innocence!
I am your wife, if you will marry me;

If not, I'll die your maid: to be your fellow
You may deny me; but I'll be your servant,
Whether you will or no.

मिरैंडा

अपनी अयोग्यता पर, कि जो मैं देना चाहती हूँ उसे देने का साहस नहीं कर सकती और जिसकी चाहत में मैं मरने तक के लिए तैयार हो जाऊँगी, उसे लेने का बहुत कम साहस कर पा रही हूँ। लेकिन यह निरर्थक है। और जितना यह[159] खुद को छिपाने की कोशिश करती है, उतनी ज्यादा मात्रा में यह दिखती है। इसलिए निकल जाओ, ओ शर्मीली धूर्तता! और सीधी–सादी और पवित्र मासूमियत तुम मेरी मदद करो! मैं तुम्हारी पत्नी हूँ, अगर तुम मुझसे विवाह करोगे। अगर नहीं, तो मैं तुम्हारी दासी बनकर मर जाऊँगी। अपना साथी बनाने से तुम मुझे इनकार कर सकते हो। लेकिन मैं तुम्हारी सेविका बनूंगी, चाहे तुम्हारी मर्जी हो अथवा नहीं।

FERDINAND

My mistress, dearest;
And I thus humble ever.

फर्डिनैंड

मेरी अति प्रिय मालकिन, और मैं इसी तरह से हमेशा आपके अधीन रहूँगा।

---

[159] प्यार की भावना

MIRANDA

My husband, then?

मिरैंडा

तो मेरे पति बनोगे?

FERDINAND

Ay, with a heart as willing
As bondage e'er of freedom: here's my hand.

फर्डिनैंड

हाँ, दिल में उतनी ही चाहत के साथ, जितना कि गुलाम हमेशा से आजादी की कामना करता है[160]। ये रहा मेरा हाथ।

MIRANDA

And mine, with my heart in't; and now farewell
Till half an hour hence.

मिरैंडा

और ये मेरा, जिसमें मेरा दिल साथ है। और अब आधे घंटे तक के लिए अलविदा।

FERDINAND

---

[160] जिस प्रकार की चाहत एक गुलाम आजादी पाने के लिए अपने दिल में रखता है वैसी ही चाहत मेरे दिल में आपसे शादी करने के लिए है।

A thousand thousand!

फर्डिनैंड

लाखों बार अलविदा!

[Exeunt FERDINAND and MIRANDA severally]

[फर्डिनैंड और मिरैंडा का अलग-अलग निकास]

PROSPERO

So glad of this as they I cannot be,
Who are surprised withal; but my rejoicing
At nothing can be more. I'll to my book,
For yet ere supper-time must I perform
Much business appertaining.

प्रोस्पेरो

इसके बारे में मैं उनके जितना खुश नहीं हो सकता, जो इस सब से चकित हैं। लेकिन इससे ज्यादा ख़ुशी मुझे किसी चीज में नहीं हो सकती है। मैं अपनी किताब पर लौटता हूँ, क्योंकि रात के खाने से पहले, अभी भी मुझे काफी सारे सम्बंधित काम करने हैं[161]।

[Exit]

[निकास]

---

[161] प्रोस्पेरो, मिरैंडा और फर्डिनैंड का मिलन कराने के लिए अपनी जादुई किताब के पास जाने की बात कर रहा है।

SCENE II. Another part of the island.
दृश्य २. द्वीप का दूसरा भाग

[Enter CALIBAN, STEPHANO, and TRINCULO]

[कैलिबैन, स्टेफेनो और ट्रिन्क्युलो का प्रवेश]

STEPHANO

Tell not me; when the butt is out, we will drink
water; not a drop before: therefore bear up, and
board 'em. Servant-monster, drink to me.

स्टेफेनो

मुझे मत बताओ।[162] जब पीपा खाली हो जायेगा, तब हम पानी पीयेंगे। उससे पहले एक बूँद भी नहीं। इसलिए *दूसरे जहाज पर चढ़ने के लिए, हमला करके सीधे समुद्री यात्रा शुरू करो*[163]। सेवक दरिंदे, मेरे लिए पियो।

TRINCULO

Servant-monster! the folly of this island! They
say there's but five upon this isle: we are three

---

[162] शायद ट्रिन्क्युलो, स्टेफेनो को बता रहा है कि वह शराब को संभाल कर पिए।

[163] यहाँ कहने का तात्पर्य है दूसरी बोतल पीने के लिए तेजी से पहली बोतल की शराब खत्म करो।

of them; if th' other two be brained like us, the state totters.

ट्रिन्क्युलो

सेवक–दरिंदा! इस द्वीप की मूर्खता है! वे कहते हैं कि यहाँ इस टापू पर केवल पाँच लोग हैं। हम उनमें से तीन हैं। यदि बाकी दो[164] हम लोगों जैसे ही दिमाग वाले होंगे, तो राज्य लड़खड़ा जाएगा।

STEPHANO

Drink, servant-monster, when I bid thee: thy eyes are almost set in thy head.

स्टेफेनो

पियो, सेवक–दरिंदे, जब भी मैं तुम्हें आदेश करूँ। तुम्हारी आँखें लगभग तुम्हारे सिर में जड़ी हुई हैं।

TRINCULO

Where should they be set else? he were a brave monster indeed, if they were set in his tail.

ट्रिन्क्युलो

उन्हें और कहाँ जड़ी हुई होना चाहिए? वह वाकई एक अच्छा दरिंदा होता, यदि वे उसकी पूँछ में जड़ी हुई होती।

---

[164] प्रोस्पेरो और मिरैंडा

STEPHANO

My man-monster hath drown'd his tongue in sack:
for my part, the sea cannot drown me; I swam, ere I
could recover the shore, five and thirty leagues off
and on. By this light, thou shalt be my lieutenant,
monster, or my standard.

स्टेफेनो

मेरे इंसानी–दरिंदे ने अपनी जीभ को शराब में डुबो लिया है। रही मेरी बात, तो समुद्र भी मुझे नहीं डुबो सकता है। इससे पहले कि मैं बचकर तट पर आ पाता, मैं पैंतीस लीग[165] इधर–उधर तैरा था। इस रोशनी की कसम दरिंदे, तुम मेरे लेफ्टिनेंट बनोगे, या मेरे पताकाधारी।

TRINCULO

Your lieutenant, if you list; he's no standard.

ट्रिन्क्युलो

अगर तुम भर्ती कर रहे हो तो उसका, तुम्हारा लेफ्टिनेंट होना बेहतर है। क्योंकि वह तो सीधा खड़ा भी नहीं हो पा रहा है कि तुम्हारा पताका सम्भाल सके।

STEPHANO

---

[165] लगभग 100 मील [1 लीग= 3 मील]। स्टेफेनो की अतिशयोक्ति उसके पूर्व कथन के विपरीत है जिसमें उसने बताया था कि वह शराब के पीपे के सहारे किनारे पहुँचा था।

We'll not run, Monsieur Monster.

स्टेफेनो

(लड़ाई से) हम नहीं भागेंगे, श्रीमान दरिंदे।

TRINCULO

Nor go neither; but you'll lie like dogs and yet say nothing neither.

ट्रिन्क्युलो

न ही (लड़ाई में) जा पाओगे। बल्कि तुम कुत्ते की तरह पड़े रहोगे और फिर कुछ नहीं कह पाओगे।

STEPHANO

Moon-calf, speak once in thy life, if thou beest a good moon-calf.

स्टेफेनो

दरिंदे, अपनी जिंदगी में एक बार बोलो, क्या तुम एक अच्छे दरिंदे हो।

CALIBAN

How does thy honour? Let me lick thy shoe.

(indicates TRINCULO)
I'll not serve him; he's not valiant.

कैलिबैन

कैसे आपकी खिदमत करूँ? मुझे अपने जूते चाटने के लिए दीजिये।

(ट्रिन्क्युलो की तरफ इशारा करता है)

मैं इसकी सेवा नहीं करूँगा। ये बहादुर नहीं है।

TRINCULO

Thou liest, most ignorant monster: I am in case to
justle a constable. Why, thou deboshed fish thou,
was there ever man a coward that hath drunk so much
sack as I to-day? Wilt thou tell a monstrous lie,
being but half a fish and half a monster?

ट्रिन्क्युलो

तुम झूठ बोल रहे हो, अति–मूर्ख दरिंदे। मैं एक पुलिस ऑफिसर से भिड़ सकने की स्थिति में हूँ। अरे, तुम आवारा मछली, तुम—क्या कोई इन्सान जो इतनी शराब पिये हो, जितनी आज मैंने पी है, कभी कायर रहा है? क्या तुम इतना दरिंदगी भरा झूठ बोलोगे, क्योंकि तुम एक आधी मछली और आधे दरिंदे हो?

CALIBAN

(to STEPHANO)

Lo, how he mocks me! wilt thou let him, my lord?

कैलिबैन

(स्टेफेनो से)

देखिये, ये कैसे मेरा मजाक उड़ाता है! क्या आप उसे ऐसा करने देंगे, मेरे मालिक?

TRINCULO

'Lord' quoth he! That a monster should be such a natural!

ट्रिन्क्युलो

'मालिक' पुकारता है! यह दरिंदा कैसे इतना बेवकूफ हो सकता है!

CALIBAN

(to STEPHANO)

Lo, lo, again! bite him to death, I prithee.

कैलिबैन

(स्टेफेनो से)

देखिये, देखिये फिर से! मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ, इसे काटकर मार दीजिये।

STEPHANO

Trinculo, keep a good tongue in your head: if you prove a mutineer,--the next tree! The poor monster's my subject and he shall not suffer indignity.

स्टेफेनो

ट्रिन्क्युलो, *अपने दिमाग में अच्छी बोली रखो*[166]; अगर तुम बागी साबित होते हो–तो अगले पेड़ पर (फांसी) लटका दिए जाओगे! बेचारा दरिंदा मेरी प्रजा है और *वह अपमान को नहीं सहेगा*[167]।

CALIBAN

I thank my noble lord. Wilt thou be pleased to
hearken once again to the suit I made to thee?

कैलिबैन

मैं अपने महान मालिक को धन्यवाद देता हूँ। क्या आप फिर से मेरी अर्जी सुनेंगे जो मैंने आपसे की थी?

STEPHANO

Marry, will I. Kneel and repeat it; I will stand,
and so shall Trinculo.

स्टेफेनो

अवश्य ही, मैं सुनूंगा। घुटने टेको और उसे दोहराओ। मैं खड़ा होऊंगा और ट्रिन्क्युलो भी ऐसा ही करेगा।

[Enter ARIEL, invisible]

[अदृश्य एरिअल का प्रवेश]

---

[166] शिष्ट लहजे में बात करो।

[167] मैं उसका अपमान करने की इजाजत नहीं दूंगा।

CALIBAN

As I told thee before, I am subject to a tyrant, a sorcerer, that by his cunning hath cheated me of the island.

कैलिबैन

जैसा मैंने आपको पहले बताया, मैं एक निरंकुश शासक, एक जादूगर, के अधीन हूँ, जिसने अपनी चालाकी से मुझे धोखा देकर यह द्वीप (मुझसे) ले लिया।

ARIEL

Thou liest.

एरिअल

तुम झूठ बोलते हो।

CALIBAN

Thou liest, thou jesting monkey, thou: I would my valiant master would destroy thee! I do not lie.

कैलिबैन

तुम झूठ बोलते हो, तुम उपहास करने वाले बन्दर, तुम। मैं अपने बहादुर मालिक से तुम्हें नष्ट करने को कहूँगा! मैं झूठ नहीं बोलता।

STEPHANO

Trinculo, if you trouble him any more in's tale, by
this hand, I will supplant some of your teeth.

स्टेफेनो

ट्रिन्क्युलो, अगर कहानी (के बीच) में तुमने उसको और परेशान
किया, इस हाथ की कसम, मैं तुम्हारे कुछ दाँतों को उखाड़ दूंगा।

TRINCULO

Why, I said nothing.

ट्रिन्क्युलो

अरे, मैंने कुछ नहीं कहा।

STEPHANO

Mum, then, and no more. (to CALIBAN) Proceed.

स्टेफेनो

चुप रहो तब, और कुछ नहीं कहना। (कैलिबैन से) आगे कहो।

CALIBAN

I say, by sorcery he got this isle;
From me he got it. if thy greatness will
Revenge it on him,--for I know thou darest,
But this thing dare not,--

कैलिबैन

मैं कहता हूँ, जादूगरी से उसने यह टापू ले लिया। उसने मुझसे इसे ले लिया। अगर आप जैसी महान हस्ती चाहे तो उससे इसका बदला ले सकती है, --क्योंकि मैं जानता हूँ आप हिम्मती हैं, लेकिन यह व्यक्ति (ट्रिन्क्युलो) हिम्मती नहीं है, --

STEPHANO

That's most certain.

स्टेफेनो

यह बिलकुल पक्की बात है।

CALIBAN

Thou shalt be lord of it and I'll serve thee.

कैलिबैन

आप इसके[168] मालिक होंगे और मैं आपकी खिदमत करूँगा।

STEPHANO

How now shall this be compassed?
Canst thou bring me to the party?

स्टेफेनो

अब कैसे इस काम को पूरा किया जायेगा? क्या तुम मुझे इस शख्स के पास ले जा सकते हो?

---

[168] इस द्वीप के

CALIBAN

Yea, yea, my lord: I'll yield him thee asleep,
Where thou mayst knock a nail into his head.

कैलिबैन

हाँ, हाँ, मेरे मालिक। उसे मैं आपको सोयी हुयी हालत में दूंगा, जहाँ आप उसकी खोपड़ी में एक कील ठोंक सकें।

ARIEL

Thou liest; thou canst not.

एरिअल

तुम झूठ बोलते हो। तुम ऐसा नहीं कर सकते।

CALIBAN

What a pied ninny's this! Thou scurvy patch!
I do beseech thy greatness, give him blows
And take his bottle from him: when that's gone
He shall drink naught but brine; for I'll not show him
Where the quick freshes are.

कैलिबैन

ये कैसा रंगबिरंगा–बेवकूफ है! तुम घृणित मसखरे!

मैं आप जैसी महान हस्ती से प्रार्थना करता हूँ कि आप उसे पीटें और उससे उसकी बोतल छीन लें। जब यह चली जायेगी तो सिवाय खारे

पानी के उसके पास पीने के लिए कुछ नहीं होगा। क्योंकि मैं उसे नहीं दिखाऊँगा कि ताजा पानी कहाँ है।

STEPHANO

Trinculo, run into no further danger:
interrupt the monster one word further, and,
by this hand, I'll turn my mercy out o' doors
and make a stock-fish of thee.

स्टेफेनो

ट्रिन्क्युलो, और खतरा मत मोल लो। अगर तुमने दरिंदे की बात (के बीच) में एक शब्द और कहकर रुकावट डाली, तो इस हाथ की कसम, मैं अपनी दया को घर के बाहर कर दूंगा और तुम्हें धुनी-गई मछली बना दूंगा।

TRINCULO

Why, what did I? I did nothing. I'll go farther
off.

ट्रिन्क्युलो

अरे, मैंने क्या किया? मैंने कुछ नहीं किया। मैं दूर चला जाता हूँ।

STEPHANO

Didst thou not say he lied?

स्टेफेनो

क्या तुमने नहीं कहा कि यह झूठ बोलता है?

ARIEL

Thou liest.

एरिअल

तुम झूठ बोलते हो।

STEPHANO

Do I so? take thou that.

[Beats TRINCULO]

As you like this, give me the lie another time.

स्टेफेनो

क्या मैं ऐसा करता हूँ? इसके लिए ये लो।

[ट्रिन्क्युलो को पीटता है]

अगर तुम्हें यह पसंद हो, तो मुझे एक और बार झूठा कहो।

TRINCULO

I did not give the lie. Out o' your
wits and hearing too? A pox o' your bottle!
this can sack and drinking do. A murrain on
your monster, and the devil take your fingers!

ट्रिन्क्युलो

मैंने तुम्हें झूठा नहीं कहा। क्या तुम्हारी बुद्धि और श्रवणशक्ति खराब हो गई है? तुम्हारी बोतल को चेचक हो जाए! ज्यादा शराब पीने से यही होता है। तुम्हें महामारी लग जाये दरिंदे, और शैतान तुम्हारी अंगुलियाँ ले ले[169]!

[169] ट्रिन्क्युलो उसे कुष्ठ रोग लगने की बद्दुआ दे रहा है।

CALIBAN

Ha, ha, ha!

कैलिबैन

हा, हा, हा!

STEPHANO

Now, forward with your tale. *[to Trinculo]* Prithee, stand farther
off.

स्टेफेनो

अब, अपनी कहानी आगे बढ़ाओ। *[ट्रिन्क्युलो से]* कृपया, दूर चले जाओ।

CALIBAN

Beat him enough: after a little time
I'll beat him too.

कैलिबैन

उसे जमकर पीटिये। थोड़े समय बाद मैं भी उसे पीटूंगा।

STEPHANO

Stand farther. Come, proceed.

स्टेफेनो

दूर खड़े हो जाओ। चलो, जारी रखो।

CALIBAN

Why, as I told thee, 'tis a custom with him,
I' th' afternoon to sleep: there thou mayst brain him,
Having first seized his books, or with a log
Batter his skull, or paunch him with a stake,
Or cut his weasand with thy knife. Remember
First to possess his books; for without them
He's but a sot, as I am, nor hath not
One spirit to command: they all do hate him
As rootedly as I. Burn but his books.
He has brave utensils,--for so he calls them--
Which when he has a house, he'll deck withal
And that most deeply to consider is
The beauty of his daughter; he himself
Calls her a nonpareil: I never saw a woman,
But only Sycorax my dam and she;
But she as far surpasseth Sycorax
As great'st does least.

कैलिबैन

जैसा मैंने आपको बताया, उसकी यह आदत है कि वह दोपहर को सोता है। वहाँ पहले, उसकी किताबें लेने के बाद आप उसका सिर फोड़ लीजियेगा। या एक लट्ठे से उसकी खोपड़ी कूट दीजियेगा, या एक खूँटा उसके पेट में गाड़ दीजियेगा, या अपनी चाकू से उसका गला

काट दीजियेगा। याद रखिये, पहले उसकी किताबें लीजियेगा, क्योंकि उनके बगैर वह मेरी ही तरह केवल एक मूर्ख है। और (फिर) न ही उसके पास आदेश देने के लिए एक भी आत्मा होगी। वे सभी उससे उतनी ही गहरी नफरत करती हैं जितनी मैं करता हूँ। केवल उसकी किताबें ही जलाइयेगा। उसके पास शानदार *औजार* हैं–क्योंकि वह उन्हें यही पुकारता है–जब उसके पास एक घर होगा, वह उनसे अपने घर को सजाएगा। और सबसे ज्यादा गहराई से सोचने की बात उसकी बेटी की खूबसूरती है। वह खुद उसको अतुल्य (सुंदरी) बताता है। मैंने कभी एक औरत नहीं देखी–सिवाय केवल सिकोरैक्स, मेरी माँ के और उसके। लेकिन वह सिकोरैक्स से उतनी ही आगे है, जितना सबसे महान सबसे तुच्छ से आगे होता है।

STEPHANO

Is it so brave a lass?

स्टेफेनो

क्या वह इतनी शानदार लड़की है?

CALIBAN

Ay, lord; she will become thy bed, I warrant.
And bring thee forth brave brood.

कैलिबैन

जी, मालिक। वह आपके बिस्तर की शोभा बढ़ाएगी, मैं वादा करता हूँ। और आपके लिए सुन्दर बच्चे उत्पन्न करेगी।

STEPHANO

Monster, I will kill this man: his daughter and I
will be king and queen--save our graces!--and
Trinculo and thyself shall be viceroys. Dost thou
like the plot, Trinculo?

स्टेफेनो

दरिंदे, मैं इस आदमी को मार दूंगा। उसकी लड़की और मैं, राजा और
रानी बन जायेंगे–ईश्वर हमारी बादशाहत की रक्षा करे–और ट्रिन्क्युलो
और तुम वाइसराय बनोगे। क्या तुम्हें योजना अच्छी लगी, ट्रिन्क्युलो?

TRINCULO

Excellent.

ट्रिन्क्युलो

बहुत बढ़िया।

STEPHANO

Give me thy hand: I am sorry I beat thee; but,
while thou livest, keep a good tongue in thy head.

स्टेफेनो

मुझे अपना हाथ दो। मुझे माफ़ कर दो मैंने तुम्हें पीटा। लेकिन जब तक
तुम जिन्दा हो, अपने दिमाग में अच्छी बोली रखो।

CALIBAN

Within this half hour will he be asleep:
Wilt thou destroy him then?

कैलिबैन

इस आधे घंटे के भीतर ही वह सो जाएगा। क्या तब, आप उसे ख़त्म कर देंगे?

STEPHANO

Ay, on mine honour.

स्टेफेनो

हाँ, मैं वचन देता हूँ।

ARIEL

(aside)

This will I tell my master.

एरिअल

(एक कोने में खुद से)

यह मैं अपने आका को बताऊँगा।

CALIBAN

Thou makest me merry; I am full of pleasure:
Let us be jocund: will you troll the catch
You taught me but while-ere?

कैलिबैन

आपने मुझे आनंदित कर दिया। मैं ख़ुशी से भर गया हूँ। चलिए हम उल्लास करें। क्या आप वह गीत गायेंगे, जिसे आपने मुझे बस कुछ ही समय पहले सिखाया था?

STEPHANO

At thy request, monster, I will do reason, any reason. Come on, Trinculo, let us sing.

[Sings]

Flout 'em and scout 'em
And scout 'em and flout 'em
Thought is free.

स्टेफेनो

तुम्हारी प्रार्थना पर, दरिंदे, मैं वह करूँगा जो तर्कसंगत हो–जो भी तर्कसंगत हो। आओ, ट्रिन्क्युलो, चलो हम गाते हैं।

[गाता है]

उनका अपमान करो, और उनका उपहास करो।

और उनका उपहास करो, और उनका अपमान करो।

सोच आजाद है।

CALIBAN

That's not the tune.

कैलिबैन

यह वह धुन नहीं है।

[Ariel plays the tune on a tabour and pipe]

[एरिअल ड्रम और पाइप पर धुन बजाता है]

STEPHANO

What is this same?

स्टेफेनो

यह क्या दोहराया जा रहा है?

TRINCULO

This is the tune of our catch, played by the picture of Nobody.

ट्रिन्क्युलो

यह हमारी ही धुन है,   जिसे बजाते हुए कोई नहीं दिख रहा है।

STEPHANO

If thou beest a man, show thyself in thy likeness:
if thou beest a devil, take't as thou list.

स्टेफेनो

अगर तुम एक आदमी हो, तो तुम जैसे भी हो, खुद को जाहिर करो। अगर तुम एक शैतान हो, तो तुम कोई भी रूप चुन लो।

TRINCULO

O, forgive me my sins!

ट्रिन्क्युलो

ओह, मेरे पापों को माफ़ करो।

STEPHANO

He that dies pays all debts: I defy thee. Mercy upon us!

स्टेफेनो

मरने वाले को अपने सारे कर्ज चुकाने पड़ते हैं। मैं तुम्हें ललकारता हूँ। (ईश्वर) हम पर दया करो!

CALIBAN

Art thou afeard?

कैलिबैन

क्या आप भयभीत हैं?

STEPHANO

No, monster, not I.

स्टेफेनो

नहीं, दरिंदे, मैं नहीं हूँ।

CALIBAN

Be not afeard; the isle is full of noises,
Sounds and sweet airs, that give delight and hurt not.
Sometimes a thousand twangling instruments
Will hum about mine ears, and sometime voices
That, if I then had waked after long sleep,
Will make me sleep again: and then, in dreaming,
The clouds methought would open and show riches
Ready to drop upon me that, when I waked,
I cried to dream again.

कैलिबैन

डरिये मत। यह टापू शोर, (विचित्र) आवाजों और मधुर गीत–संगीत से भरा हुआ है, जो आनंद देते हैं और चोट नहीं पहुंचाते हैं। कई बार एक हजार झनझनाते वाद्ययंत्र मेरे कानों के इर्दगिर्द गूँजते हैं, और कभी–कभी ऐसी आवाजें आती हैं कि यदि उस समय मैं लम्बी नींद के बाद जागा हुआ होऊं तो वे मुझे फिर से सुला देती हैं। और फिर, सपनों में वे बादल, जिनके बारे में मैं सोचता कि वे खुलेंगे और मुझे उस दौलत को दिखायेंगे, जो मुझपर बरसने ही वाली होती कि तभी मैं जाग जाता और दोबारा सपने को देखने के लिए रोने लगता।

STEPHANO

This will prove a brave kingdom to me, where I shall have my music for nothing.

स्टेफेनो

यह मेरे लिए एक शानदार राज्य साबित होगा, जहाँ मुझे मुफ्त में संगीत मिलेगा।

CALIBAN

When Prospero is destroyed.

कैलिबैन

जब प्रोस्पेरो को ख़त्म कर दिया जाएगा।

STEPHANO

That shall be by and by: I remember the story.

स्टेफेनो

ऐसा तुरंत होगा। मुझे तुम्हारी कहानी याद है।

TRINCULO

The sound is going away; let's follow it, and
after do our work.

ट्रिन्क्युलो

आवाज दूर जा रही है। हमें उसका पीछा करना चाहिए और उसके बाद हम अपना काम करेंगे।

STEPHANO

Lead, monster; we'll follow. I would I could see
this tabourer; he lays it on.

स्टेफेनो

रास्ता दिखाओ, दरिंदे। हम पीछे आयेंगे। काश मैं इस ड्रम-वादक को देख पाता। वह इसे प्रभावशाली ढंग से बजा रहा है।

TRINCULO

(to CALIBAN) Wilt come? I'll follow, Stephano.

ट्रिन्क्युलो

(कैलिबैन से) क्या तुम चलोगे? मैं पीछे चलूँगा, स्टेफेनो।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE III. Another part of the island.
दृश्य ३. द्वीप का दूसरा भाग

[Enter ALONSO, SEBASTIAN, ANTONIO, GONZALO, ADRIAN, FRANCISCO, and others]

[एलॉन्ज़ो, सेबैस्टियन, एंटोनियो, गौन्ज़ालो, एड्रियन, फ्रैंसिस्को, एवं अन्य लोगों का प्रवेश]

GONZALO

By'r lakin, I can go no further, sir;
My old bones ache: here's a maze trod indeed
Through forth-rights and meanders! By your patience,
I needs must rest me.

गौन्ज़ालो

वर्जिन मैरी की कसम, मैं और आगे नहीं जा सकता, श्रीमान। मेरी बूढ़ी हड्डियाँ दर्द करती हैं। यहाँ हम अवश्य ही भूलभुलैया के सीधे और घुमावदार रास्तों से होकर गुजर रहे हैं। आप बुरा न माने तो मुझे आराम की जरूरत है।

ALONSO

Old lord, I cannot blame thee,
Who am myself attach'd with weariness,
To the dulling of my spirits: sit down, and rest.
Even here I will put off my hope and keep it
No longer for my flatterer: he is drown'd
Whom thus we stray to find, and the sea mocks
Our frustrate search on land. Well, let him go.

एलॉन्ज़ो

बूढ़े सामंत, मैं तुम्हें दोष नहीं दे सकता। जब थकान ने मुझे खुद ऐसे पकड़ लिया है, कि मेरा जोश फीका हो गया है। बैठ जाओ और आराम करो। यहाँ भी मैं अपनी उम्मीद छोड़ दूंगा और अपनी खुशामद के लिए इसे अब और नहीं रखूँगा। वह डूब गया है, जिसे खोजने के लिए

हम भटक रहे हैं, और *जमीन पर हमारी विफल तलाश का समुद्र उपहास कर रहा है*[170]। खैर, उसे जाने दो।

ANTONIO

[Aside to SEBASTIAN]

I am right glad that he's so
out of hope.
Do not, for one repulse, forego the purpose
That you resolved to effect.

एंटोनियो

[एक कोने में सेबैस्टियन से]

मैं सही में खुश हूँ कि वह इतने नाउम्मीद हो गये हैं। एक रुकावट की वजह से अपने उस मकसद को मत छोड़ दीजिएगा जिसे पूरा करने का आपने निश्चय किया था।

SEBASTIAN

[Aside to ANTONIO]

The next advantage
Will we take throughly.

सेबैस्टियन

---

[170] अर्थात फर्डिनैंड समुद्र में डूब गया है और जमीन पर फर्डिनैंड को तलाशने की हमारी विफल कोशिश को देखकर समुद्र हमारा उपहास उड़ा रहा है।

[एक कोने में एंटोनियो से]

अगले मौके का लाभ हम पूरी तरह से उठाएंगे।

ANTONIO

[Aside to SEBASTIAN]

Let it be to-night;
For, now they are oppress'd with travel, they
Will not, nor cannot, use such vigilance
As when they are fresh.

एंटोनियो

[एक कोने में सेबैस्टियन से]

तो इसे आज रात किया जायेगा। क्योंकि, अब वे लोग भ्रमणकर बुरी तरह से थक चुके हैं, वे इतनी सतर्कता नहीं बरतेंगे, अथवा बरत सकते हैं, जैसे (वे तब बरतते हैं) जब वे तरोताजा होते हैं।

SEBASTIAN

[Aside to ANTONIO]

I say, to-night: no more.

सेबैस्टियन

[एक कोने में एंटोनियो से]

मैं कहता हूँ, आज रात (सही है)। अब और कुछ मत बोलो।

[Solemn and strange music]

[गंभीर और विचित्र संगीत]

ALONSO

What harmony is this? My good friends, hark!

एलॉन्ज़ो

यह कैसा संगीत है? मेरे अच्छे साथियों, सुनो!

GONZALO

Marvellous sweet music!

गौन्ज़ालो

चमत्कारी मधुर संगीत!

[Enter PROSPERO above, invisible. Enter several strange Shapes, bringing in a banquet; they dance about it with gentle actions of salutations; and, inviting the King, & c. to eat, they depart]

[अदृश्य प्रोस्पेरो का ऊपर प्रवेश। कई विचित्र आकृतियों का भोजन सामग्री लाते हुए प्रवेश। वे अभिवादन की सौम्य मुद्राओं के साथ इसके[171] इर्दगिर्द नाचती हैं; और राजा एवं मंडली को खाने के लिए आमंत्रित करके, वे चली जाती हैं।]

---

[171] भोजन के

ALONSO

Give us kind keepers, heavens! What were these?

एलॉन्ज़ो

परमेश्वर, तुमने हमारे लिए फ़रिश्ते भेजे! ये क्या थे?

SEBASTIAN

A living drollery. Now I will believe
That there are unicorns, that in Arabia
There is one tree, the phoenix' throne, one phoenix
At this hour reigning there.

सेबैस्टियन

जीवंत कठपुतलियों का प्रदर्शन। अब मैं मान लूँगा कि यूनिकॉर्न होते हैं–कि अरेबिया में एक पेड़, फीनिक्स[172] का तख़्त, है और इस समय वहाँ एक फीनिक्स राज कर रहा है।

ANTONIO

I'll believe both;
And what does else want credit, come to me,
And I'll be sworn 'tis true: travellers ne'er did
lie,
Though fools at home condemn 'em.

एंटोनियो

मैं दोनों पर विश्वास कर लूँगा। और जो भी अन्य चीजें जो (खुद के अस्तित्व पर) विश्वास कराना चाहती हैं, मेरे पास आयें। और मैं

[172] फीनिक्स, अरबी दंतकथाओं का एक पक्षी है जो अपनी चिता (या 'तख़्त') की राख से हर पाँच सौ वर्षों में जीवित हो जाता है।

कसम खा लूँगा कि आप सच हो। यात्रियों ने कभी झूठ नहीं बोला था, हालाँकि *देश के बेवकूफ उनकी निंदा करते हैं*[173]।

GONZALO

If in Naples
I should report this now, would they believe me?
If I should say, I saw such islanders--
For, certes, these are people of the island--
Who, though they are of monstrous shape, yet, note,
Their manners are more gentle-kind than of
Our human generation you shall find
Many, nay, almost any.

गौन्ज़ालो

अब, अगर नेपल्स में मैं इसके बारे में बताऊँ, (तो) क्या वे मुझपर विश्वास करेंगे? अगर मैं कहूँ कि मैंने इस तरह के द्वीपवासियों को देखा था –क्योंकि निश्चित तौर पर ये इस द्वीप के लोग हैं–जो हालाँकि दरिंदे जैसी आकृति के हैं, फिर भी, गौर करें तो आप पायेंगे कि वे अपने आचरण में हमारी पीढ़ी में पाए जाने वाले कई इंसानों से–नहीं, लगभग सभी से–ज्यादा विनम्र और दयालु हैं।

PROSPERO

[Aside]

---

[173] देश के नागरिक उनकी बातों पर यकीन न करें।

Honest lord,
Thou hast said well; for some of you there present
Are worse than devils.

प्रोस्पेरो

[एक कोने में खुद से]

सच्चे सामंत, तुमने सही कहा। क्योंकि यहाँ मौजूद तुममें से कुछ लोग शैतानों से भी बदतर हैं।

ALONSO

I cannot too much muse
Such shapes, such gesture and such sound, expressing,
Although they want the use of tongue, a kind
Of excellent dumb discourse.

एलॉन्ज़ो

ऐसी आकृतियों, ऐसे आचरण और ऐसी आवाज पर, मैं बहुत अधिक मनन–चिन्तन नहीं कर सकता हूँ, जो एक तरह के बेहतरीन मूक वार्तालाप को जाहिर कर रही हैं हालांकि उन्हें जबान के इस्तेमाल की जरूरत है।

PROSPERO

[Aside]

Praise in departing.

प्रोस्पेरो

[एक कोने में खुद से]

तारीफ़ जाते समय करना[174]।

FRANCISCO

They vanish'd strangely.

फ्रैंसिस्को

वे अजीब तरीके से गायब हो गए।

SEBASTIAN

No matter, since
They have left their viands behind; for we have stomachs.
Will't please you taste of what is here?

सेबैस्टियन

कोई फर्क नहीं पड़ता, जबकि उन्होंने अपना खाना छोड़ दिया है। क्योंकि हमें पेट भरना है। जो यहाँ है, क्या आप उससे पेट भरना चाहेंगे?

ALONSO

Not I.

एलॉन्ज़ो

---

[174] जब आकृतियाँ अपना काम खत्म करके जाने लगें तब तारीफ़ करना।

मैं नहीं।

GONZALO

Faith, sir, you need not fear. When we were boys,
Who would believe that there were mountaineers
Dew-lapp'd like bulls, whose throats had hanging at 'em
Wallets of flesh? or that there were such men
Whose heads stood in their breasts? which now we find
Each putter-out of five for one will bring us
Good warrant of.

गौन्ज़ालो

विश्वास रखिये, श्रीमान, आपको डरने की जरूरत नहीं है। जब हम बच्चे हुआ करते थे तो कौन मानता था कि ऐसे पहाड़ी लोग होते थे, जिनके गले, साँड़ों के गलों जैसी सिकुड़न वाले, मांस के झोले होते थे? या ऐसे आदमी होते थे जिनके सिर उनकी छाती में होते थे? अब हर पाँच पर एक की शर्त लगाने वाले[175] को हम खोजेंगे क्योंकि वह हमारे लिए अच्छी जमानत लायेगा।

---

[175] 'पाँच पर एक की शर्त लगाने वाले' से आशय उन लोगों से है जो मध्यकालीन युग में यात्रा पर शर्त लगाते थे। यात्रा पर निकलने से पहले यात्री एक निश्चित राशि दलाल के यहाँ जमा करते थे। यदि वे इस प्रमाण के साथ लौटते थे कि वे अपनी मंजिल से होकर आये हैं तो दलाल उन्हें जमा की गई राशि का पाँच गुना देता था।

ALONSO

I will stand to and feed,
Although my last: no matter, since I feel
The best is past. Brother, my lord the duke,
Stand to and do as we.

एलॉन्ज़ो

मैं आगे बढ़ूँगा और भोजन करूँगा, हालाँकि यह मेरा अंतिम भोज हो सकता है। कोई बात नहीं, क्योंकि मुझे लगता है जिंदगी का (सबसे अच्छा हिस्सा) इतिहास हो गया है। भाई, मेरे सामंत ड्यूक, आगे आओ और जैसा हम करते हैं, करो।

[Thunder and lightning. Enter ARIEL, like a harpy; claps his wings upon the table; and, with a quaint device, the banquet vanishes]

[बिजली की गड़गड़ाहट और बिजली का चमकना। हार्पी[176] की तरह एरिअल का प्रवेश; पंखों को मेज पर बजाना; और विचित्र तरीके से, भोजन–सामग्री का गायब हो जाना।]

[176] चील जैसे पंखोंवाली चुड़ैल

ARIEL

You are three men of sin, whom Destiny,
That hath to instrument this lower world
And what is in't, the never-surfeited sea
Hath caused to belch up you; and on this island
Where man doth not inhabit; you 'mongst men
Being most unfit to live. I have made you mad;
And even with such-like valour men hang and drown
Their proper selves.

[ALONSO, SEBASTIAN & c. draw their swords]

You fools! I and my fellows
Are ministers of Fate: the elements,
Of whom your swords are temper'd, may as well
Wound the loud winds, or with bemock'd-at stabs
Kill the still-closing waters, as diminish
One dowl that's in my plume: my fellow-ministers
Are like invulnerable. If you could hurt,
Your swords are now too massy for your strengths
And will not be uplifted. But remember--
For that's my business to you--that you three
From Milan did supplant good Prospero;
Exposed unto the sea, which hath requit it,
Him and his innocent child: for which foul deed
The powers, delaying, not forgetting, have
Incensed the seas and shores, yea, all the creatures,

Against your peace. Thee of thy son, Alonso,
They have bereft; and do pronounce by me:
Lingering perdition, worse than any death
Can be at once, shall step by step attend
You and your ways; whose wraths to guard you from--
Which here, in this most desolate isle, else falls
Upon your heads--is nothing but heart-sorrow
And a clear life ensuing.

एरिअल

तुम तीनों[177] पापी इंसान हो, जिनको तकदीर–जिसके पास इस नीचे की दुनिया और उसमें होने वाली हर चीज, का नियंत्रण है–ने कभी न तृप्त होने वाले समुद्र से वापस ऊपर फेंकवा दिया है। और इस द्वीप पर, जहाँ इंसान नहीं बसते, तुम लोग सभी इंसानों में जीवित रहने के लिए सबसे ज्यादा अनुपयुक्त हो। मैंने तुम्हें पागल बना दिया है। और तुम्हारी जैसी हिम्मत के बावजूद (पागल) इंसान खुद को, फांसी लगा लेते हैं और डुबो लेते हैं।

[एलॉन्ज़ो, सेबैस्टियन एवं मंडली अपनी तलवारें निकालते हैं]

अरे बेवकूफों! मैं और मेरी साथी आत्माएं, तकदीर की खिदमतगार हैं। जिस *तत्व* से तुम्हारी तलवारें बनाई गई हैं, वह जितने अच्छे से तेज हवाओं को चोट दे सकता है, या बनावटी प्रहारों से बहते पानी (के प्रवाह) को ख़त्म कर सकता है, उतना ही तुम मेरे पंख के एक रेशे को नुकसान पहुँचा सकते हो। मेरे साथी खिदमतगार भी उसी तरह से अभेद्य हैं। अगर तुम (हमें) चोट पहुँचा सकते, तो तुम्हारी

---

[177] एलॉन्ज़ो, एंटोनियो, और सेबैस्टियन

तलवारें तुम्हारी ताकत के लिए बहुत भारी होतीं और तुम उन्हें उठा नहीं पाते। लेकिन याद रखो–*क्योंकि मुझे तुमसे यही काम है*[178]–कि तुम तीनों ने मिलान में नेक प्रोस्पेरो का स्थान ले लिया; उसे और उसकी मासूम बच्ची को समुद्र में छोड़ दिया–जिसने[179] तुमसे इसका बदला लिया है। इस गलत काम के लिए, शक्तियों ने देरी से, लेकिन बिना भूले, समुद्र को और किनारों को, (और) हाँ, सारे जीवों को तुम्हारी सुख–शान्ति के खिलाफ उत्तेजित कर दिया। एलॉन्ज़ो, उन्होंने तुमसे तुम्हारे बेटे को छीन लिया है, और वे मुझसे कहलवाती हैं कि मैं तुम्हारे लिए धीरे–धीरे बीतने वाला एक नर्कवास बन जाऊं, जो एक तुरंत होने वाली मौत से बदतर हो। मैं कदम–कदम पर तुम्हारे और तुम्हारे रास्तों के साथ चलूँगा। उनके[180] क्रोध– जो पहले से ही इस अति निर्जन द्वीप में तुम्हारे सिरों पर पड़ा है– से खुद को बचाने के लिए तुम्हारे पास एक मात्र तरीका अपने दिल में शोक करना और उसके बाद एक पाक–साफ़ जीवन जीना है।

[ARIEL vanishes in thunder; then, to soft music enter the Shapes again, and dance, with mocks and mows, and carrying out the table]

[एरिअल बिजली की गड़गड़ाहट में गायब हो जाता है; उसके बाद धीमे संगीत पर आकृतियों का फिर से प्रवेश होता है और हँसी–ठट्ठे के साथ नृत्य होता है और मेज को बाहर ले जाया जाता है।]

PROSPERO

---

[178] क्योंकि तुम्हें यही बात याद दिलाना मेरा काम है।

[179] समुद्र ने

[180] इन शक्तियों के

Bravely the figure of this harpy hast thou
Perform'd, my Ariel; a grace it had, devouring:
Of my instruction hast thou nothing bated
In what thou hadst to say: so, with good life
And observation strange, my meaner ministers
Their several kinds have done. My high charms work
And these mine enemies are all knit up
In their distractions; they now are in my power;
And in these fits I leave them, while I visit
Young Ferdinand, whom they suppose is drown'd,
And his and mine loved darling.

[Exit PROSPERO above]

प्रोस्पेरो

मेरे एरिअल, तुमने इस हार्पी का किरदार शानदार तरीके से निभाया है। जैसे खाना गायब हुआ था—इसमें एक मनोहरता थी। मेरे निर्देश की कोई भी बात जो तुम्हें कहनी थी उसमें तुमने कुछ भी नहीं छोड़ा। और इसी तरह पूरी जीवन्तता और अद्भुत सावधानी से, मेरे *निचले दर्जे के*[181] खिदमतगारों ने अपने–अपने कामों को अंजाम दिया। मेरा महान जादू काम कर रहा है और मेरे ये दुश्मन अपनी व्याकुलता में पूरी तरह उलझे हुए हैं। अब वे मेरे वश में हैं। और उन्हें मैं इन आवेगपूर्ण दौरों की अवस्था में छोड़ता हूँ, इस दौरान मैं युवक फर्डिनैंड, जिसे ये डूबा हुआ समझते हैं, और उसकी और अपनी प्रिय (मिरैंडा) से मिलने जाता हूँ।

---

[181] एरिअल से निचले दर्जे के

[प्रोस्पेरो का ऊपर से निकास]

GONZALO

I' the name of something holy, sir, why stand you
In this strange stare?

गौन्ज़ालो

किसी भी पवित्र चीज के वास्ते, श्रीमान, आप इस तरह विचित्र तरीके से घूरते हुए क्यों खड़े हैं?

ALONSO

O, it is monstrous, monstrous:
Methought the billows spoke and told me of it;
The winds did sing it to me, and the thunder,
That deep and dreadful organ-pipe, pronounced
The name of Prosper: it did bass my trespass.
Therefore my son i' the ooze is bedded, and
I'll seek him deeper than e'er plummet sounded
And with him there lie mudded.

[Exit]

एलॉन्ज़ो

ओह, यह दरिंदगी भरा है, दरिंदगी भरा। मुझे लगा कि धुआँ बोल रहा था और उसने मुझे इस बारे में बताया। हवाओं ने इसे गाकर मुझे बताया और बिजली की गड़गड़ाहट ने अपने गहरे और भयानक ऑर्गन–पाइप को बजाकर, प्रोस्पेरो का नाम उच्चारित किया। इसने मेरे

अतिक्रमण को धीमे गम्भीर लहजे में कहा था। इसलिए (मेरे पाप के कारण) मेरा बेटा गहराई में डूब गया है और समुद्र की गहराई नापने के लिए बने किसी प्लमेट[182] से भी ज्यादा नीचे की गहराई में मैं जाकर उसे खोजूँगा और वहां उसके साथ दलदली मिट्टी में दफन हो जाऊंगा।

[निकास]

SEBASTIAN

But one fiend at a time,
I'll fight their legions o'er.

सेबैस्टियन

अगर एक बार में एक शैतान से लड़ना हो, तो मैं उनकी सेना से लड़ सकता हूँ।

ANTONIO

I'll be thy second.

एंटोनियो

मैं आपकी सहायता करूँगा।

[Exeunt SEBASTIAN, and ANTONIO]

---

[182] प्लमेट (Plummet) -एक तार से जुड़ा सीसे (Lead) का टुकड़ा जिसकी ध्वनि से समुद्र की गहराई को नापा जाता है।

[सेबैस्टियन और एंटोनियो का निकास]

GONZALO

All three of them are desperate: their great guilt,
Like poison given to work a great time after,
Now 'gins to bite the spirits. I do beseech you
That are of suppler joints, follow them swiftly
And hinder them from what this ecstasy
May now provoke them to.

गौन्ज़ालो

वे तीनों ही व्याकुल हैं। एक (मंद) जहर, जो काफी समय बाद असर दिखाने के लिए दिया जाता है, की तरह उनके बड़े अपराधबोध ने आत्माओं के दंश से अब असर दिखाना शुरू कर दिया है। मैं विनती करता हूँ कि तुम लोग, जिनके जोड़ों में लचक है, उनका तेजी से पीछा करो और इस उन्मादी उत्तेजनावश किये जाने वाले काम को करने से उन्हें रोको।

ADRIAN

Follow, I pray you.

एड्रियन

मेरे पीछे आइये, मैं आपसे विनती करता हूँ।

[Exeunt]

[निकास]

ACT IV

नाटकांक ४

SCENE I. Before PROSPERO'S cell.

दृश्य १. प्रोस्पेरो की कोठरी के सामने।

[Enter PROSPERO, FERDINAND, and MIRANDA]

[प्रोस्पेरो, फर्डिनैंड और मिरैंडा का प्रवेश]

PROSPERO

If I have too austerely punish'd you,
Your compensation makes amends, for I
Have given you here a third of mine own life,

Or that for which I live; who once again
I tender to thy hand: all thy vexations
Were but my trials of thy love and thou
Hast strangely stood the test here, afore Heaven,
I ratify this my rich gift. O Ferdinand,
Do not smile at me that I boast her off,
For thou shalt find she will outstrip all praise
And make it halt behind her.

प्रोस्पेरो

अगर मैंने तुम्हें बहुत सख्त सज़ा दी है, तो तुम्हारा मुआवजा उसकी क्षतिपूर्ति कर देगा, क्योंकि यहाँ मैंने तुम्हें अपनी जिंदगी का एक–तिहाई हिस्सा दे दिया है या वह दे दिया है, जिसके लिए मैं जिन्दा हूँ; जिसे एक बार फिर से मैं तुम्हारे हाथों में सौंपता हूँ। तुम्हारी सारी परेशानियाँ केवल मेरे द्वारा ली गयी तुम्हारे प्रेम की परीक्षाएं थी और तुम उस परीक्षा में अद्‌भुत तरीके से टिके रहे। यहाँ, ईश्वर के सामने, मैं अपना यह कीमती तोहफा तुम्हें देने की पुष्टि करता हूँ। ओ फर्डिनैंड, मुझ पर मुस्कराओ मत कि मैं *इसके बारे में*[183]डींगें मार रहा हूँ, क्योंकि तुम यही पाओगे कि यह सारी तारीफ़ों से बढ़कर है और उनको यह पीछे छोड़ देगी।

FERDINAND

I do believe it
Against an oracle.

---

[183] मिरैंडा के बारे में

फर्डिनैंड

मैं इस बात को मानता हूँ, भले ही कोई पैगम्बर इसके खिलाफ बोले।

PROSPERO

Then, as my gift and thine own acquisition
Worthily purchased take my daughter: but
If thou dost break her virgin-knot before
All sanctimonious ceremonies may
With full and holy rite be minister'd,
No sweet aspersion shall the heavens let fall
To make this contract grow: but barren hate,
Sour-eyed disdain and discord shall bestrew
The union of your bed with weeds so loathly
That you shall hate it both: therefore take heed,
As Hymen's lamps shall light you.

प्रोस्पेरो

तो मेरे तोहफे और तुम्हारी खुद की उपलब्धि द्वारा उचित ढंग से अर्जित चीज, के रूप में मेरी बेटी को ले जाओ: लेकिन अगर उसके कौमार्य को, सारी पवित्र रस्मों और रिवाजों के पूरी तरह पूर्ण किये जाने से पहले, तुम खंडित करोगे तो स्वर्ग से कोई भी कृपा नहीं बरसेगी जिससे यह विवाह पनप पायेगा। बल्कि, व्यर्थ की नफरत, आँखों को कष्ट देने वाली घृणा और मतभेद फ़ैल जाएगा। तुम्हारी सेज का मिलन (फूलों के स्थान पर) इतनी घृणा–कारक घास–फूस से

युक्त हो जाएगा कि तुम दोनों उससे नफरत करोगे। इसलिए सावधानी बरतना, ताकि हाईमेन[184] का चिराग तुम्हें रौशन करे[185]।

FERDINAND

As I hope
For quiet days, fair issue and long life,
With such love as 'tis now, the murkiest den,
The most opportune place, the strong'st suggestion
Our worser genius can, shall never melt
Mine honour into lust, to take away
The edge of that day's celebration,
When I shall think: or Phoebus' steeds are founder'd,
Or Night kept chain'd below.

फर्डिनैंड

जैसा कि ऐसे प्रेम से जैसा अब यह है मैं शांतिपूर्ण दिनों, सुन्दर संतान और लम्बी जिंदगी की उम्मीद करता हूँ। ओछे काम को करने के लिए सबसे ज्यादा उकसाने वाली सबसे अंधेरी गुफा, सबसे मुनासिब जगह होती है, वहां भी हमारी सबसे बुरी अंतरात्मा कभी मेरे सम्मान को कामुकता में नहीं पिघला सकेगी, जिससे उस (विवाह के) दिन के उत्सव का उत्साह चला जाए। जब मैं (हमारे मिलन की

[184] हाईमेन (Hymen)-यूनानी दंतकथाओं में विवाह के देवता।
[185] तुम्हारे विवाह के समय हाईमेन का चिराग स्पष्ट रूप से प्रज्वलित होकर शुभ संकेत के रूप में तुम्हारे विवाह को सफल बनाए।

बात के बारे में) सोचूंगा (तो चाहूंगा) कि *फीबस*[186] *के घोड़े अपाहिज हो जाएँ या रात नीचे (धरती के अंदर) बंदिश में रह जाए*[187]।

PROSPERO

Fairly spoke.
Sit then and talk with her; she is thine own.
What, Ariel! my industrious servant, Ariel!

प्रोस्पेरो

खूब कहा। तो बैठो और इसके साथ बातें करो। यह तुम्हारी अपनी है।

अरे, एरिअल! मेरे मेहनती सेवक, एरिअल!

[Enter ARIEL]

[एरिअल का प्रवेश]

ARIEL

What would my potent master? here I am.

एरिअल

क्या हुक्म है, मेरे शक्तिशाली आका? मैं यहाँ हूँ।

PROSPERO

---

[186] फीबस (Phoebus) – यूनानी दंतकथाओं में सूर्य देवता के लिए सम्बोधन

[187] अर्थात दिन का अंत न हो, जिससे मेरे मन में कामुकता न आने पाये।

Thou and thy meaner fellows your last service
Did worthily perform; and I must use you
In such another trick. Go bring the rabble,
O'er whom I give thee power, here to this place:
Incite them to quick motion; for I must
Bestow upon the eyes of this young couple
Some vanity of mine art: it is my promise,
And they expect it from me.

प्रोस्पेरो

तुम और तुम्हारे अधीनस्थ साथियों ने अपना पिछला काम बखूबी किया था। और मुझे तुम्हारा इस्तेमाल ऐसी ही एक अन्य करामात (को दिखाने) में करना होगा। जाओ बाकी भीड़, जिनके ऊपर मैंने तुम्हें सत्ता दी है, को यहाँ इस जगह पर ले आओ। उन्हें जल्दबाजी करने के लिए उकसाओ; क्योंकि मुझे इस युवा जोड़े की आँखों के सामने अपनी कला का कुछ प्रदर्शन करना है। यह (उनको) मेरा वचन है और वे मुझसे इसकी अपेक्षा करते हैं।

ARIEL

Presently?

एरिअल

अभी?

PROSPERO

Ay, with a twink.

प्रोस्पेरो

हाँ, पलकें झपकाने भर में।

ARIEL

Before you can say 'come' and 'go,'
And breathe twice and cry 'so, so,'
Each one, tripping on his toe,
Will be here with mop and mow.
Do you love me, master, no?

एरिअल

इससे पहले कि आप कह सकें 'आओ' और 'जाओ'

और दो बार सांस लेकर चिल्लायें 'तो, तो'

हर एक (सेवक), अपने पैरों पर नाचते-कूदते फुर्ती से,

यहाँ आ जाएगा, मुंह-फुलाए और मुंह-बनाए।

क्या आप मुझे पसंद करते हैं आका, नहीं?

PROSPERO

Dearly my delicate Ariel. Do not approach
Till thou dost hear me call.

प्रोस्पेरो

बहुत ज्यादा, मेरे अतिनिपुण एरिअल। (तब तक) मत आना, जब तक तुम मुझे आवाज देते हुए न सुनो।

ARIEL

Well, I conceive.

[Exit]

एरिअल

अच्छी बात है, मैं समझ गया।

[निकास]

PROSPERO

Look thou be true; do not give dalliance
Too much the rein: the strongest oaths are straw
To the fire i' the blood: be more abstemious,
Or else, good night your vow!

प्रोस्पेरो

देखो तुम (एक दूसरे से) सच्चे रहना। मनचलेपन को ज्यादा छूट मत देना। जोश की आग में सबसे मजबूत शपथ भी खोखली हो जाती है। खुद पर थोड़ा ज्यादा संयम रखना, वर्ना तुम अपनी (विवाह की) कसमों को अलविदा कह सकते हो।

FERDINAND

I warrant you sir;
The white cold virgin snow upon my heart
Abates the ardour of my liver.

फर्डिनैंड

मैं आपसे वादा करता हूँ श्रीमान। मेरे दिल पर जमी (आपकी बेटी के प्रेम की) सफ़ेद ठंडी बेदाग़ बर्फ, मेरे जिगर के जोश को ठण्डा कर देती है।

PROSPERO

Well.
Now come, my Ariel! bring a corollary,
Rather than want a spirit: appear and pertly!
No tongue! all eyes! be silent.

प्रोस्पेरो

अच्छा। अब आओ, मेरे एरिअल! एक (साथी) आत्मा के बिना रहने की बजाय, एक साथी को ले आओ। सामने आओ और जल्दी! मुंह बंद! केवल देखो! चुप रहो।

[Soft music]

[धीमा संगीत]

[Enter IRIS]

[आईरिस[188] का प्रवेश]

IRIS

Ceres, most bounteous lady, thy rich leas
Of wheat, rye, barley, vetches, oats and peas;
Thy turfy mountains, where live nibbling sheep,
And flat meads thatch'd with stover, them to keep;
Thy banks with pioned and twilled brims,
Which spongy April at thy hest betrims,
To make cold nymphs chaste crowns; and thy broom -groves,
Whose shadow the dismissed bachelor loves,
Being lass-lorn: thy pole-clipt vineyard;
And thy sea-marge, sterile and rocky-hard,
Where thou thyself dost air;--the queen o' the sky,
Whose watery arch and messenger am I,
Bids thee leave these, and with her sovereign grace,

[Juno' s chariot appears and hangs suspended over the stage]

Here on this grass-plot, in this very place,
To come and sport: her peacocks fly amain:
Approach, rich Ceres, her to entertain.

---

188 आईरिस (Iris) - यूनानी दंतकथाओं में इंद्र धनुष की देवी और देवताओं की संदेशवाहक।

आईरिस

सीरीस[189], सबसे उदार देवी,

गेहूँ, राई, जौ, वेच[190], जई और मटर से संपन्न

आपके घास के मैदान;

आपकी घास से बिछी पहाड़ियाँ, जहाँ चरने वाली भेड़ें रहती हैं

और उनके भरण–पोषण के लिए भूसे से युक्त समतल घास के मैदान होते हैं

ताड़ जैसे पेड़ों से और फसलों से लहलहाते आपके किनारे

जिन्हें आपके आदेश पर बारिश का बसंत ऋतु का अप्रैल का महीना सजाता है,

संयमी अप्सराओं के निष्कलंक मुकुटों को बनाने के लिए; और पीले–सफ़ेद फूलों की झाड़ियों वाले आपके उपवन

जिनकी छाया को प्रेमिका द्वारा छोड़े जाने पर एक अस्वीकृत कुंवारा पसंद करता है,

कांटे–छांटे गये आपके अंगूर के बागीचे,

और खाली और कठोर चट्टानों वाले आपके समुद्र के तट

---

[189] सीरीस (Ceres) - रोमन दंत कथाओं में कृषि की देवी।
[190] मटर की प्रजाति की एक फसल

जहाँ आप खुद हवा लेती हैं। आसमान की रानी[191]

जिसकी मैं, इन्द्रधनुष की देवी, सन्देशवाहक हूँ,

और उनकी[192] शासकीय कृपा से आपको[193], इनको छोड़ने का आदेश देती हूँ।

[जूनो का रथ प्रकट होता है और मंच के ऊपर लटकता है।]

यहाँ इस घास के मैदान पर आओ––बिलकुल इसी जगह पर

आओ और मन बहलाओ। उनके[194] मयूर यहाँ पूरी शक्ति से उड़ते हैं।

आओ, संपन्न सीरीस, उनका मन बहलाओ।

[Enter CERES]

[सीरीस का प्रवेश]

---

[191] जूनो (Juno) – रोमन दंत कथाओं में विवाह एवं संतानोत्पत्ति की देवी, जो रोमन देवता जुपिटर की पत्नी हैं।
[192] जूनो की
[193] सीरीस को
[194] जूनो के

IVNO
CERES
IRIS
R.A.Bell.

CERES

Hail, many-colour'd messenger, that ne'er
Dost disobey the wife of Jupiter;
Who with thy saffron wings upon my flowers
Diffusest honey-drops, refreshing showers,
And with each end of thy blue bow dost crown
My bosky acres and my unshrubb'd down,
Rich scarf to my proud earth; why hath thy queen
Summon'd me hither, to this short-grass'd green?

सीरीस

अभिवादन, बहुरंगी–संदेशवाहक, जिसने कभी

जुपिटर[195] की पत्नी की अवहेलना नहीं की है;

जिसने अपने केसरिया पंखों से मेरे फूलों पर

ताजगी भरी बारिश से शहद की बूँदें छितरा दी हैं,

और अपने नीले इंद्रधनुष के हर सिरे से,

मेरी झाड़ीदार भूमियों को और बिना झाड़ियों वाले मेरे ढलानों को,
मुकुट पहनाया है, मानो मेरी गर्वित भूमि को एक शानदार ओढ़नी

[195] जुपिटर (Jupiter) - रोमन दंत कथाओं में देवताओं के राजा, जिनका अस्त्र बिजली है।

पहना दी हो। तुम्हारी रानी ने इस कांटे–छांटे घास के मैदान में मुझे यहाँ क्यों बुलाया?

IRIS

A contract of true love to celebrate;
And some donation freely to estate
On the blest lovers.

आईरिस

सच्चे प्यार के विवाह का उत्सव मनाने के लिए।

और स्वेच्छा से कोई तोहफा,

समृद्धशाली प्रेमियों को देने के लिए।

CERES

Tell me, heavenly bow,
If Venus or her son, as thou dost know,
Do now attend the queen? Since they did plot
The means that dusky Dis my daughter got,
Her and her blind boy's scandal'd company
I have forsworn.

सीरीस

मुझे बताओ, अलौकिक इंद्रधनुष,

क्या तुम जानती हो कि वीनस[196] या उसका बेटा[197], इस समय रानी के साथ आये हैं? क्योंकि उन्होंने वह योजना बनाई थी जिससे अँधेरे के देवता डिस[198] ने मेरी बेटी को पाया।

उसके और उसके अंधे[199] बेटे की खराब संगति को मैंने शपथ खाकर छोड़ दिया है।

IRIS

Of her society
Be not afraid: I met her deity
Cutting the clouds towards Paphos and her son
Dove-drawn with her. Here thought they to have done
Some wanton charm upon this man and maid,
Whose vows are, that no bed-right shall be paid
Till Hymen's torch be lighted: but vain;
Mars's hot minion is returned again;
Her waspish-headed son has broke his arrows,
Swears he will shoot no more but play with sparrows
And be a boy right out.

आईरिस

---

[196] वीनस (Venus) - रोमन दंत कथाओं में प्रेम और खूबसूरती की देवी।
[197] क्यूपिड (Cupid) - रोमन दंत कथाओं में प्रेम के देवता।
[198] डिस (Dis) -नीचे की दुनिया के देवता हेडीस (Hades) का एक अन्य नाम।
[199] प्रेम अंधा होता है।

उसकी संगति से डरो मत। मैं देवी से मिली थी। वह बादलों को चीरते हुए पैफोस[200] की ओर जा रही थी। और उसका बेटा उसके साथ कबूतरों द्वारा खींचे जाने वाले रथ से जा रहा था। यहाँ वे सोच रहे थे कि इस आदमी और युवती[201], जिन्होंने कसमें खाईं थीं कि वे दोनों तब तक हमबिस्तर नहीं होंगे जब तक कि हाईमेन देवता की मशाल न जल जाए[202], के बीच कुछ कामुकतापूर्ण आकर्षण पैदा कर दिया जाए। लेकिन (उनकी योजना) व्यर्थ थी। मार्स[203] की भड़कीली प्रियतमा फिर से लौट आई[204]। उसके चिड़चिड़ी खोपड़ी वाले पुत्र ने अपने (प्रेम) बाणों को तोड़ दिया और सौगंध खाई कि वह उन्हें फिर कभी नहीं चलाएगा बल्कि वह गौरैयों के साथ खेलेगा और पूरी तरह एक (साधारण) लड़के की तरह रहेगा।

CERES

High'st queen of state,
Great Juno, comes; I know her by her gait.

सीरीस

वैभव की सबसे महान रानी, महान जूनो, आ रही हैं। मैं उन्हें उनके चलने के ढंग से पहचान गई हूँ।

---

[200] साइप्रेस द्वीप पर एक शहर।

[201] फर्डिनैंड और मिरैंडा

[202] विवाह के देवता हाईमेन द्वारा विवाह न करा दिया जाए।

[203] मार्स (Mars)- रोमन दंत कथाओं में युद्ध के देवता।

[204] रोमन दंत कथाओं के अनुसार वीनस का विवाह, ज्वालामुखी की आग के देवता 'वल्कन' (Vulcan) से हुआ था लेकिन उसके मार्स के साथ नाजायज सम्बन्ध थे।

[Enter JUNO]

[जूनो का प्रवेश]

JUNO

How does my bounteous sister? Go with me
To bless this twain, that they may prosperous be
And honour'd in their issue.

जूनो

मेरी उदार बहन कैसी है? इन दोनों को आशीर्वाद देने मेरे साथ चलो,
जिससे ये खुशहाल रह सके और इन्हें संतानों का सौभाग्य प्राप्त हो।

[They sing]

[वे गाती हैं]

JUNO

Honour, riches, marriage-blessing,
Long continuance, and increasing,
Hourly joys be still upon you!
Juno sings her blessings upon you.

जूनो

सम्मान, दौलत, विवाह की सुखसमृद्धि,

लम्बे समय तक जारी रहे और बढ़ती रहे।

हर घंटे खुशियाँ तुमपर बनी रहे!

जूनों तुम्हारे लिए अपना आशीर्वाद गाती है।

CERES

Earth's increase, foison plenty,
Barns and garners never empty,
Vines and clustering bunches growing,
Plants with goodly burthen bowing;
Spring come to you at the farthest
In the very end of harvest!
Scarcity and want shall shun you;
Ceres' blessing so is on you.

सीरीस

धरती की बढ़ोतरी हो, प्रचुरता में फसलें हों।

खलिहान और अन्न–भण्डार कभी न खाली हों।

अंगूर की लताएँ और गुच्छे ढेरों मात्रा में बढ़ते जाएँ।

बढ़िया फलों (के बोझ) से पेड़–पौधे झुक जाएँ।

तुम्हारे लिए बसंत बिलकुल

फसल कटाई के ठीक अंत तक आ जाए।

अभाव और कमी तुम्हें छोड़ देंगे।

सीरीस तुमको ऐसा आशीष देती है।

FERDINAND

This is a most majestic vision, and
Harmonious charmingly. May I be bold
To think these spirits?

फर्डिनैंड

यह बहुत वैभवशाली दृश्य है, और मोहक रूप से सुसंगत है। क्या इन्हें मैं आत्माएँ समझ कर गुस्ताखी कर रहा हूँ?

PROSPERO

Spirits, which by mine art
I have from their confines call'd to enact
My present fancies.

प्रोस्पेरो

आत्माएं ही हैं, जिन्हें मेरी वर्तमान कल्पनाओं पर अभिनय करने के लिए, मैंने अपनी जादूगरी से उनकी कैद से निकाल कर बुलाया है।

FERDINAND

Let me live here ever;
So rare a wonder'd father and a wife
Makes this place Paradise.

फर्डिनैंड

मुझे यहाँ हमेशा के लिए रहने दीजिये। यहाँ मेरे इतने अद्भुत पिता हैं जो ऐसे चमत्कार करते हैं और एक पत्नी है जो इस जगह को स्वर्ग बनाती है।

[Juno and Ceres whisper, and send Iris on employment]

[जूनो और सीरीस फुसफुसाती हैं, और आईरिस को काम पर भेज देती हैं।]

PROSPERO

Sweet, now, silence!
Juno and Ceres whisper seriously;
There's something else to do: hush, and be mute,
Or else our spell is marr'd.

प्रोस्पेरो

अब, प्रिय, शांत हो जाओ! जूनो और सीरीस गंभीरता से फुसफुसा रही हैं। यहाँ पर करने के लिए और भी कुछ है। खामोश हो जाओ, और चुप रहो, वर्ना हमारा जादू नष्ट हो जायेगा।

IRIS

You nymphs, call'd Naiads, of the windring brooks,
With your sedged crowns and ever-harmless looks,
Leave your crisp channels and on this green land
Answer your summons; Juno does command:
Come, temperate nymphs, and help to celebrate
A contract of true love; be not too late.

[Enter certain Nymphs]

You sunburnt sicklemen, of August weary,
Come hither from the furrow and be merry:

Make holiday; your rye-straw hats put on
And these fresh nymphs encounter every one
In country footing.

आईरिस

नरकटों से बने अपने मुकुटों से युक्त और हमेशा मासूम दिखने वाले अपने रूप के साथ, नेइऐड्स कहलाने वाली, घुमावदार जलधाराओं की अप्सराओं, तेज लहरों वाली अपनी जलधारा को छोड़ दो और इस हरी–भरी भूमि पर तुम्हारे आह्वान (किये जाने) का जवाब दो। जूनो का आदेश है। आओ, विनम्र अप्सराओं, और सच्चे प्रेम के विवाह के उत्सव को मनाने में सहायता करो। ज्यादा देरी मत करो।

[कुछ अप्सराओं का प्रवेश]

तुम अगस्त की कटाई से थके हुए– धूप से झुलसे लावक[205], जुती हुई जमीन से यहाँ आओ और खुश हो जाओ। उत्सव मनाओ। (राई–के) पुआल की बनी अपनी टोपियों को पहनो और ये निर्मल अप्सरायें हर एक से मिलकर लोक–नृत्य में हिस्सा लें।

[Enter certain Reapers, properly habited: they join with the Nymphs in a graceful dance; towards the end whereof PROSPERO starts suddenly, and speaks]

[सुसंगत लिबासों में कुछ लावकों का प्रवेश। एक आकर्षक नृत्य में वे अप्सराओं के साथ शामिल हो जाते हैं; जिसके अंत के करीब प्रोस्पेरो अचानक चौंक जाता है, और बोलने लगता है]

---

[205] सिकेलमैन (Sickleman) -लावक, व्यक्ति जो फसल काटता है।

PROSPERO

I had forgot that foul conspiracy
Of the beast Caliban and his confederates
Against my life: the minute of their plot
Is almost come.

[To the Spirits]

Well done! avoid; no more!

प्रोस्पेरो

मेरे जीवन के खिलाफ, जंगली कैलिबैन और उसके साथियों के द्वारा, रचे गए उस घृणित षड्यंत्र को मैं भूल गया था। उनकी साज़िश की घड़ी लगभग आ चुकी है।

[आत्माओं से]

अच्छा किया! जाओ, अब बस करो!

[to a strange, hollow, and confused noise, they heavily vanish]

[एक विचित्र, खोखले और उलझन पूर्ण शोर पर, वे दुःखी होकर गायब हो जाती हैं।]

FERDINAND

This is strange: your father's in some passion
That works him strongly.

फर्डिनैंड

यह अजीब है। तुम्हारे पिता किसी (आंतरिक) पीड़ा में हैं जो उनपर बहुत ज्यादा असर कर रही है।

MIRANDA

Never till this day
Saw I him touch'd with anger so distemper'd.

मिरैंडा

आज तक मैंने कभी भी उन्हें क्रोध से इतना प्रभावित होकर व्याकुल होते हुए नहीं देखा।

PROSPERO

You do look, my son, in a moved sort,
As if you were dismay'd: be cheerful, sir.
Our revels now are ended. These our actors,
As I foretold you, were all spirits and
Are melted into air, into thin air:
And, like the baseless fabric of this vision,
The cloud-capp'd towers, the gorgeous palaces,
The solemn temples, the great globe itself,
Ye all which it inherit, shall dissolve
And, like this insubstantial pageant faded,
Leave not a rack behind. We are such stuff
As dreams are made on, and our little life
Is rounded with a sleep. Sir, I am vex'd;

Bear with my weakness; my, brain is troubled:
Be not disturb'd with my infirmity:
If you be pleased, retire into my cell
And there repose: a turn or two I'll walk,
To still my beating mind.

प्रोस्पेरो

तुम, मेरे बेटे, व्यथित दिखाई दे रहे हो। मानो तुम निराश हो। आशावादी बनो और खुश रहो, श्रीमान। हमारा उत्सव अब समाप्त हो गया है। ये हमारे अभिनेता, जैसा मैंने तुम्हें पहले बताया, सभी आत्माएं हैं और हवा में घुल गए हैं, पूरी तरह से गायब हो गए हैं; और, वैसे ही इस दृश्य की आधाररहित संरचना –बादलों के परे जाने वाली मीनारें, आलीशान महल, पवित्र मन्दिर और यह समूची धरती खुद, और हाँ जो कुछ भी इसमें है– घुलकर खत्म हो जायेगी, जैसे यह काल्पनिक तमाशा बिना एक भी धुंध पीछे छोड़े लुप्त हो गया। हम भी उसी चीज के बने हैं जिनसे सपने बने होते हैं, और हमारी छोटी–सी जिंदगी एक नींद में पूरी हो जाती है। श्रीमान, मैं परेशान हूँ। मेरी कमजोरी को बर्दाश्त करो। मेरा बूढ़ा दिमाग अशांत है। मेरी दुर्बलता से चिंतित मत हो। अगर तुम चाहो, तो मेरी कोठरी में चले जाओ और वहाँ विश्राम करो। अपने उद्विग्न मस्तिष्क को शांत करने के लिए, मैं एक या दो चक्कर टहलूँगा।

FERDINAND, MIRANDA

We wish your peace.

[Exeunt]

फर्डिनैंड, मिरैंडा

हम आपकी शांति की कामना करते हैं।

[निकास]

PROSPERO

Come with a thought. I thank thee, Ariel: come.

प्रोस्पेरो

विचार की गति से आओ। मैं तुम्हें धन्यवाद देता हूँ, एरिअल। आओ।

[Enter ARIEL]

[एरिअल का प्रवेश]

ARIEL

Thy thoughts I cleave to. What's thy pleasure?

एरिअल

आपके विचारों से मैं जुड़ा हूँ। आपकी क्या इच्छा है?

PROSPERO

Spirit,
We must prepare to meet with Caliban.

प्रोस्पेरो

आत्मा, हमें कैलिबैन से मिलने की तैयारी करनी होगी।

ARIEL

Ay, my commander: when I presented Ceres,
I thought to have told thee of it, but I fear'd
Lest I might anger thee.

एरिअल

हां, मेरे आका। जब मैं सीरीस का अभिनय कर रहा था, मैंने सोचा था कि मैं आपको इस बारे में बता दूं, पर मुझे डर था कि कहीं मैं आपको क्रोधित न कर दूँ।

PROSPERO

Say again, where didst thou leave these varlets?

प्रोस्पेरो

फिर से कहो, तुमने इन दुष्टों को कहाँ छोड़ा था?

ARIEL

I told you, sir, they were red-hot with drinking;
So fun of valour that they smote the air
For breathing in their faces; beat the ground
For kissing of their feet; yet always bending
Towards their project. Then I beat my tabour;
At which, like unback'd colts, they prick'd
their ears,
Advanced their eyelids, lifted up their noses
As they smelt music: so I charm'd their ears

That calf-like they my lowing follow'd through
Tooth'd briers, sharp furzes, pricking gorse and thorns,
Which entered their frail shins: at last I left them
I' the filthy-mantled pool beyond your cell,
There dancing up to the chins, that the foul lake
O'erstunk their feet.

एरिअल

मैंने आपको बताया था, श्रीमान, (शराब) पीने से उनके चेहरे सुर्ख हो गए थे। वे बहादुरी की इतनी तरंग में थे कि हवा के उनके चेहरों पर बहने के लिए उस पर प्रहार कर रहे थे। जमीन को उनके पाँव चूमने के लिए पीट रहे थे। फिर भी हमेशा वे अपनी योजना को गाँठ बांधे हुए थे। फिर मैंने अपने ड्रम को बजाया, जिसपर, उन्होंने अप्रशिक्षित (घोड़े के) बछड़ों की भांति अपने कान खड़े कर लिए। उन्होंने अपनी पलकें उठाई, अपनी नाकों को ऊपर किया—मानो वे संगीत को सूंघ सकते हों। इसलिए मैंने उनके कानों को ऐसे वशीभूत कर दिया था कि वे बछड़ों की भांति मेरी पुकार के धीमे होने पर पीछे–पीछे कंटीली झाड़ियों, नुकीले झाँखरों, चुभने वाली घास और काँटों (जो उनके नाजुक पैरों में घुस जाया करते थे) पर चलने लगे। अंत में मैंने उन्हें आपकी कोठरी से बहुत दूर, गंदगी से भरे हुए एक तालाब में छोड़ दिया, जहाँ उनकी ठुड्डियों तक उसका पानी आता है, ताकि वह गंदी झील उनके पैरों के ऊपर तक बदबू मारे।

PROSPERO

This was well done, my bird.
Thy shape invisible retain thou still:

The trumpery in my house, go bring it hither,
For stale to catch these thieves.

प्रोस्पेरो

यह (काम) अच्छे से अंजाम दिया गया, मेरे परिन्दे। तुम अभी अपना अदृश्य रूप बरकरार रखो। जाओ मेरे घर में रखे छलावे के सामानों को यहाँ ले आओ, जिनका इन चोरों को पकड़ने के लिए चारे की तरह इस्तेमाल किया जाएगा।

ARIEL

I go, I go.

[Exit]

एरिअल

मैं जाता हूँ, मैं जाता हूँ।

[निकास]

PROSPERO

A devil, a born devil, on whose nature
Nurture can never stick; on whom my pains,
Humanely taken, all, all lost, quite lost;
And as with age his body uglier grows,
So his mind cankers. I will plague them all,
Even to roaring.

[Re-enter ARIEL, loaden with glistering apparel, & c]

Come, hang them on this line.

प्रोस्पेरो

(कैलिबैन) एक शैतान है, एक जन्मजात शैतान, जिसके स्वभाव पर परवरिश कभी नहीं टिक सकती। जिसपर मेरा परिश्रम इंसानियत के कारण किया गया था। सब, सब चला गया—पूरी तरह चला गया। और जैसे–जैसे उम्र के साथ उसका शरीर भद्दा होता जा रहा है, वैसे–वैसे उसका दिमाग भी सड़ता जा रहा है। मैं उन सबको इतना परेशान करूँगा कि वे चीखने–चिल्लाने पर मजबूर हो जायेंगे।

[चमकती हुयी पोशाकों इत्यादि के साथ एरिअल का पुनः प्रवेश]

आओ, उनको इस डोरी पर लटका दो।

[PROSPERO and ARIEL remain invisible.]

[प्रोस्पेरो और एरिअल अदृश्य ही रहते हैं।]

[Enter CALIBAN, STEPHANO, and TRINCULO, all wet]

[कैलिबैन, स्टेफेनो, और ट्रिन्क्युलो, पूरी तरह से भीगी हुयी अवस्था में प्रवेश करते हैं।]

CALIBAN

Pray you, tread softly, that the blind mole may not
Hear a foot fall: we now are near his cell.

कैलिबैन

आपसे विनती है, धीरे चलिए, ताकि एक अँधा छुछूंदर भी कदमताल की आवाज न सुन सके। हम अब उसकी कोठरी के करीब हैं।

STEPHANO

Monster, your fairy, which you say is
a harmless fairy, has done little better than
played the Jack with us.

स्टेफेनो

दरिंदे, तुम्हारी परी[206] (जिसे तुम कहते हो एक हानि–रहित परी है) ने हमारे साथ चाल खेली है।

---

[206] परी का आशय यहाँ एरिअल से है। प्रकटतः कैलिबैन ने स्टेफेनो और ट्रिन्क्युलो को एरिअल के बारे में बता दिया है।

TRINCULO

Monster, I do smell all horse-piss; at
which my nose is in great indignation.

ट्रिन्क्युलो

दरिंदे, मेरे पूरे शरीर से घोड़े के मूत्र की बू आती है, जिससे *मेरी नाक में बहुत रोष होता है*[207]।

STEPHANO

So is mine. Do you hear, monster? If I should take
a displeasure against you, look you,--

स्टेफेनो

ऐसा मेरी (नाक) में भी है। क्या तुम सुन रहे हो, दरिंदे? अगर मैं तुमको नापसंद करने लगूं, तो देखो तुम, --

TRINCULO

Thou wert but a lost monster.

ट्रिन्क्युलो

(तब) तुम केवल एक हारे हुए दरिंदे होगे।

CALIBAN

---

[207] मेरी नाक को इस बदबू से बहुत चिढ़ होती है।

Good my lord, give me thy favour still.
Be patient, for the prize I'll bring thee to
Shall hoodwink this mischance: therefore speak softly.
All's hush'd as midnight yet.

कैलिबैन

मेरे भले मालिक, मुझपर अपनी कृपा बनाए रखिये। धैर्य रखिये, क्योंकि जो इनाम मैं आपके लिए लाऊँगा, (वह) इस बदकिस्मती को ढँक देगा। इसलिए धीरे बोलिए। लेकिन यहाँ सब कुछ आधी–रात की तरह खामोश है।

TRINCULO

Ay, but to lose our bottles in the pool,--

ट्रिन्क्युलो

हाँ, पर अपनी बोतलों को तालाब में गंवाना, ––

STEPHANO

There is not only disgrace and dishonour in that, monster, but an infinite loss.

स्टेफेनो

इसमें न केवल कलंक और शर्मिंदगी है, दरिंदे, बल्कि एक बहुत बड़ा नुकसान भी है।

TRINCULO

That's more to me than my wetting: yet this is your
harmless fairy, monster.

ट्रिन्क्युलो

यह (बात) मेरे लिए मेरे भीगने से बढ़कर है। फिर भी यह तुम्हारी हानि-रहित परी है, दरिंदे।

STEPHANO

I will fetch off my bottle, though I be o'er ears
for my labour.

स्टेफेनो

मैं अपनी बोतल ले आऊँगा, भले ही अपनी कोशिश में मैं कान के ऊपर तक डूब जाऊं।

CALIBAN

Prithee, my king, be quiet. Seest thou here,
This is the mouth o' the cell: no noise, and enter.
Do that good mischief which may make this island
Thine own for ever, and I, thy Caliban,
For aye thy foot-licker.

कैलिबैन

कृपया, मेरे राजा, शांत हो जाइये। आप यहाँ देखिये। यह कोठरी का मुहाना है। बिलकुल शोर मत कीजिये और प्रवेश करिए। वह अच्छी शैतानी कीजिए जिससे यह द्वीप हमेशा के लिए आपका हो जाए, और

मैं, आपका कैलिबैन, सदा के लिए आपका तलवे चाटने वाला बन जाऊं।

STEPHANO

Give me thy hand. I do begin to have bloody thoughts.

स्टेफेनो

मुझे अपना हाथ दो। निर्दयतापूर्ण विचारों के बारे में मुझे सोचना शुरू कर देना चाहिए।

TRINCULO

O king Stephano! O peer! O worthy Stephano! look what a wardrobe here is for thee!

ट्रिन्क्युलो

ओ राजा स्टेफेनो! ओ साथी! ओ नेक स्टेफेनो! देखिये आपके लिए यहाँ पर कैसा वस्त्रागार है!

CALIBAN

Let it alone, thou fool; it is but trash.

कैलिबैन

उसे अकेले छोड़ दो, तुम मूर्ख। यह केवल एक कचरा है।

TRINCULO

O, ho, monster! we know what belongs to a frippery.
(puts on a gown)
O king Stephano!

ट्रिन्क्युलो

ओ हो, दरिंदे! हम जानते हैं कि उतरन क्या होता है।

(लबादे को पहनता है)

ओ राजा स्टेफेनो!

STEPHANO

Put off that gown, Trinculo; by this hand, I'll have that gown.

स्टेफेनो

उस लबादे को उतार दो, ट्रिन्क्युलो। इस हाथ की कसम, वह लबादा मैं लूँगा।

TRINCULO

Thy grace shall have it.

ट्रिन्क्युलो

आप इसे ले सकते हैं, 'योर ग्रेस'।

CALIBAN

The dropsy drown this fool! What do you mean
To dote thus on such luggage? Let's alone
And do the murder first: if he awake,
From toe to crown he'll fill our skins with pinches,
Make us strange stuff.

कैलिबैन

ड्रॉप्सी[208] इस बेवकूफ को ले डूबे! ऐसी चीजों पर दीवाने होने से तुम्हारा क्या आशय है? उन्हें अकेला छोड़ दो और पहले हत्या करो। अगर वह जाग गया, तो सिर से पाँव तक वह हमारी खालों को कांटों से भर देगा और हमें अजीब चीजों में बदल देगा।

STEPHANO

Be you quiet, monster. Mistress line,
is not this my jerkin? Now is the jerkin under
the line: now, jerkin, you are like to lose your
hair and prove a bald jerkin.

स्टेफेनो

तुम चुप रहो, दरिंदे। डोरी रानी[209], क्या यह मेरी जैकेट नहीं है? अब जैकेट डोरी के नीचे है। अब जैकेट, सम्भवतः तुम अपने बाल खो दोगे और बाल–रहित जैकेट बन जाओगे।

---

[208] ड्रॉप्सी (Dropsy)- एक घातक बीमारी जिसमें शरीर में पानी भर जाता है।

[209] पेड़ पर बंधी डोरी जिसपर कपड़ों को कतार में टांगा गया है।

TRINCULO

Do, do: we steal by line and level, an't like your grace.

ट्रिन्क्युलो

करते जाइये, करते जाइये। हम क्रमिक और संतुलित तरीके से चोरी करेंगे, अगर 'योर ग्रेस' चाहें।

STEPHANO

I thank thee for that jest; here's a garment for't:
wit shall not go unrewarded while I am king of this
country. 'Steal by line and level' is an excellent
pass of pate; there's another garment for't.

स्टेफेनो

मैं उस मजाक के लिए तुम्हें धन्यवाद देता हूँ। यहाँ इसके लिए एक वस्त्र लो। जब तक मैं इस देश का राजा हूँ, वाक्पटुता बिना पारितोषिक के नहीं रहेगी। 'क्रमिक और संतुलित तरीके से चोरी' दिमाग का एक बहुत अच्छा इस्तेमाल है। यहाँ इसके लिए एक और वस्त्र लो।

TRINCULO

Monster, come, put some lime upon your fingers, and
away with the rest.

ट्रिन्क्युलो

दरिंदे, आओ, और अपनी अंगुलियों पर गोंद लगा लो[210], और बाकी सब को साथ ले चलो।

CALIBAN

I will have none on't: we shall lose our time,
And all be turn'd to barnacles, or to apes
With foreheads villainous low.

कैलिबैन

मैं इनमें से एक भी नहीं लूँगा। हम अपना समय गँवा देंगे। और हम सभी गूज (बत्तख) या बुरी तरह से नीचे धंसे मस्तक वाले वानरों में बदल दिए जायेंगे।

STEPHANO

Monster, lay-to your fingers: help to bear this
away where my hogshead of wine is, or I'll turn you
out of my kingdom: go to, carry this.

स्टेफेनो

दरिंदे, अपनी अंगुलियों का इस्तेमाल करो। और इसे उठाकर वहाँ ले जाने में मदद करो जहाँ मेरी शराब का पीपा है, वर्ना मैं तुम्हें अपने राज्य से निकाल दूंगा। काम पर लग जाओ, इसे ले जाओ।

TRINCULO

---

[210] ट्रिन्क्युलो कह रहा है कि जैसे गोंद (birdlime) से चिड़ियों को फंसाया जाता है, वैसे ही कपड़ों को फंसा लेना चाहिए।

And this.

ट्रिन्क्युलो

और इसे।

STEPHANO

Ay, and this.

स्टेफेनो

हाँ, और इसे भी।

[A noise of hunters heard. Enter divers Spirits, in shape of dogs and hounds, and hunt them about, PROSPERO and ARIEL setting them on]

[शिकारियों का शोर सुनाई देता है। कुत्तों और शिकारी कुत्तों के रूप में, कई आत्माओं का प्रवेश और वे आसपास उन्हें तलाशती हैं। प्रोस्पेरो और एरिअल उन्हें हमले के लिए उत्तेजित करते हैं।]

PROSPERO

Hey, Mountain, hey!

प्रोस्पेरो

हे, माउंटेन[211], हे!

[211] आत्मा का नाम

ARIEL

Silver! There it goes, Silver!

एरिअल

सिल्वर[212]! वह वहाँ जा रहा है, सिल्वर!

PROSPERO

Fury, Fury! there, Tyrant, there! hark! hark!

[CALIBAN, STEPHANO, and TRINCULO, are driven out]

Go charge my goblins that they grind their joints
With dry convulsions, shorten up their sinews
With aged cramps, and more pinch-spotted make them
Than pard or cat o' mountain.

प्रोस्पेरो

फ्यूरी[213], फ्यूरी! वहाँ, टायरंट[214], वहाँ! सुनो! सुनो!

[कैलिबैन, स्टेफेनो और ट्रिन्क्युलो खींचकर बाहर निकाले जाते हैं]

जाओ, मेरे गौब्लिन्स से कहो कि वे ऐसे हमला करें कि वह लोग
अपने जोड़ों को सख्त अतिसंकुचन से रगड़ने लगें। उनकी नाड़ियों को

[212] आत्मा का नाम

[213] आत्मा का नाम

[214] आत्मा का नाम

बुढ़ापे की ऐंठन से कस दो और चिकोटी काटकर उनपर तेंदुए या पहाड़ी–चीते से भी अधिक धब्बे बना दो।

ARIEL

Hark, they roar!

एरिअल

सुनिए, वे चिल्ला रहे हैं!

PROSPERO

Let them be hunted soundly. At this hour
Lie at my mercy all mine enemies:
Shortly shall all my labours end, and thou
Shalt have the air at freedom: for a little
Follow, and do me service.

प्रोस्पेरो

उनका अच्छे से शिकार होने दो। इस घड़ी, मेरे सभी दुश्मन मेरी दया पर पड़े हैं। जल्दी ही मेरा काम ख़त्म हो जाएगा और तुम आजादी की हवा में सांस लोगे। बस थोड़े समय के लिए मेरी तामील करो और मेरी खिदमत करो।

[Exeunt]

[निकास]

ACT V

नाटकांक ५

SCENE I. Before PROSPERO'S cell.
दृश्य १. प्रोस्पेरो की कोठरी के सामने.

[Enter PROSPERO in his magic robes, and ARIEL]

[प्रोस्पेरो का अपने जादुई लबादे में एरिअल के साथ प्रवेश]

PROSPERO

Now does my project gather to a head:
My charms crack not; my spirits obey; and time
Goes upright with his carriage. How's the day?

प्रोस्पेरो

अब मेरी योजना चरम पर आ गयी है। मेरे मन्त्र टूटे नहीं हैं। मेरी आत्माएँ तामीली कर रही हैं। और समय अपनी गाड़ी पर सही से चल रहा है। समय क्या है?

ARIEL

On the sixth hour; at which time, my lord,
You said our work should cease.

एरिअल

छह बज गए हैं। मेरे आका, आपने कहा था इस समय तक हमारा काम ख़त्म हो जाएगा।

PROSPERO

I did say so,
When first I raised the tempest. Say, my spirit,
How fares the king and's followers?

प्रोस्पेरो

जब पहले मैंने तूफ़ान उठाया था तो मैंने ऐसा ही कहा था। बताओ, मेरी आत्मा, राजा और उसके अनुयायियों की क्या प्रगति है?

ARIEL

Confined together
In the same fashion as you gave in charge,
Just as you left them; all prisoners, sir,
In the line-grove which weather-fends your cell;
They cannot budge till your release. The king,
His brother and yours, abide all three distracted
And the remainder mourning over them,
Brimful of sorrow and dismay; but chiefly
Him that you term'd, sir, 'The good old lord Gonzalo;'
His tears run down his beard, like winter's drops
From eaves of reeds. Your charm so strongly works 'em
That if you now beheld them, your affections
Would become tender.

एरिअल

श्रीमान, सारे कैदी, नींबू के पेड़ों के उपवन, जो आपकी कोठरी की (खराब) मौसम में रक्षा करता है, में वैसे ही एकसाथ कैद हैं, जैसे आपने उनको छोड़ते समय हमें जिम्मेदारी सौंपी थी। वे तब तक हिल नहीं सकते जब तक आप उन्हें रिहा न करें। राजा, उसका भाई और आपका भाई, तीनों अन्यमनस्क से एक ही जगह पर उलझे हुए हैं और बाकी बचे लोग दुःख और निराशा से लबरेज़ होकर उनके लिए शोक मना रहे हैं। लेकिन सबसे ज्यादा वह (दुःखी) है जिसे आपने 'भला बूढ़ा सामंत गौन्ज़ालो' संबोधित किया था। उसकी दाढ़ी से आँसू ऐसे

गिर रहे हैं, जैसे जाड़े (की बारिश) में सरकंडों की ओरी[215] से बूँदें गिरती हैं। आपका मन्त्र उनपर इतना प्रबल काम कर रहा है कि यदि आप अभी उन्हें देखते, तो आपके मन में दया पैदा हो जाती।

PROSPERO

Dost thou think so, spirit?

प्रोस्पेरो

क्या तुम्हें ऐसा लगता है, आत्मा?

ARIEL

Mine would, sir, were I human.

एरिअल

मेरे मन में तो हो जायेगी, श्रीमान, यदि मैं इंसान होता।

PROSPERO

And mine shall.
Hast thou, which art but air, a touch, a feeling
Of their afflictions, and shall not myself,
One of their kind, that relish all as sharply,
Passion as they, be kindlier moved than thou art?
Though with their high wrongs I am struck to the quick,
Yet with my nobler reason 'gainst my fury

---

[215] सरकंडे के बिलकुल बाहरी किनारे से

Do I take part: the rarer action is
In virtue than in vengeance: they being penitent,
The sole drift of my purpose doth extend
Not a frown further. Go release them, Ariel:
My charms I'll break, their senses I'll restore,
And they shall be themselves.

प्रोस्पेरो

तो मेरे मन में भी हो जायेगी। जब तुम, जो केवल एक हवा हो, उनकी पीड़ा का एहसास महसूस कर सकते हो, तब क्या मैं, जो खुद उनके जैसा हूँ, जिसकी उनके जैसी ही तीक्ष्ण इन्द्रियाँ हैं, जिसके उनके जैसे ही एहसास हैं, तुमसे ज्यादा दयालुता से प्रभावित नहीं होऊंगा? हालांकि उनके अत्यधिक गलत कामों से मैं अंतरात्मा तक चोटिल हो गया था, फिर भी मैं अपने सद्-विवेक को अपने क्रोध के खिलाफ वरीयता दूंगा। प्रतिशोध की अपेक्षा अच्छाई दिखाना ज्यादा निराली बात है। उनके पश्चातापी होने पर, मेरे मकसद का एकमात्र झुकाव आगे त्यौरी चढ़ाना नहीं हो सकता है[216]। जाओ उन्हें रिहा कर दो, एरिअल। मैं अपने मन्त्रों को तोड़ दूंगा। मैं उनके होश लौटा दूंगा और वे पहले जैसे हो जायेंगे।

ARIEL

I'll fetch them, sir.

[Exit]

---

[216] उनका पश्चाताप ही मेरे लिए काफी है।

एरिअल

मैं उन्हें ले आता हूँ, श्रीमान।

[निकास]

PROSPERO

(tracing a circle on the ground)

Ye elves of hills, brooks, standing lakes and groves,
And ye that on the sands with printless foot
Do chase the ebbing Neptune and do fly him
When he comes back; you demi-puppets that
By moonshine do the green sour ringlets make,
Whereof the ewe not bites, and you whose pastime
Is to make midnight mushrooms, that rejoice
To hear the solemn curfew; by whose aid,
Weak masters though ye be, I have bedimm'd
The noontide sun, call'd forth the mutinous winds,
And 'twixt the green sea and the azured vault
Set roaring war: to the dread rattling thunder
Have I given fire and rifted Jove's stout oak
With his own bolt; the strong-based promontory
Have I made shake and by the spurs pluck'd up
The pine and cedar: graves at my command
Have waked their sleepers, oped, and let 'em forth
By my so potent art. But this rough magic
I here abjure, and, when I have required

Some heavenly music, which even now I do,
To work mine end upon their senses that
This airy charm is for, I'll break my staff,
Bury it certain fathoms in the earth,
And deeper than did ever plummet sound
I'll drown my book.

[Solemn music]

[Re-enter ARIEL before: then ALONSO, with a frantic gesture, attended by GONZALO; SEBASTIAN and ANTONIO in like manner, attended by ADRIAN and FRANCISCO they all enter the circle which PROSPERO had made, and there stand charmed; which PROSPERO observing, speaks:]

A solemn air and the best comforter
To an unsettled fancy cure thy brains,
Now useless, boil'd within thy skull! There stand,
For you are spell-stopp'd.
Holy Gonzalo, honourable man,
Mine eyes, even sociable to the show of thine,
Fall fellowly drops. The charm dissolves apace,
And as the morning steals upon the night,
Melting the darkness, so their rising senses
Begin to chase the ignorant fumes that mantle
Their clearer reason. O good Gonzalo,
My true preserver, and a loyal sir

To him you follow'st! I will pay thy graces
Home both in word and deed. Most cruelly
Didst thou, Alonso, use me and my daughter:
Thy brother was a furtherer in the act.
Thou art pinch'd for't now, Sebastian.

(to ANTONIO)

Flesh and blood,
You, brother mine, that entertain'd ambition,
Expell'd remorse and nature; whom, with Sebastian,
Whose inward pinches therefore are most strong,
Would here have kill'd your king; I do forgive thee,
Unnatural though thou art.

[aside]

Their understanding
Begins to swell, and the approaching tide
Will shortly fill the reasonable shore
That now lies foul and muddy. Not one of them
That yet looks on me, or would know me Ariel,
Fetch me the hat and rapier in my cell:

[Exit ARIEL]
I will discase me, and myself present
As I was sometime Milan: quickly, spirit;
Thou shalt ere long be free.

प्रोस्पेरो

(जमीन पर एक बड़ा गोलाकार घेरा बनाते हुए)

ऐ पहाड़ियों, नदियों, स्थिर झीलों और उपवनों में रहने वाले एल्व्स[217], और तुम, जो रेत पर पैरों से निशान छोड़े बिना (ज्वारभाटे के कारण तट से) पीछे हटने वाले नेप्चून का पीछा करते हो और उससे (बचते हुए) तेजी से भागते हो जब वह वापस लौटता है; तुम नन्ही कठपुतलियों[218] जो चाँदनी से हरे खट्टे छोटे छल्ले[219] बनाती हो, जिसको भेड़ें भी नहीं खाती हैं; और तुम (लोग), जिनका मनोरंजन मध्यरात्रि में मशरूम बनाना है, (तुम) जो औपचारिक कर्फ्यू[220] को सुनकर ख़ुशी मनाती हो; भले ही तुम कमजोर मान्त्रिक हो, तुम्हारी सहायता से मैंने दोपहर के सूरज को मद्धिम कर दिया, उसके बाद मैंने बागी हवाओं को बुलाया, और हरे समुद्र और नीली मेहराबी छत[221] के बीच एक कोलाहलपूर्ण युद्ध शुरू करवा दिया। भयंकर गर्जन करने वाली आसमानी बिजली को मैंने उत्तेजित किया, और जोव[222] की खुद की बिजली से उसके मजबूत शाहबलूत[223] में दरार बना दी। मैंने मजबूत आधार वाले अंतरीप को हिला दिया, और पर्वत

---

[217] जादुई बौना

[218] नन्ही परी

[219] मशरूम, जिसके नीचे की तरफ छाते का आकार लिए हुए छल्ला हुआ करता है, इन छल्लों के बारे में भ्रान्ति हुआ करती थी कि यह परियों के नाचने से बनते थे।

[220] रात्रि नौ बजे की घंटी। ऐसा माना जाता था कि इसकी ध्वनि के बाद रूहें धरती पर सूर्योदय तक भटकने के लिए आजाद हो जाया करती थीं।

[221] आसमान

[222] जुपिटर

[223] जुपिटर के लिए शाहबलूत (Oak) पवित्र माना जाता है।

स्कन्ध से चीड़ और देवदारु के पेड़ों को उखाड़ दिया। मेरे आदेश पर कब्रों ने खुलकर अपने भीतर सोने वालों को जगा दिया, और मेरे शक्तिशाली जादू से उन्हें बाहर आने दिया। लेकिन इस अप्रिय जादू को मैं यहाँ छोड़ता हूँ। और जब उनकी चेतना पर मेरा काम करने के लिए, जिसके लिए ये दिव्य मन्त्र हैं, मैं किसी अलौकिक संगीत को बजने का आदेश दे दूंगा (जैसा मैं अभी करूंगा), तब मैं अपनी छड़ी तोड़ दूंगा और इसे धरती में एक निश्चित फैदम की गहराई में दफना दूंगा और अपनी किताब को मैं इतनी ज्यादा गहराई में दफना दूंगा कि शायद ही कभी किसी प्लमेट ने इतनी गहराई से आवाज की होगी।

[गंभीर संगीत]

[पहले एरिअल का पुनः प्रवेश; फिर गौन्ज़ालो के अनुरक्षण में एलॉन्ज़ो का व्यग्र भाव से आना; सेबैस्टियन और एंटोनियो भी इसी प्रकार एड्रियन और फ्रैंसिस्को के अनुरक्षण में आते हैं। वे सभी प्रोस्पेरो द्वारा बनाए गए घेरे में प्रवेश करते हैं और वहाँ सम्मोहित खड़े रहते हैं; जिसे देखकर प्रोस्पेरो बोलता है]

तुम्हारे दिमागों की अस्थिर कल्पनाओं, जो इस समय व्यर्थ ही तुम्हारी खोपड़ियों में उफन रही हैं, का उपचार करने के लिए एक गम्भीर संगीत और एक सर्वश्रेष्ठ उपचारकर्ता हाजिर है। वहाँ खड़े तुम लोग मेरे जादू से बंधे हुए हो। पुण्यात्मा गौन्ज़ालो, तुम एक सम्मान-योग्य आदमी हो। मेरी आँखें भी तुम्हारी आँखों से गिरती बूँदों के अनुरूप, आँसू गिराती हैं। जादू तेजी से खत्म हो रहा है और जैसे सुबह चुपके से रात के पीछे आती है, (और) अँधेरे को ओझल कर देती है, वैसे ही उनकी जागृत होती चेतना ने उनके सुस्पष्ट विवेक को ढंकने वाली अज्ञानता के धुएँ को खदेड़ना शुरू कर दिया है। ओ भले गौन्ज़ालो, मेरे सच्चे संरक्षक, और एक निष्ठावान सामंत, जिसका तुम अनुसरण

करते हो, उसके साथ अच्छा बर्ताव कर मैं, अपने कथन और कृत्य दोनों से ही, तुम्हारे अहसानों को चुका दूंगा। एलॉन्ज़ो तुमने मेरा और मेरी बेटी का बहुत क्रूरता से इस्तेमाल किया है। तुम्हारा भाई इस काम में सहभागी था। अब तुम *इसके लिए*[224] तकलीफ में हो, सेबैस्टियन।

(एंटोनियो से)

तुम, मेरे सगे भाई, जिसने एक महत्वाकांक्षा की ही सोची, ग्लानि और हमारे रिश्ते की प्रकृति को भुला दिया; (तुम) जो, सेबैस्टियन के साथ, अन्दर-ही-अन्दर अतिशक्तिशाली पीड़ा में हो; तुमने यहाँ अपने राजा को मार ही डाला होता; मैं तुम्हें माफ करता हूँ, हालाँकि तुम दुष्ट हो।

[एक कोने में खुद से]

उनकी समझ में इजाफा हो रहा है, और आने वाला ज्वारभाटा शीघ्र ही उनके तर्क के किनारों[225] को भर देगा जो अभी गंदे और कीचड़ से भरे हैं। उनमें से कोई भी ऐसा नहीं है जो मुझे अभी देखकर, पहचान सके। एरिअल, मेरी कोठरी से मेरे लिए हैट और रेपियर[226] ले आओ।

[एरिअल का निकास]

---

[224]प्रोस्पेरो और मिरैंडा के साथ क्रूरता बरतने के लिए

[225] अंतर्मन की अच्छाई के किनारे, विवेक के लिए अलंकार

[226] पतली दोधारी तलवार

मैं अपना वेष छोड़ दूंगा और खुद को ऐसे प्रस्तुत करूँगा जैसे कभी मैं मिलान में (हुआ करता) था। जल्दी करो आत्मा! तुम जल्दी ही आजाद हो जाओगे।

ARIEL

[sings and helps to attire PROSPERO]

Where the bee sucks. there suck I,
In a cowslip's bell I lie;
There I couch when owls do cry.
On the bat's back I do fly
After summer merrily.
Merrily, merrily shall I live now
Under the blossom that hangs on the bough.

एरिअल

[गाता है और प्रोस्पेरो को पोशाक पहनने में सहायता करता है।]

जहाँ मधुमक्खी चूसती है, वहाँ मैं चूसता हूँ।

दलदली गेंदे के प्याले में मैं लेटता हूँ।

जब उल्लू चिल्लाते हैं, तो वहाँ मैं छिप जाता हूँ।

चमगादड़ की पीठ पर मैं उड़ता हूँ,

ख़ुशी से, गर्मियों का पीछा करता हूँ।

ख़ुशी से, ख़ुशी से अब मैं जियूंगा।

उस पुष्प के नीचे जो टहनी पर लटका है।

PROSPERO

Why, that's my dainty Ariel! I shall miss thee:
But yet thou shalt have freedom: so, so, so.
To the king's ship, invisible as thou art:
There shalt thou find the mariners asleep
Under the hatches; the master and the boatswain
Being awake, enforce them to this place,
And presently, I prithee.

प्रोस्पेरो

अरे, यह तो मेरा प्यारा एरिअल है! मुझे तुम्हारी गैर–मौजूदगी खटकेगी। लेकिन फिर भी तुम्हें आजादी मिलेगी– इसलिए, इसलिए, इसलिए– राजा के जहाज पर, अपनी अदृश्य अवस्था में जाओ। वहाँ तुम नाविकों को डेक के नीचे सोए हुए पाओगे। (जब) मास्टर और बोसन जागे हुए हों, (तो) उन्हें यहाँ आने के लिए प्रेरित करो, और जल्दी करना, मैं तुमसे विनती करता हूँ।

ARIEL

I drink the air before me, and return
Or ere your pulse twice beat.

[Exit]

एरिअल

मैं अपने सामने की हवा पी जाऊंगा और आपकी नब्ज के दो बार स्पंदन करने से पहले ही लौट आऊँगा।

[निकास]

GONZALO

All torment, trouble, wonder and amazement
Inhabits here: some heavenly power guide us
Out of this fearful country!

गौन्ज़ालो

सारे कष्ट, परेशानी, आश्चर्य और अचंभे यहाँ रहते हैं। कोई अलौकिक शक्ति इस भयावह देश से बाहर निकलने में हमारा मार्गदर्शन करे!

PROSPERO

Behold, sir king,
The wronged Duke of Milan, Prospero:
For more assurance that a living prince
Does now speak to thee, I embrace thy body;
And to thee and thy company I bid
A hearty welcome.

प्रोस्पेरो

श्रीमान राजन, मिलान के ड्यूक प्रोस्पेरो को देखिये, जिसके साथ अन्याय हुआ। आपसे एक जिन्दा राजकुमार बोल रहा है इस बात का आपको और ज्यादा भरोसा हो जाए, (इसलिए) मैं आपके शरीर

को गले लगाता हूँ। और आपका और आपकी मंडली का मैं हार्दिक स्वागत करता हूँ।

ALONSO

Whether thou best he or no,
Or some enchanted trifle to abuse me,
As late I have been, I not know: thy pulse
Beats as of flesh and blood; and, since I saw thee,
The affliction of my mind amends, with which,
I fear, a madness held me: this must crave,
An if this be at all, a most strange story.
Thy dukedom I resign and do entreat
Thou pardon me my wrongs. But how should Prospero
Be living and be here?

एलॉन्ज़ो

आप सचमुच वह हो अथवा नहीं, या मुझे अपमानित करने के लिए कोई छोटा–मोटा जादू हो, जिनके[227] प्रभाव में जैसा कि हाल के दिनों में मैं रहा हूँ, मैं नहीं जानता। आपकी नब्ज ऐसे चल रही है जैसे कि हाड़–मांस के आदमी की चलती है। और, जब से मैंने आपको देखा है मेरे दिमाग की तकलीफ में सुधार आया है, जिससे मुझे लगता है, एक पागलपन ने मुझे जकड़ लिया था। अगर यह सचमुच हो रहा है, तो इसकी व्याख्या के लिए एक बहुत ही विचित्र कहानी की आवश्यकता होगी। आपका ड्यूकडम मैं छोड़ता हूँ और विनती करता हूँ कि आप मुझे

[227] जादू के

मेरी गलतियों के लिए माफ कर दें। लेकिन प्रोस्पेरो जिन्दा कैसे है और यहाँ है?

PROSPERO

(to GONZALO)

First, noble friend,
Let me embrace thine age, whose honour cannot
Be measured or confined.

प्रोस्पेरो

(गौन्ज़ालो से)

पहले, भले मित्र, मुझे तुम्हारे बूढ़े शरीर का आलिंगन करने दो, जिसके सम्मान को मापा अथवा सीमित नहीं किया जा सकता है।

GONZALO

Whether this be
Or be not, I'll not swear.

गौन्ज़ालो

यह वास्तविक है या नहीं, मैं यकीन से नहीं कह सकता हूँ।

PROSPERO

You do yet taste
Some subtleties o' the isle, that will not let you
Believe things certain. Welcome, my friends all!

[Aside to SEBASTIAN and ANTONIO]

But you, my brace of lords, were I so minded,
I here could pluck his highness' frown upon you
And justify you traitors: at this time
I will tell no tales.

प्रोस्पेरो

तुम अभी भी इस टापू के कुछ फरेबों को महसूस कर रहे हो जो तुम्हें चीजों पर पूरी तरह विश्वास नहीं करने दे रहे हैं। स्वागत है, मेरे सारे मित्रों!

[एक कोने में सेबैस्टियन और एंटोनियो से]

लेकिन तुम, मेरे सामंतों के जोड़ों, अगर मैं चाहता तो, यहाँ 'हिज हाईनेस' की त्यौरियाँ तुम पर खड़ी हो जाती और तुम दोनों को गद्दार साबित कर देता। इस समय, मैं कोई किस्सा नहीं सुनाऊंगा।

SEBASTIAN

[Aside]

The devil speaks in him.

सेबैस्टियन

[एक कोने में खुद से]

उसके अन्दर से शैतान बोल रहा है।

PROSPERO

No.

(to ANTONIO)
For you, most wicked sir, whom to call brother
Would even infect my mouth, I do forgive
Thy rankest fault; all of them; and require
My dukedom of thee, which perforce, I know,
Thou must restore.

प्रोस्पेरो

नहीं।

(एंटोनियो से)

क्योंकि तुम, अति धूर्त श्रीमान, जिसे भाई कहने भर से मेरा मुंह दूषित हो जाता है, मैं तुम्हारी सबसे घृणित गलती माफ करता हूँ। सब की सब गलतियाँ माफ करता हूँ। और तुमसे, अपना ड्यूकडम मांगता हूँ, जिसे लौटाना, मैं जानता हूँ, तुम्हारी मजबूरी है।

ALONSO

If thou beest Prospero,
Give us particulars of thy preservation;
How thou hast met us here, whom three hours since
Were wreck'd upon this shore; where I have lost--
How sharp the point of this remembrance is!--
My dear son Ferdinand.

एलॉन्ज़ो

अगर आप प्रोस्पेरो हो, तो अपने बचने का ब्यौरेवार वर्णन हमें दें। आपने कैसे हमें यहाँ खोजा, (हम लोग) जो तीन घंटे पहले इस तट पर जहाज टूटने के बाद (भटक रहे) हैं, जहाँ मैंने खोया है—इस स्मृति का स्पर्शबिंदु कितना चुभने वाला है!—अपने प्यारे बेटे फर्डिनैंड को।

PROSPERO

I am woe for't, sir.

प्रोस्पेरो

मुझे इसका अफ़सोस है, श्रीमान।

ALONSO

Irreparable is the loss, and patience
Says it is past her cure.

एलॉन्ज़ो

यह नुकसान अपूर्णनीय है, और सहनशीलता भी कहती है कि इसका इलाज उसके वश में नहीं है।

PROSPERO

I rather think
You have not sought her help, of whose soft grace
For the like loss I have her sovereign aid
And rest myself content.

प्रोस्पेरो

मुझे निश्चय ही लगता है कि आपने उनसे सहायता नहीं माँगी, जिनकी कोमल कृपा से, मुझे इसी तरह के नुकसान में उनकी परम सहायता मिली और मैंने संतुष्ट होकर आराम पाया।

ALONSO

You the like loss!

एलॉन्ज़ो

आपको भी इसी तरह का नुकसान हुआ?

PROSPERO

As great to me as late; and, supportable
To make the dear loss, have I means much weaker
Than you may call to comfort you, for I
Have lost my daughter.

प्रोस्पेरो

मेरे लिए उतना ही बड़ा है, जैसा कि हाल ही में आपको हुआ है। और इस बड़े नुकसान को सहनीय बनाने के लिए मेरे पास आपकी तुलना में बहुत कमजोर साधन हैं, जिन्हें आप खुद को सांत्वना देने के लिए बुला सकते हैं, क्योंकि मैंने अपनी बेटी को खो दिया है।

ALONSO

A daughter?
O heavens, that they were living both in Naples,
The king and queen there! that they were, I wish

Myself were mudded in that oozy bed
Where my son lies. When did you lose your daughter?

एलॉन्ज़ो

बेटी? हे भगवान्, अगर वे दोनों नेपल्स में जिन्दा होते–तो वहाँ राजा और रानी बन कर रह रहे होते! जो वह हो सकते थे। काश मैं उस कीचड़युक्त बिस्तर[228] में लथपथ होता जहाँ मेरा बेटा पड़ा है। आपने अपनी बेटी को कब खोया था?

PROSPERO

In this last tempest. I perceive these lords
At this encounter do so much admire
That they devour their reason and scarce think
Their eyes do offices of truth, their words
Are natural breath: but, howsoe'er you have
Been justled from your senses, know for certain
That I am Prospero and that very duke
Which was thrust forth of Milan, who most strangely
Upon this shore, where you were wreck'd, was landed,
To be the lord on't. No more yet of this;
For 'tis a chronicle of day by day,
Not a relation for a breakfast nor
Befitting this first meeting. Welcome, sir;
This cell's my court: here have I few attendants
And subjects none abroad: pray you, look in.

---

[228] समुद्र के तल के लिए अलंकार

My dukedom since you have given me again,
I will requite you with as good a thing;
At least bring forth a wonder, to content ye
As much as me my dukedom.

प्रोस्पेरो

इस बीते तूफ़ान में। मुझे लगता है ये सामंत इस मुलाक़ात पर इतने ज्यादा चकित हैं कि उन्होंने अपनी बुद्धि खपा दी है और वे मुश्किल से ही सोच सकते हैं कि उनकी आँखें सच दिखा रही हैं, उनकी कानाफूसी स्वाभाविक है—लेकिन जिस भी कारण से आप के होश को धक्का लगा है, निश्चित तौर पर जान लीजिये कि मैं प्रोस्पेरो हूँ और वही ड्यूक हूँ जिसे मिलान से बलपूर्वक बाहर निकाल दिया गया था, जो बहुत ही अद्‌भुत तरीके से इस तट पर (जहाँ आपका जहाज टूटा) उतरकर इस (द्वीप) का स्वामी बन गया। इस बारे में, मैं अभी और नहीं कहूँगा क्योंकि यह कई दिनों में बताया जाने वाला वृत्तांत है, जिसका जिक्र करना नाश्ते पर अथवा इस पहली मुलाक़ात के लिए, उपयुक्त नहीं है। स्वागत है, श्रीमान। यह कोठरी मेरा दरबार है। यहाँ मेरे कुछ खिदमतगार हैं और कहीं भी कोई प्रजा नहीं है। आपसे प्रार्थना है, भीतर देखिये। क्योंकि आपने मुझे मेरा ड्यूकडम लौटा दिया है। मैं आपको समान रूप से कोई अच्छी चीज वापस दूंगा; (या) कम-से-कम एक आश्चर्य सामने लाऊंगा, जो आपको उतनी ही संतुष्टि देगा जितना मेरा ड्यूकडम मुझे देता है।

[Here PROSPERO opens the cell entrance, revealing FERDINAND and MIRANDA playing at chess]

[यहाँ प्रोस्पेरो कोठरी के प्रवेश को खोलता है, और फर्डिनैंड और मिरैंडा को शतरंज खेलते हुए प्रदर्शित करता है।]

MIRANDA

Sweet lord, you play me false.

मिरैंडा

(मेरे) प्रिय लॉर्ड, आप मेरे साथ बेईमानी से खेल रहे हैं।

FERDINAND

No, my dear'st love,
I would not for the world.

फर्डिनैंड

नहीं, मेरी प्रिय प्रियतमा, मैं ऐसा किसी भी कीमत पर नहीं कर सकता हूँ।

MIRANDA

Yes, for a score of kingdoms you should wrangle,
And I would call it, fair play.

मिरैंडा

हाँ, आप चाहे बीस राज्यों के लिए झगड़ लीजिये, लेकिन मैं उसको भी उचित तरीके से खेलना कहूँगी[229]।

ALONSO

If this prove
A vision of the Island, one dear son
Shall I twice lose.

एलॉन्ज़ो

---

[229] मिरैंडा, फर्डिनैंड को इतना चाहती है कि यदि वह बीस राज्यों के लिए भी उससे झगड़े तो भी वह उसे ही सही कहेगी।

अगर यह द्वीप द्वारा दिखाया जाने वाला एक दृश्य साबित होता है, तो एक प्रिय पुत्र को मैं दो बार खो दूंगा।

SEBASTIAN

A most high miracle!

सेबैस्टियन

एक बहुत बड़ा चमत्कार है!

FERDINAND

Though the seas threaten, they are merciful;
I have cursed them without cause.

[Kneels]

फर्डिनैंड

हालाँकि समुद्र डराते हैं, (लेकिन मेरे लिए) वे दयालु हैं। मैंने उन्हें बेवजह बद्दुआ दी।

[घुटने टेकता है]

ALONSO

Now all the blessings
Of a glad father compass thee about!
Arise, and say how thou camest here.

एलॉन्ज़ो

अब एक खुश पिता के सारे आशीर्वाद तुम्हें इर्दगिर्द घेरे रहें! उठो, और बताओ तुम यहाँ कैसे आये।

MIRANDA

O, wonder!
How many goodly creatures are there here!
How beauteous mankind is! O brave new world,
That has such people in't!

मिरैंडा

ओह, आश्चर्य! यहाँ पर कितने अच्छे लोग मौजूद हैं! मानव जाति कितनी खूबसूरत है! ओह, (यह) नयी दुनिया कितनी शानदार है जिसमें ऐसे लोग हैं!

PROSPERO

'Tis new to thee.

प्रोस्पेरो

यह तुम्हारे लिए नया है।

ALONSO

What is this maid with whom thou wast at play?
Your eld'st acquaintance cannot be three hours:
Is she the goddess that hath sever'd us,
And brought us thus together?

एलॉन्ज़ो

यह लड़की कौन है जिसके साथ तुम (शतरंज) खेल रहे थे? तुम्हारी जान–पहचान तीन घंटे से ज्यादा पुरानी नहीं हो सकती है। क्या यह देवी है जिसने हमें जुदा किया और फिर एक साथ मिलाया?

FERDINAND

Sir, she is mortal;
But by immortal Providence she's mine:
I chose her when I could not ask my father
For his advice, nor thought I had one. She
Is daughter to this famous Duke of Milan,
Of whom so often I have heard renown,
But never saw before; of whom I have
Received a second life; and second father
This lady makes him to me.

फर्डिनैंड

श्रीमान, यह मरणशील इंसान है। लेकिन उस अमर परमात्मा की कसम, यह मेरी है। मैंने इसे तब चुना जब मैं अपने पिता से उनकी सलाह नहीं मांग सकता था, और सोचता था कि मेरे पिता (जीवित) नहीं रहे। वह मिलान के इस प्रसिद्ध ड्यूक की बेटी है, जिनकी ख्याति के बारे में मैंने अकसर सुना था, लेकिन पहले कभी देखा नहीं था, जिनकी वजह से मुझे दूसरा जीवन मिला है। और इस भद्र महिला (से विवाह करने) की वजह से एक दूसरा पिता।

ALONSO

I am hers:
But, O, how oddly will it sound that I
Must ask my child forgiveness!

एलॉन्ज़ो

मैं उसका[230] (दूसरा पिता) हूँ। लेकिन, ओह, कितना अजीब लगेगा कि मैं अपने बच्चे से क्षमा करने के लिए कहूँगा[231]!

PROSPERO

There, sir, stop:
Let us not burthen our remembrance with
A heaviness that's gone.

प्रोस्पेरो

यहाँ, श्रीमान, रुक जाइये। हमें अपनी यादों के गुजरे हुए बोझ से खुद को बोझिल नहीं करना चाहिए।

GONZALO

I have inly wept,
Or should have spoke ere this. Look down, you gods,
And on this couple drop a blessed crown!

---

[230] मिरैंडा का

[231] एलॉन्ज़ो, मिरैंडा से अपने बुरे बर्ताव के लिए माफ़ी मांगने की बात कर रहा है।

For it is you that have chalk'd forth the way
Which brought us hither.

गौन्ज़ालो

मैं अन्दर–ही–अन्दर रो रहा था वर्ना मैं पहले इस बारे में बोलता। ऐ देवताओं, नीचे देखो और इस जोड़े के ऊपर *मंगलमय ताज*[232] गिराओ! क्योंकि यह तुम हो जिसने वह रास्ता खींचा है, जो हमें यहाँ लेकर आया।

ALONSO

I say, Amen, Gonzalo!

एलॉन्ज़ो

मैं कहता हूँ, आमीन, गौन्ज़ालो!

GONZALO

Was Milan thrust from Milan, that his issue
Should become kings of Naples? O, rejoice
Beyond a common joy, and set it down
With gold on lasting pillars: In one voyage
Did Claribel her husband find at Tunis,
And Ferdinand, her brother, found a wife
Where he himself was lost, Prospero his dukedom

---

[232] शाब्दिक अर्थ में फर्डिनैंड और मिरैंडा को राज्य का ताज दो; आलंकारिक अर्थ में इस जोड़े को खुशियों का ताज दो।

In a poor isle and all of us ourselves
When no man was his own.

गौन्ज़ालो

क्या मिलान (के ड्यूक) को मिलान से इसलिए निकाला गया था कि उनकी संतान नेपल्स की बादशाहत पाए? ओह, साधारण ख़ुशी से बढ़कर उत्सव मनाओ, और इस बात को चिरस्थाई स्तंभों पर स्वर्ण से लिख दो। एक ही यात्रा में क्लैरेबेल ने टूनस में अपने पति को पाया, और फर्डिनैंड, उसके भाई, ने एक पत्नी को पाया जहाँ वह खुद खो गया था। प्रोस्पेरो ने एक अभागे टापू पर अपने ड्यूकडम और हम सबने खुद को (उस समय) पाया जब हममें से किसी को भी अपनी सुधबुध नहीं थी।

ALONSO

[To FERDINAND and MIRANDA]

Give me your hands:
Let grief and sorrow still embrace his heart
That doth not wish you joy!

एलॉन्ज़ो

[फर्डिनैंड और मिरैंडा से]

मुझे अपने हाथ दो। दुःख और विपत्ति उस दिल को जकड़े रहे जो तुम्हारे लिए खुशियों की कामना न करता हो!

GONZALO

Be it so! Amen!

[Re-enter ARIEL, with the Master and Boatswain amazedly following]

O, look, sir, look, sir! here is more of us:
I prophesied, if a gallows were on land,
This fellow could not drown.

(to BOATSWAIN)

Now, blasphemy,
That swear'st grace o'erboard, not an oath on shore?
Hast thou no mouth by land? What is the news?

गौन्ज़ालो

ऐसा ही हो! आमीन!

[अचंभित होकर अनुसरण करते मास्टर और बोसन के साथ एरिअल का पुनः प्रवेश]

ओह, देखिये, श्रीमान, देखिये, श्रीमान! यहाँ हमारे और लोग हैं। मैंने भविष्यवाणी की थी, कि जब तक इस धरती पर एक भी फांसी का तख़्ता है, यह आदमी डूब नहीं सकता[233]।

---

[233] गौन्ज़ालो, ने नाटकांक 1 के दृश्य 1 में बोसन के लिए कहा है "किसी दिन उसे फांसी पर चढ़ाया जाएगा, भले ही पानी की हर एक बूँद इससे अन्यथा कसम खाए और उसे निगलने के लिए अपना पूरा मुंह खोले।"

(बोसन से)

अब, ईश्वर निंदक, तुमने जहाज पर ईश्वर की इतनी निंदा की, तट पर एक भी अपशब्द नहीं कहोगे? क्या जमीन पर तुम्हारे पास कोई जबान नहीं है? क्या खबर है?

Boatswain

The best news is, that we have safely found
Our king and company; the next, our ship--
Which, but three glasses since, we gave out split--
Is tight and yare and bravely rigg'd as when
We first put out to sea.

बोसन

सबसे अच्छी खबर है, कि हमने अपने राजा और उनकी मंडली को सुरक्षित पा लिया है; अगली यह है, कि हमारा जहाज–जिसे केवल तीन घड़ियों पहले, टूटने के कारण हमने छोड़ दिया था –अब मजबूत और तैयार (स्थिति में) है और इतने अच्छे से सुसज्जित है, जैसे (वह तब था) जब हमने उसे पहली बार समुद्र में उतारा था।

ARIEL

[Aside to PROSPERO]

Sir, all this service
Have I done since I went.

एरिअल

[एक कोने में प्रोस्पेरो से]

श्रीमान, मैं जब से गया था, यह सारा काम मैं ही कर रहा था[234]।

PROSPERO

[Aside to ARIEL]

My tricksy spirit!

प्रोस्पेरो

[एक कोने में एरिअल से]

मेरी चतुर आत्मा!

ALONSO

These are not natural events; they strengthen
From strange to stranger. Say, how came you hither?

एलॉन्ज़ो

यह प्राकृतिक घटनाएँ नहीं हैं। ये विचित्र से और अधिक विचित्र होती जा रही हैं। बोलो, तुम यहाँ कैसे आये थे?

---

[234] आपको छोड़कर जाने के बाद से, जहाज की मरम्मत का सारा काम मैं ही कर रहा था।

Boatswain

If I did think, sir, I were well awake,
I'ld strive to tell you. We were dead of sleep,
And--how we know not--all clapp'd under hatches;
Where but even now with strange and several noises
Of roaring, shrieking, howling, jingling chains,
And more diversity of sounds, all horrible,
We were awaked; straightway, at liberty;
Where we, in all her trim, freshly beheld
Our royal, good and gallant ship, our master
Capering to eye her: on a trice, so please you,
Even in a dream, were we divided from them
And were brought moping hither.

बोसन

अगर मैं सोचता हूँ, श्रीमान, कि मैं पूरी तरह से जागा हुआ था, तो मैं आपको बताने की कोशिश करता हूँ। हम लोग पूरी तरह नींद में सोये हुए थे, और–हम नहीं जानते, कैसे–सभी लोग डेक के नीचे बंद थे, जहाँ[235] अभी भी केवल अजीब और कई तरह की दहाड़ने, चिल्लाने, गुर्राने, जंजीरों के खनखनाने और कई भिन्न–भिन्न आवाजें, जो पूरी तरह से डरावनी थीं, (आ रही थीं उसे सुनकर) हम जाग गए। उसके तुरंत बाद, आजाद होने पर वहां[236] हमने अपने शाही, अच्छे और बढ़िया जहाज को पूरी तरह से दुरुस्त हालत में देखा था। उसे देखकर हमारे मास्टर नाच उठे थे। आपको जानकर ख़ुशी होगी, क्षणभर में, जैसे सपने में होता है, हम *उन लोगों से* [237] अलग हो गए और यहाँ हैरान अवस्था में ला दिए गए।

ARIEL

[Aside to PROSPERO]

Was't well done?

एरिअल

[एक कोने में प्रोस्पेरो से]

क्या यह काम अच्छे से हुआ था?

---

[235] डेक में

[236] किनारे पर

[237] जहाज के बाकी अन्य लोगों से

PROSPERO

[Aside to ARIEL]

Bravely, my diligence. Thou shalt be free.

प्रोस्पेरो

[एक कोने में एरिअल से]

शानदार तरीके से, मेरे कर्मठ सेवक। तुम्हें आजाद कर दिया जाएगा।

ALONSO

This is as strange a maze as e'er men trod
And there is in this business more than nature
Was ever conduct of: some oracle
Must rectify our knowledge.

एलॉन्ज़ो

यह एक (ऐसी) भूलभुलैया जितना ही अजीब है जिसमें आदमियों ने शायद ही कभी कदम रखा हो और इस मामले में उससे ज्यादा (विचित्र) बातें घटित हुयी हैं जितना प्रकृति ने शायद ही कभी की हो; किसी पैगम्बर को हमारी जानकारी को ठीक करना चाहिए[238]।

PROSPERO

Sir, my liege,
Do not infest your mind with beating on

[238] घटित हुयी विचित्र घटनाओं को स्पष्ट करना चाहिए।

The strangeness of this business; at pick'd leisure
Which shall be shortly, single I'll resolve you,
Which to you shall seem probable, of every
These happen'd accidents; till when, be cheerful
And think of each thing well.

[Aside to ARIEL]

Come hither, spirit:
Set Caliban and his companions free;
Untie the spell.

[Exit ARIEL]

How fares my gracious sir?
There are yet missing of your company
Some few odd lads that you remember not.

प्रोस्पेरो

श्रीमान, 'माय लॉर्ड', अपने दिमाग को इस मामले की विचित्रता की चिंता से परेशान मत करिए। मुनासिब फुर्सत के समय पर, जो जल्दी ही आएगा, मैं अकेले में आपको इन होने वाले हर इत्तफाकों के बारे में- जिनकी संभाव्यता पर आपको विश्वास होने लगेगा- समझा दूंगा। तब तक के लिए, खुश रहिये और हर चीज के बारे में अच्छा सोचिये।

[एक कोने में एरिअल से]

इधर आओ, आत्मा। कैलिबैन और उसके साथियों को रिहा कर दो। मन्त्र को उतार दो।

[एरिअल का निकास]

'माय लॉर्ड' को कैसा लग रहा है? अभी भी आपकी मंडली के कुछ बेजोड़ लोग लापता हैं, जिनके बारे में आपको याद नहीं हैं।

[Re-enter ARIEL, driving in CALIBAN, STEPHANO and TRINCULO, in their stolen apparel]

[कैलिबैन, स्टेफेनो और ट्रिन्क्युलो, को उनकी चोरी की हुयी पोशाक में अन्दर लाते हुए, एरिअल का पुनः प्रवेश।]

STEPHANO

Every man shift for all the rest, and
let no man take care for himself; for all is
but fortune. Coragio, bully-monster, coraggio!

स्टेफेनो

हर आदमी बाकी सब लोगों के साथ जाएगा, और कोई अकेले, खुद का जिम्मा नहीं लेगा। क्योंकि सब कुछ सिर्फ किस्मत ही है। हिम्मत दिखाओ, भले-दरिंदे, हिम्मत दिखाओ!

TRINCULO

If these be true spies which I wear in my head,
here's a goodly sight.

ट्रिन्क्युलो

अगर मेरे सिर पर लगी आँखें सही देख रही हैं, तो यहाँ यह एक अच्छा दृश्य है।

CALIBAN

O Setebos, these be brave spirits indeed!
How fine my master is! I am afraid
He will chastise me.

कैलिबैन

ओह सेटबॉस, ये सचमुच भली आत्माएं हैं। मेरे मालिक कितने अच्छे हैं! मुझे डर है कि वह मुझे सजा देंगे।

SEBASTIAN

Ha, ha!
What things are these, my lord Antonio?
Will money buy 'em?

सेबैस्टियन

हा, हा! ये कौन-से जीव हैं, माय लॉर्ड एंटोनियो? क्या धन उन्हें खरीद सकता है?

ANTONIO

Very like; one of them
Is a plain fish, and, no doubt, marketable.

एंटोनियो

सम्भवतः; उनमें से एक साधारण मछली है, और बेशक उसका विक्रय हो सकता है।

PROSPERO

Mark but the badges of these men, my lords,
Then say if they be true. - This mis-shapen knave,
His mother was a witch, and one so strong
That could control the moon, make flows and ebbs,
And deal in her command without her power.
These three have robb'd me; and this demi-devil--
For he's a bastard one--had plotted with them
To take my life. Two of these fellows you
Must know and own; this thing of darkness!
Acknowledge mine.

प्रोस्पेरो

इन लोगों के केवल लक्षण देखिये, मेरे सामंतों, फिर कहिये क्या ये सच्चे हैं। यह भद्दे आकार वाला दुष्ट, इसकी माँ एक जादूगरनी थी, और वह इतनी शक्तिशाली थी कि चाँद पर काबू कर सकती थी, ज्वारभाटे

को चढ़ा और उतार सकती थी और उसकी[239] शक्तिओं के न होते हुए भी उसकी[240] शक्तियों को इस्तेमाल कर सकती थी। इन तीनों ने मुझे लूटा है; और इस आधे-शैतान[241]—क्योंकि यह एक नाजायज पैदाइश है—ने उनके साथ मिलकर मुझे मारने का षड्यंत्र बनाया था। इनमें से दो लोगों को आप जानते हो और इनके स्वामी हो। यह अँधेरे का जीव, मैं स्वीकारता हूँ मेरा है।

CALIBAN

I shall be pinch'd to death.

कैलिबैन

मुझे तड़पा-तड़पाकर मार डाला जाएगा।

ALONSO

Is not this Stephano, my drunken butler?

एलॉन्ज़ो

क्या यह मेरा शराबी खानसामा, स्टेफेनो तो नहीं है?

SEBASTIAN

He is drunk now: where had he wine?

---

[239] चाँद की

[240] चाँद की

[241] कैलिबैन

सेबैस्टियन

उसने अभी पी रखी है। उसे शराब कहाँ से मिली थी?

ALONSO

And Trinculo is reeling ripe: where should they
Find this grand liquor that hath gilded 'em?
How camest thou in this pickle?

एलॉन्ज़ो

और ट्रिन्क्युलो पूरी तरह से पीकर लड़खड़ा रहा है। वे इतनी बढ़िया शराब कहाँ से पा सकते हैं कि उनके चेहरों पर इतनी लालिमा आ जाए? तुम इस खस्ता हाल दशा में कैसे पहुंचे?

TRINCULO

I have been in such a pickle since I
saw you last that, I fear me, will never out of
my bones: I shall not fear fly-blowing.

ट्रिन्क्युलो

मैं ऐसी खस्ता हाल दशा में तब से हूँ, जब मैंने आपको अंतिम बार (डूबते हुए) देखा था। मुझे डर है, मैं अपने इन काँटों से कभी बाहर

नहीं निकल पाऊंगा। (लेकिन) मैं मक्खियों के मुझ पर अंडे देने से नहीं डरूंगा[242]।

SEBASTIAN

Why, how now, Stephano!

सेबैस्टियन

अरे, अब कैसे हो, स्टेफेनो!

STEPHANO

O, touch me not; I am not Stephano, but a cramp.

स्टेफेनो

ओह, मुझे मत छुओ। मैं स्टेफेनो नहीं हूँ—केवल एक ऐंठन से पीड़ित व्यक्ति हूँ[243]।

PROSPERO

You'ld be king o' the isle, sirrah?

प्रोस्पेरो

---

[242] सम्भवतः ट्रिन्क्युलो के शरीर में कांटे गड़े हुए हैं, जिन पर मक्खियाँ बैठ रही हैं और वे उस पर अपने अंडे दे रही हैं, किन्तु ट्रिन्क्युलो ने खूब शराब पी हुयी है इसलिए उसे यह भय नहीं है कि वह सड़ेगा।

[243] ऐंठन की यह पीड़ा बहुत ज्यादा शराब पीने के कारण है या फिर एरिअल द्वारा कीचड़ में डाले जाने के कारण, यह बात स्पष्ट नहीं की गयी है।

तुम तो द्वीप के राजा बनना चाहते थे, सेवक?

STEPHANO

I should have been a sore one then.

स्टेफेनो

तो मैं एक पीड़ित राजा होता।

ALONSO

This is a strange thing as e'er I look'd on.

[Pointing to Caliban]

एलॉन्ज़ो

यह मेरे द्वारा देखी गई सबसे अजीब चीज है।

[कैलिबैन की ओर इशारा करते हुए।]

PROSPERO

He is as disproportion'd in his manners
As in his shape. Go, sirrah, to my cell;
Take with you your companions; as you look
To have my pardon, trim it handsomely.

प्रोस्पेरो

वह अपने व्यवहार में भी उतना ही बेढ़ंगा है जितना वह अपने आकार में है। जाओ, सेवक, मेरी कोठरी में जाओ। अपने साथ अपने साथियों

को ले जाओ। अगर तुम मेरी माफ़ी चाहते हो, तो कोठरी को बहुत अच्छी दशा में रखना।

CALIBAN

Ay, that I will; and I'll be wise hereafter
And seek for grace. What a thrice-double ass
Was I, to take this drunkard for a god
And worship this dull fool!

कैलिबैन

जी, मैं ऐसा ही करूँगा। और इसके बाद मैं समझदार बनूँगा और आपकी कृपा पाने की कोशिश करूँगा। मैं कितना दोगुना–तिगुना गधा था, कि मैंने इस शराबी को भगवान् मान लिया और इस आलसी मूर्ख का सम्मान किया!

PROSPERO

Go to; away!

प्रोस्पेरो

काम पर लग जाओ! जाओ!

ALONSO

Hence, and bestow your luggage where you found it.

एलॉन्ज़ो

जाओ, और अपने सामान को वापस (वहां) रख दो जहाँ से तुमने उसे पाया था।

SEBASTIAN

Or stole it, rather.

सेबैस्टियन

या यूं कहा जाए कि, उसे चुराया था।

[Exeunt CALIBAN, STEPHANO, and TRINCULO]

[कैलिबैन, स्टेफेनो और ट्रिन्क्युलो का निकास]

PROSPERO

Sir, I invite your highness and your train
To my poor cell, where you shall take your rest
For this one night; which, part of it, I'll waste
With such discourse as, I not doubt, shall make it
Go quick away; the story of my life
And the particular accidents gone by
Since I came to this isle: and in the morn
I'll bring you to your ship and so to Naples,
Where I have hope to see the nuptial
Of these our dear-beloved solemnized;
And thence retire me to my Milan, where
Every third thought shall be my grave.

प्रोस्पेरो

श्रीमान, मैं 'योर हाईनेस' और उनके अनुचरों को अपनी तंगहाल कोठरी में आमंत्रित करता हूँ, जहाँ आप इस एक रात के लिए, विश्राम लेंगे। इसका[244] एक भाग मैं ऐसी बातचीत में खर्च करूँगा कि, मुझे कोई संदेह नहीं है, यह बहुत जल्दी बीत जायेगी– (मैं आपको बताऊंगा) अपनी जिंदगी की कहानी के बारे में और उन ख़ास इत्तफाकों के बारे में जो यहाँ इस टापू पर मेरे आने के बाद हुए। और सुबह मैं आपको आपके जहाज पर ले जाऊंगा, और फिर (हम) नेपल्स जाने के लिए रवाना होंगे। मुझे आशा है कि वहाँ मैं हमारे प्यारे बच्चों का विवाह समारोह देख सकूंगा। और वहाँ से मैं अपने मिलान लौट जाऊंगा, जहाँ मेरा हर तीसरा विचार खुद की मौत को लेकर होगा।

ALONSO

I long
To hear the story of your life, which must
Take the ear strangely.

एलॉन्ज़ो

आपकी जिंदगी की दास्तान सुनने की मैं उत्कट इच्छा रखता हूँ, जो सुनने में अद्भुत होगी।

PROSPERO

I'll deliver all;
And promise you calm seas, auspicious gales

---

[244] इस रात का

And sail so expeditious that shall catch
Your royal fleet far off.

[Aside to ARIEL]

My Ariel, chick,
That is thy charge: then to the elements
Be free, and fare thou well!

[to others]

Please you, draw near.

प्रोस्पेरो

मैं सब बताऊँगा, और (साथ ही मैं) आपको शांत समुद्र, मांगलिक हवाओं और इतनी तेज जलयात्रा का वचन देता हूँ, कि आप बहुत दूर जा चुके अपने शाही बेड़े तक पहुँच जायेंगे।

[एक कोने में एरिअल से]

मेरे बच्चे एरिअल, यही तुम्हारी जिम्मेदारी है। उसके बाद तुम आसमान में जाने के लिए आजाद हो, और तुम्हें अलविदा!

[बाकियों से]

आप लोग करीब आ जाइए।

[Exeunt]

[निकास]

EPILOGUE

उपसंहार

SPOKEN BY PROSPERO

Now my charms are all o'erthrown,
And what strength I have's mine own,
Which is most faint: now, 'tis true,
I must be here confined by you,
Or sent to Naples. Let me not,
Since I have my dukedom got
And pardon'd the deceiver, dwell
In this bare island by your spell;
But release me from my bands
With the help of your good hands:
Gentle breath of yours my sails
Must fill, or else my project fails,
Which was to please. Now I want
Spirits to enforce, art to enchant,
And my ending is despair,
Unless I be relieved by prayer,
Which pierces so that it assaults
Mercy itself and frees all faults.
As you from crimes would pardon'd be,
Let your indulgence set me free.

प्रोस्पेरो द्वारा कथित

अब मेरे सारे जादू–मंतर हट गए हैं, और जो मेरी खुद की ताकत है वह बहुत क्षीण हो गयी है: अब, यह स्पष्ट है कि *मुझे यहाँ आपकी कैद में रहना होगा या (आप मुझे) नेपल्स भेज देंगे*[245]। क्योंकि मुझे मेरा ड्यूकडम मिल गया है और धोखा देने वालों को मैंने माफ़ कर दिया है, मुझे अपने जादू से इस निर्जन द्वीप में न पड़ा रहने दें[246], बल्कि अपने भले हाथों की सहायता से[247] मुझे मेरी बंदिश से रिहा करें। आपकी *मृदु साँसों से*[248], मेरे पाल भर जायेंगे[249] वर्ना मेरी योजना असफल है, जो (आपको) ख़ुशी देने की थी। अब (आपको) मन्त्रमुग्ध करने के लिए मुझे आत्माओं की आवश्यकता है, और (इसलिए) मेरा अंत निराशाजनक होगा[250], जब तक कि मुझे ऐसी दुआओं से राहत नहीं दी जाएगी, जो इतनी प्रभावशाली हों कि खुद दया को वश में कर लें और सारी गलतियों से मुक्ति दिलायें। जैसे आप अपने अपराधों के लिए क्षमा चाहते हैं, वैसे ही अपने अनुग्रह से मुझे आजाद कर दीजिये।

[Exit]

[निकास]

---

[245] अर्थात आप दर्शक यदि चाहेंगे तो मैं नाटक में काम करता रहूँगा अन्यथा मुझे नाटक से निकाल दिया जाएगा।

[246] मंच से विदा लेने के लिए दर्शकों से की गयी आलंकारिक अपील।

[247] ताली बजाकर

[248] सराहना के शब्दों से

[249] नाटक की सफलता के बारे में अच्छे कथन सुनकर विदा लेने में आसानी होगी।

[250] अर्थात आपको मन्त्रमुग्ध करने के लिए मेरे पास आत्माएं नहीं हैं और यदि आप (दर्शक) मन्त्रमुग्ध नहीं होंगे तो नाटक और नाटक के किरदार का अंत निराशाजनक होगा।

'तूफ़ान' (The Tempest) प्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपियर (William Shakespeare) की रूहानी रचना है। इस नाटक में, एक राजसी परिवार का समुद्री यात्रा के दौरान एक तूफ़ान से सामना होता है और तूफ़ान के थपेड़ों से टकराकर उनके शाही जहाज के टुकड़े-टुकड़े हो जाते हैं।
इस बात से अंजान होकर कि यह तूफ़ान कोई प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि एक जादूगर की जादुई शक्तियों का नतीजा था, जहाज पर सवार नेपल्स के राजा का बेटा फर्डिनैंड अपने पिता और प्रियजनों के समुद्र में डूबने पर शोकाकुल होकर तट पर बैठा था कि जादूगर प्रोस्पेरो का गुलाम एरिअल, जो एक रूह है, अपने जादुई संगीत से उसे खींचकर मिरैंडा और प्रोस्पेरो के पास ले आता है। जहाँ पहली ही नजर में मिरैंडा और फर्डिनैंड के बीच प्रेम पनपने लगता है।
दूसरी तरफ जहाज के टूटने के बाद नेपल्स का राजा, उसका भाई सेबैस्टियन, राजा का सलाहकार गौन्ज़ालो, और जादूगर प्रोस्पेरो का भाई और मिलान का नया ड्यूक, एंटोनियो भी समुद्र के दूसरे तट पर बचकर पहुँच जाते हैं। नेपल्स का राजा अपने बेटे फर्डिनैंड को तलाशने की नाकाम कोशिश करने के बाद थक-हार कर अपने सलाहकार गौन्ज़ालो के साथ जमीन पर सो जाता है, नेपल्स के राजा को सोता हुआ देखकर एंटोनियो, राजा के भाई सेबैस्टियन को प्रेरित करता है कि वह उसे मारकर नेपल्स का राजा बन जाए। परन्तु प्रोस्पेरो का गुलाम एरिअल, गौन्ज़ालो की नींद भंग कर देता है और नेपल्स के राजा के प्राण बचा लेता है।
इसी दौरान प्रोस्पेरो का सेवक कैलिबैन, प्रोस्पेरो के कठोर आदेशों का पालन करने से तंग आकर नेपल्स के राजा के खानसामा, स्टेफेनो को अपना नया मालिक मान लेता है और स्टेफेनो और विदूषक ट्रिन्क्युलो के साथ मिलकर प्रोस्पेरो को मारने का षड्यंत्र बनाता है।
क्या मिरैंडा और फर्डिनैंड के प्रेम का मिलन हो पाता है? क्या सेबैस्टियन और एंटोनियो को उनके गलत काम का दंड मिल पाता है? क्या कैलिबैन, स्टेफेनो के साथ मिलकर प्रोस्पेरो को मार पाता है? जानने के लिए पढ़ें 'तूफ़ान'।

Copyright © 2024
All Rights Reserved.